✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 122 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 27 सितम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## पंचम नवदुर्गा : माता स्कंदमाता

सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी।।



नवरात्र के पांचवे दिन मां दुर्गा के पांचवे स्वरुप भगवान स्कन्द की माता अर्थात मां स्कंदमाता की उपासना की जाती है। कुमार कार्तिकेय को ही 'भगवान स्कन्द' के नाम से जाना जाता है। स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं जिनमें से माता ने अपने दो हाथों में कमल का फूल पकड़ा हुआ है। उनकी एक भुजा ऊपर की ओर उठी हुई है जिससे वह भक्तों को आशीर्वाद देती हैं तथा एक हाथ से उन्होंने गोद में बैठे अपने पुत्र स्कंद को पकड़ा हुआ है। इसलिए इन्हें स्नेह और ममता की देवी माना जाता है।

### बिहार की महिलाओं के लिए पीएम मोदी एवं सीएम नीतीश ने खोला पिटारा, महिलाओं के खाते में ट्रांसफर किये दस-दस हजार रुपये

# नरेन्द्र और नीतीश आपके दो भाई : पीएम मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में वर्चुअली 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की शुरुआत की। शुक्रवार को 75 लाख महिलाओं के खातों में प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन 10-10 हजार की राशि ट्रांसफर की। 2020 के आंकड़ों के मुताबिक,बिहार में महिला वोटर्स की संख्या करीब 3.39 करोड़ है। इसके अनुसार करीब 22 फीसदी महिला वोटर्स को आज शुरू हुई योजना का फायदा मिलेगा। इस अवसर पर जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि अगर देश ने जन-धन योजना के तहत 30 करोड़ से ज्यादा माताओं-बहनों के खाते न खुलवाए होते तो क्या आज इतने पैसे हम सीधे आपके खाते में भेज पाते। आज जो पैसे भेजे जा रहे हैं, वो पूरे आपके खाते में जमा होंगे। कोई एक पैसा नहीं मार सकता है। पहले योजना का पैसा आप तक पहुंचने से पहले लूट जाता था। एक भाई तब ही खुश होता है जब उसकी बहन स्वस्थ हो, परिवार खुश हो। आज आपके दो भाई नरेंद्र और नीतीश मिलकर बहनों के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि आज हमारी बेटियां बड़ी संख्या में फोर्स-पुलिस में आ रही हैं। आज हमारी बेटियां लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। हमें वो दिन भी नहीं भूलने हैं, जब बिहार में राजद की सरकार थी। अराजक की सबसे ज्यादा मार मेरी बिहार की माताओं ने ही झेली है। उस समय सड़क, पुल-पुलिया का नाम तक नहीं था, इन चीजों से सबसे ज्यादा तकलीफ महिलाओं को ही होती थी। राजद के राज में बिहार में खौफ था। नक्सली आतंक बेहिसाब था। इसका दर्द सबसे ज्यादा महिलाओं को सहना पड़ता था। आज जब नीतीश जी के नेतृत्व में कानून का राज लौटा है तो सबसे ज्यादा राहत महिलाओं ने महसूस की है। आज बेटियां बेखौफ होकर घर से निकलती हैं। ये लिखकर रखिए कि बिहार को अब फिर कभी उस अंधेरे में नहीं जाने देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश और बिहार में लखपति दीदी की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि सरकार ने देश में तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से अब तक एक करोड़ बहनें लखपति दीदी बन चुकी हैं। बिहार की बात करें तो राज्य में 20 लाख से ज्यादा लखपति दीदी बन चुकी हैं। लखपति दीदी योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न तरह की सहायता और समर्थन प्रदान किया जाता है, जैसे कि कौशल विकास, वित्तीय सहायता, और उद्यमिता के अवसर। इसका मकसद महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करना और उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाना है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी ऑनलाइन जुड़े थे। उन्होंने जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में पहले की सरकार ने कोई काम नहीं किया। 24 नवंबर 2005 से जब से एनडीए की सरकार बनी हम काम में लगे हैं। अब बिहार में कानून का राज है। हमने शुरू से महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। नीतीश ने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि ये तो हट गया था 7 साल के बाद तो पत्नी को (शेष पृष्ठ 10 पर)




# नीतीश ने दरभंगा को दी 3463 करोड़ की सौगात

**डॉ. मणिकांत झा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपने प्रगति यात्रा के दौरान मिथिला संस्कृत स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध संस्थान के परिसर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 3463.2 करोड़ रुपये लागत की कुल 97 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर रिमोट के माध्यम से उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इससे विकास को गति मिलेगी। इसमें 96.47 करोड़ रुपये की लागत से कुल 36 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं 3366.73 करोड़ रुपये की लागत की 61 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने मिथिला संस्कृत स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध संस्थान, दरभंगा के परिसर में ही आयोजित संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका सहित अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से कहा कि आप सभी लोग लोग बहुत अच्छा काम कर रही हैं। इसी प्रकार पूरी बुलंदी के साथ काम करते रहिए और आगे बढिये। सरकार हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से कहा कि आप लोग अच्छे से मिल-जुलकर रहें तथा बिहार को आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान दें। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने मिथिला संस्कृत स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध संस्थान के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया। उन्होंने मिथिला संस्कृत स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध संस्थान परिसर के प्रशासनिक भवन में पांडुलिपियों का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही शोध संस्थान को एनएच- 77 से संपर्कता प्रदान करने हेतु प्रशासनिक पथ का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, (शेष पृष्ठ 10 पर)



पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कांग्रेस महासचिव सह सांसद प्रियंका गांधी का स्वागत करते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम

# पूजा के दीये से बैंक अधिकारी के घर में लगी आग, पांच झुलसे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** शहर के काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के माड़ीपुर इलाके में गुरुवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। पूजा के दीपक से घर में आग लग गई। आग की चपेट में आने से बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर सन्नी कुमार गुप्ता (40), उनकी पत्नी डोली कुमारी (37), दोनों बच्चियां जुगनू कुमारी (3) और मान्या कुमारी (7) सहित पिता गणेश प्रसाद (60) बुरी तरह झुलस गए। सभी को गंभीर हालत में एसकेएमसीएच के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया जहां से डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया है। नवरात्र पूजा के बाद परिवार के लोगों ने मुख्य द्वार पर दीपक रखा था। बताया जाता है कि देर रात दीपक से पास में रखा सोफा जल उठा और आग ने धीरे-धीरे विकराल रूप धारण कर लिया। वहीं घायल डोली की बहन ने कहा कि घर में आग कैसे लगी, इसकी पूरी जानकारी परिवार को नहीं मिल पाई है। लेकिन अस्पताल में सही व्यवस्था नहीं होने के कारण परिजन उन्हें पटना पीएमसीएच ले गये हैं।

# सिपाही पद के लिए लिखित परीक्षा का परिणाम जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने शुक्रवार को बिहार पुलिस एवं बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस में सिपाही के 19838 पदों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) के लिए कुल 99,690 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। यह परीक्षा दिसंबर में संभावित है। शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए योग्य पुरुषों की संख्या 62,822, महिलाएं 36,834 और 34 ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी हैं। 867 गृहरक्षक अभ्यर्थी तथा 622 स्वतंत्रता सेनानी के आश्रित भी इसमें शामिल हैं। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि अभ्यर्थी केंद्रीय चयन पर्षद की वेबसाइट पर जाकर परिणाम देख सकते हैं।

# बसपा प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी

## भभुआ से लल्लू पटेल को टिकट मिला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी दलों की तैयारियां तेज हो गई है। एक तरह एनडीए और महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर अभी बैठकें होनी है लेकिन मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) ने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट भी जारी कर दी है। बिहार में कैंडिडेट्स की सूची करने वाली पहली पार्टी भी बन गई है। पार्टी की तरफ से जारी पहली लिस्ट में भभुआ से लल्लू पटेल, मोहनियां (सु) से ओम प्रकाश दीवाना और रामगढ़ से सतीश यादव ऊर्फ पिन्टू यादव को उम्मीदवार घोषित किया है। बीएसपी ने जिन तीन विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया है उसमें तीनों चेहरे अपने-अपने क्षेत्र अलग पहचान रखते हैं। लल्लू पटेल भभुआ जिले से जिला परिषद सदस्य हैं। ओम प्रकाश दीवाना भोजपुरी जगत के प्रसिद्ध गायक हैं, जिन्हें मोहनिया से प्रत्याशी बनाया है। वहीं रामगढ़ सीट से सतीश यादव ऊर्फ पिन्टू यादव को उम्मीदवार बनाया है जो पूर्व राजद विधायक अंबिका यादव के बेटे हैं। बीते साल उपचुनाव में भी बसपा के प्रत्याशी थे। महज 1362 वोटों के अंतर से सतीश यादव बीजेपी प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह से हार गए थे। बता दें मायावती की बीएसपी बिहार चुनाव अकेले दम पर लड़ रही है। बीएसपी चीफ पहले ही इस बात की घोषणा पहले ही कर चुकी हैं। बसपा बिहार में किसी से कोई गठबंधन नहीं करेगी और सभी 243 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। चुनाव को लेकर बसपा ने भी तैयारी तेज कर दी है।

# अमित शाह ने दिया चुनाव जीतने का मंत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेतिया।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने करीब एक घंटे की गुप्त बैठक में भाजपा नेताओं को साफ कर दिया कि सीटों का बंटवारा एनडीए घटक के सभी दलों के नेता आपस में बैठकर तय करेंगे। उन्होंने स्थानीय नेताओं को बूथ को कैसे जीता जाय इसके लिए माइक्रो मैनेजमेंट की जानकारी दी। कुमारबाग स्थित गर्वनमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में सारण एवं चंपारण क्षेत्र के दस सांगठनिक जिलों के चयनित शीर्ष नेताओं के साथ क्षेत्रीय बैठक करते हुए श्री शाह ने बिहार विधानसभा चुनाव में जीत पर चर्चा की। उन्होंने संगठन की ओर से बनाये गये बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को इस माइक्रो मैनेजमेंट के संबंध में सभी को अपने स्तर से जानकारी देने की बात कही। हालांकि बैठक अतिगोपनीय तरिके से हुयी। बताया गया है कि बैठक में भाग ले रहे अधिकांश नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के मोबाइल फोन तक बाहर जमा करा दिये गये थे। लेकिन अंदरखाने से छनकर आयी खबर के मुताबिक अमित शाह ने अगले पचास दिनों में कौन-कौन काम निपटाने है इसका गुर मंत्र दिया। उन्होंने बैठक में साफ कर दिया कि सीटों का बंटवारा सभी दलों के नेता आपस में बैठकर बात करेंगे। उन्होंने एकजुट प्रयास और माइक्रो मैनेजमेंट के सहारे राज्य के 243 सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को गठबंधन के अन्य दलों के नेताओं के साथ मिलकर इस गठबंधन को जीत का सेहरा बंधवाने का मंत्र दिया। श्री शाह ने साफ किया कि 225 का लक्ष्य बड़ा दिखायी दे सकता है लेकिन एकजुट होकर बूथ स्तर तक माइक्रो मैनेजमेंट के सहारे इसे हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। बैठक में भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दूबे, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल, बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिंहा, सांसद राधामोहन सिंह, डा. संजय जायसवाल, राजीव प्रताप रुढ़ी, जनार्दन प्रसाद सिंह सिग्रीवाल, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी, मंत्री कृष्ण कुमार उर्फ मंटू, मंत्री जनक राम, प्रदेश महामंत्री नागेंद्र जी समेत क्षेत्रीय पदाधिकारी मौजूद थे।



# सहकारिता मंत्री ने आइसीडीपी के तहत 8.32 करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने 'समेकित सहकारी विकास परियोजना (आईसीडीपी)' के तहत 8.32 करोड़ रुपये की योजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें 4.59 करोड़ रुपये की 20 योजनाओं का उद्घाटन तथा 3.73 करोड़ रुपये की 18 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मंत्री ने मोतिहारी, औरंगाबाद, बेगूसराय, दरभंगा और बेतिया जिलों से जुड़ी 20 योजनाओं का उद्घाटन किया जिनमें 12 नए गोदाम, 1 राइस मिल, 2 कम्पोजिट यूनिट, 3 वर्मी कम्पोस्ट इकाई और 2 गोदाम की चहारदीवारी का निर्माण शामिल है। इसके साथ ही 18 योजनाओं का शिलान्यास किया गया जिनमें 15 गोदाम, 1 कम्पोजिट यूनिट, 1 फिश हैचरी और औरंगाबाद जिले में केन्द्रीय सहकारी अधिकोष का शाखा भवन निर्माण शामिल है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आईसीडीपी के माध्यम से सहकारी समितियों में आधारभूत संरचना का निर्माण कराया जा रहा है जो किसानों की आर्थिक उन्नति और ग्रामीण विकास का आधार बन रहा है। गोदाम, राइस मिल, फिश हैचरी और वर्मी कम्पोस्ट जैसी इकाइयां किसानों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ रही हैं और उनकी आय दोगुनी करने की दिशा में सहायक साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य सहकारी समितियों को आत्मनिर्भर बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देना है। वर्तमान में आईसीडीपी राज्य के 6 जिलों मोतिहारी, औरंगाबाद, बेगूसराय, दरभंगा, बेतिया और पूर्णिया में 315 करोड़ 51 लाख 17 हजार 300 रुपये की लागत से संचालित है। अब तक 228 करोड़ 97 लाख 94 हजार 694 रुपये खर्च किए जा चुके हैं जो कुल राशि का 72.57 प्रतिशत है। यह परियोजना राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के वित्तीय सहयोग से चलाई जा रही है। वर्ष 2001 से अब तक राज्य के 14 जिलों गोपालगंज, मधुबनी, गया, सीतामढ़ी, आरा, छपरा, सीवान, कैमूर, खगड़िया, शिवहर, नालंदा, वैशाली, जहानाबाद और अररिया में परियोजना पूर्ण हो चुकी है। इस अवसर पर सभी जिलों के जिला सहकारिता पदाधिकारी, महाप्रबंधक, प्रबंध निदेशक, केन्द्रीय सहकारी बैंक, सहायक निबंधक, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, संबंधित पैक्स, व्यापार मंडल और मत्स्यजीवी सहकारी समितियों के प्रतिनिधि ऑनलाइन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निबंधक सहयोग समितियां रजनीश कुमार सिंह, अपर सचिव अभय कुमार सिंह, अपर निबंधक (प्रशासन) रामनरेश पांडेय, संयुक्त निबंधक (अंकेक्षण) कामेश्वर ठाकुर, शम्भुसेन कुमार सहित सहकारिता विभाग के अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए।

# बिहार में महिलाओं को सम्मान नहीं, सिर्फ वोट के लिए हुई घोषणाएं : प्रियंका गांधी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने जदयू-भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि बिहार में महिलाओं को न तो सम्मान मिल रहा है, न सुरक्षा और न ही उनके अथक परिश्रम का उचित पारिश्रमिक। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले दस हजार रुपये देने की घोषणा सिर्फ वोट हासिल करने की कोशिश है, न कि महिलाओं के अधिकारों के प्रति कोई सम्मान। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी शुक्रवार को पटना के सदाकत आश्रम में आशा, आंगनबाड़ी, जीविका और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुन रही थीं। महिला संवाद कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं की समस्याओं को सुनने के बाद प्रियंका गांधी ने कहा कि 20 सालों से सत्ता में शासन कर रही जदयू-भाजपा सरकार ने महिलाओं को सम्मान नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी, आशा, जीविका कार्यकर्ता और अन्य व्यवसायों से जुड़ी महिलाएं दिन-रात मेहनत करती हैं, लेकिन उन्हें सम्मान और उचित मानदेय नहीं मिलता। महिलाएं 24 घंटे काम करने के लिए तैयार रहती हैं, आधी रात को डिलीवरी कराने जाती हैं, कोविड के दौरान छोटे बच्चों को साथ लेकर काम किया, फिर भी उन्हें सम्मानजनक वेतन नहीं मिलता। अपने जोरदार भाषण में कांग्रेस महासचिव ने कहा कि चुनाव आ रहा है, इसलिए जदयू-भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को अचानक दस हजार रुपये दिए, जा रहे हैं, लेकिन यह हर महीने वाला मानदेय नहीं है। उन्होंने पूछा कि 20 साल से सत्तारूढ़ जदयू-भाजपा सरकार ने अब तक महिलाओं को ये पैसे क्यों नहीं दिए।

# ऑटो और ई-रिक्शा पर अब बारकोड लगाना अनिवार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना जिले में ऑटो और ई-रिक्शा से सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पटना कमिश्नरी ने एक महत्वपूर्ण फैसला किया है। जिले में परमिट प्राप्त ऑटो और ई-रिक्शा पर अब बारकोड लगाना अनिवार्य होगा। इस बारकोड में वाहन और चालक की पूरी जानकारी दर्ज होगी जिसे यात्री स्कैन करके देख सकेंगे। साथ ही प्रवर्तन टीम को भी ऑटो और चालकों से संबंधित सारी जानकारी आसानी से मिल जाएगी। यदि कोई चालक बिना बारकोड के वाहन चलाते पकड़ा जाएगा तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। विभाग जल्द ही नए परमिट के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। इसके लिए एक पोर्टल विकसित किया जा रहा है जिसके माध्यम से वाहन स्वामी जोनवार आवेदन कर सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया की पूरी जानकारी आवेदकों को समाचार पत्रों के माध्यम से दी जाएगी। प्रत्येक वाहन स्वामी एक जोन के अंदर अधिकतम तीन रूटों के परमिट के लिए आवेदन कर सकेंगे, लेकिन परमिट केवल एक रूट के लिए जारी होगा। हालांकि कुछ निर्धारित शर्तों के साथ आपात स्तिथि या सीएनजी-पेट्रोल लेने के लिए अन्य रूट में वाहन चलाने की छूट दी जाएगी। ऑटो और ई-रिक्शा के परिचालन को व्यवस्थित करने के लिए विभाग नए रूट तैयार कर रहा है। हाल ही में जाम की समस्या को कम करने के लिए शहर को तीन जोन- पीला, ब्लू और हरा में बांटा गया है। इसके अलावा रिजर्व ऑटो और ई-रिक्शा के लिए एक अलग जोन भी बनाया जाएगा।

# दुर्गा स्वरोत्सव शुरू, राज्यपाल ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** राजधानी पटना स्थित श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में शुक्रवार से तीन दिवसीय दुर्गा स्वरोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। स्पिक मैके, श्रीम एजुकेशनल ट्रस्ट, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, श्रीकृष्ण स्मारक समिति, आयुक्त कार्यालय (पटना प्रमंडल) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सांगीतिक उत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, सांसद रविशंकर प्रसाद, समाज कल्याण विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सचिव प्रणव कुमार, पटना आयुक्त डॉ. चंद्रशेखर सिंह, स्पिक मैके की पूर्व अध्यक्ष डॉ. माया शंकर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर स्पिक मैके के संयोजक मनीष सिंह ठाकुर, श्रीम एजुकेशनल ट्रस्ट के सदस्य अनूप श्रीवास्तव, प्रतिमा कुमार व बिहार भाजपा कला संस्कृति प्रकोष्ठ के संयोजक वरुण कुमार सिंह उपस्थित हुए। उद्घाटन अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य केवल कला का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा की आत्मा हैं। इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने और हमारी समृद्ध विरासत को संरक्षित करने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि पटना जैसे ऐतिहासिक शहर में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कला और संस्कृति को नई ऊर्जा प्रदान करता है। इस मौके पर प्रख्यात शास्त्रीय गायक पद्मश्री पंडित उल्लास काशलकर ने राग यमन और गौर मल्हार पर शानदार प्रस्तुति दी जबकि पद्मभूषम पंडित विश्वमोहन भट्ट ने भी अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दोनों गायकों की प्रस्तुति ने सभागार में मौजूद संगीत प्रेमियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई और माधुर्य का अनूठा अनुभव कराया। कार्यक्रम में पंडित उल्लास काशलकर का साथ दिया तबला पर पद्मश्री पंडित सुरेश तलवालकर ने जबकि हॉर्मोनियम पर पंडित विनय मिश्रा ने। वहीं पंडित विश्वमोहन भट्ट का तबला पर साथ दिया पंडित राम कुमार मिश्रा ने। स्पिक मैके के संयोजक मनीष सिंह ठाकुर ने कहा कि अगले दो दिनों तक शास्त्रीय संगीत और नृत्य की अनूठी प्रस्तुतियों की श्रृंखला जारी रहेगी।

# सुल्तानगंज-कटोरिया रेल लाइन का काम होगा शुरू, शिव भक्तों को होगी सुविधा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय रेल ने बिहार के सुल्तानगंज-कटोरिया रेल लाइन का काम चालू करने का फैसला लिया है। इससे भागलपुर और देवघर सहित पूरे देश के शिव भक्तों को रेलगाड़ी के माध्यम से सफर करने में आसानी होगी। इस परियोजना की कुल लंबाई 74.8 किलोमीटर है और यह असरगंज, तारापुर और बेलहर के रास्ते में पड़ती है। इस प्रस्तावित रेल खंड में सुल्तानगंज और कटोरिया के साथ-साथ असरगंज, तारापुर, बेलहर, श्रीनगर और सूइयाबथान में ठहराव दिया गया है। कटोरिया एक जंक्शन स्टेशन बनेगा, अभी कटोरिया स्टेशन बांका-जसीडीह रेल लाइन पर पड़ता है। परियोजना के पूरा हो जाने पर प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालुओं को जल लेकर देवघर तक जाने में आसानी होगी। पूरी परियोजना पर नवीनतम अनुमानों के मुताबिक लगभग 1261 करोड़ रुपये की लागत आएगी। अभी सुल्तानगंज से देवघर की दूरी वाया भागलपुर, बांका, कटोरिया लगभग 131 किलोमीटर है जो नई लाइन के बन जाने के बाद घटकर लगभग 101 किलोमीटर हो जाएगी जिससे सुल्तानगंज और देवघर के बीच कनेक्टिविटी और भी बेहतर होगी।

# पटना में चार दिवसीय दशहरा महोत्सव का भव्य आगाज, प्रमंडलीय आयुक्त ने किया उद्घाटन

## लोक गायिका नीतू नवगीत के देवी स्तुति गीतों ने बांधा समां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राजधानी पटना में सांस्कृतिक उत्सवों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में चार दिवसीय दशहरा महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। इस अवसर पर प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने देवी दुर्गा की स्तुति में प्रस्तुत किए गए गीतों से पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पटना के प्रमंडलीय आयुक्त डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दशहरा महोत्सव केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं के संवाहक के रूप में समाज को जोड़ने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को भारतीय लोक संगीत, नृत्य और कला से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र–'अयि गिरि नन्दिनी नंदित मेदिनी' से हुई जिसने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इसके बाद नीतू नवगीत ने गंगा मैया के गीत और लोक परंपराओं से जुड़े 'पटना से बैदा बुलायी द हो', 'नजरा गइनीं गुइयां' जैसे गीत प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति पर दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट से झूम उठे। लोकप्रिय गीत पनियां के जहाज से पलटनियां बनी अईहैं पिया ने कार्यक्रम को विशेष ऊंचाई दी और पूरे हॉल में उत्सव का माहौल बना दिया। वरिष्ठ गायक आलोक राज ने अपनी सुरीली आवाज में कई गजलों की शानदार प्रस्तुति दी जिन पर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। उनकी गायकी ने महोत्सव के पहले दिन को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम में नालंदा संगीत कला विकास संस्थान, सवेरा कला केंद्र, श्रीराम कला वाटिका तथा अंकित पल्लव और उनके ग्रुप द्वारा बिहार की लोक नृत्य शैलियों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। पारंपरिक परिधानों और सजीव मंचन ने उपस्थित दर्शकों को बिहार की सांस्कृतिक धरोहर से रूबरू कराया। पहले दिन के समापन पर प्रमंडलीय आयुक्त डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इसमें लोक गायिका नीतू नवगीत और गायक आलोक राज के साथ अन्य लोक कलाकार शामिल रहे। महोत्सव के अगले तीन दिनों में देशभर से आने वाले कलाकार लोकगीत, नृत्य, शास्त्रीय संगीत और नाटक की प्रस्तुतियां देंगे। आयोजकों का कहना है कि यह महोत्सव पटना की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊर्जा देने का कार्य करेगा।

### डॉ. दिलीप जायसवाल, सम्राट चौधरी और विनोद तावड़े ने प्रचार रथ को भाजपा ध्वज दिखाकर किया रवाना

# डबल इंजन की सरकार में विकास को गति मिली : जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और बिहार प्रभारी विनोद तावड़े के साथ संयुक्त रूप से भाजपा ध्वज दिखाकर भाजपा का एलईडी प्रचार रथ यहां से रवाना किया। आज से यह रथ सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर डबल इंजन की सरकार में बिहार के विकास की गाथा लोगों को बताएगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने इन रथों को रवाना करते हुए कहा कि बिहार अब विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ चुका है। डबल इंजन की सरकार में आधारभूत संरचना का क्षेत्र हो या शिक्षा और स्वास्थ्य, सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ा है। लोगों को नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में महिला सशक्तिकरण के लिए नीतीश सरकार ने जो काम किए हैं, वह अभूतपूर्व है। बिहार सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनाने में एक लंबी लकीर खींची है। इस मौके पर भाजपा ने कैंपेन सॉन्ग 'रफ्तार पकड़ चुका है बिहार' भी जारी किया गया। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल सहित अन्य लोगों ने बैठकर इस कैम्पेन सांग को देखा। करीब तीन मिनट 17 सेकेंड के इस कैम्पेन सांग के जरिए बताया गया कि बिहार कैसे विकास के क्षेत्र में रफ्तार पकड़ चुका है। गाने के जरिए जहां एक बार फिर से एनडीए सरकार बनाने की अपील की गई है, वहीं जंगलराज की भी याद दिलाई गई है।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी का ग्यारहवां वार्षिकोत्सव आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी का ग्यारहवां वार्षिकोत्सव शनिवार, 27 सितम्बर को अपराह्न 4 बजे से सोसाइटी परिसर, रोड नं. 7, राजेन्द्रनगर में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन नन्द किशोर यादव, अध्यक्ष, बिहार विधान सभा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री डॉ. आर.एन. सिंह, पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद एवं वरिष्ठ समाजसेवी एल.एन. पोद्दार उपस्थित रहेंगे। सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल, अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, निवर्तमान अध्यक्ष रमेश गुप्ता, सचिव दिनेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुजीत सिंघानिया, प्रायोजक प्रशांत बंका एवं संयोजक गोपाल मोदी कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मानवता की सेवा को समर्पित मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी चिकित्सा जगत में आज पटना का एक प्रतिष्ठित नाम बन चुकी है। मात्र 11 वर्षों में ही सोसाइटी ने न्यूनतम शुल्क में उच्चतम चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराकर एक मिसाल कायम की है। वर्तमान में सोसाइटी परिसर में लगभग 38 विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता रखता है बिहार : विजय प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विद्यापीठ-देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय और ए.आई.सी. बी. वी. फाउंडेशन, पटना के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा का पुनर्कल्पनाः भारतीय ज्ञान प्रणाली का राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ एकीकरण विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत हुई। उद्घाटन समारोह देशरत्न सभागार में आयोजित हुआ जिसमें ईआरसी-एनसीटीई के अध्यक्ष डॉ. दिव्यज्योति महंता, एलएनएमयू की पूर्व प्रति-कुलपति डॉ. डॉली सिन्हा, बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष और पूर्व वरिष्ठ आईएएस विजय प्रकाश, शिक्षा विभाग के अपर सचिव श्यामानन्द चौधरी तथा शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय की निदेशक डॉ. मृदुला प्रकाश विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस संगोष्ठी में भारत सहित ब्रिटेन, अमेरिका, अबूधाबी, सऊदी अरब और लीबिया से विद्वानों, शिक्षकों और नीति निर्माताओं ने भाग लिया। पहले दिन कुल 14 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए जिनमें मानसिक स्वास्थ्य, योग मनोविज्ञान, माइंडफुलनेस, प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पारंपरिक पारिस्थितिकी ज्ञान और स्थिरता जैसे विषयों पर गहन विमर्श हुआ। पैनल चर्चा में डॉ. एस. ए. मोईन, डॉ. फैज अहमद, डॉ. चंदन श्रीवास्तव, डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, डॉ. स्नेहाशीष दास और डॉ. संजय कुमार समेत कई शिक्षाविदों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजय प्रकाश ने कहा कि बिहार नालंदा और विक्रमशिला जैसी प्राचीन विश्वविद्यालयों की गौरवशाली परंपरा का धनी रहा है और आज भी यह शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता रखता है। डॉ. महंता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की निर्माण प्रक्रिया और उससे जुड़े भविष्यगत संभावनाओं पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी का समापन 27 सितम्बर को होगा। आयोजकों का कहना है कि यह विमर्श शिक्षा की पुनर्कल्पना और भारतीय ज्ञान प्रणाली के समावेशन की ठोस दिशा तय करने में मील का पत्थर साबित होगा।

# इनरव्हील क्लब पाटलिपुत्रा ने किया डांडिया नाइट का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इनरव्हील क्लब पाटलिपुत्रा ने नवरात्रि के उपलक्ष्य में संस्कृति अकैडमी के बच्चों के साथ रंगारंग डांडिया नाइट का आयोजन किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर डांडिया की थाप पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं के साथ विद्यालय की छात्राओं ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय की प्राचार्या नमिता शरण ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन न केवल हमारी परंपराओं और धरोहर को सहेजते हैं, बल्कि बच्चों के आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अनुग्रह वाटिका पर 'स्वच्छोत्सव'चला कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, ए. एन. कॉलेज, पटना के द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अनुग्रह वाटिका और विज्ञान भवन मार्ग पर 'स्वच्छोत्सव' कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवक एवं विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता हेतु श्रमदान किया। यह स्वच्छता कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 (गांधी जयंती) तक चलेगा। इस स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्या प्रो रेखा रानी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ नवीन कुमार एवं डॉ शिरीन मशरूर, डॉ तृप्ति गंगवार, डॉ अभिषेक दत्ता, प्रो सुजीत दुबे (एन.एस.एस. समन्वयक, पाटलिपुत्र वि.), प्रो रवीन्द्र सिंह (छपरा वि.वि.), प्रो अशोक सिंह, प्रो सुभाष सिंह, डॉ ज्योतिष, डॉ संजीत कुमार, डॉ लव कुमार, डॉ नवनीत कुमार, डॉ मनु कु. सिंह, डॉ संजय सिंह, डॉ प्रशांत भास्कर, डॉ मनोज कुमार, डॉ संजय कुमार, डॉ मंटू सिंह, डॉ श्वेता, डॉ शत्रुघ्न, डॉ मृणालिनी, डॉ प्रेरणा पुष्प, डॉ कुमकुम रानी। इसके अतिरिक्त स्वच्छता अभियान में विभिन्न विभागों के शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण की सहभागिता रही।

# पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय हाजीपुर में राजभाषा पखवारा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक की अध्यक्षता में राजभाषा पखवाड़ा का पुरस्कार वितरण समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने राजभाषा विभाग को कार्यक्रम की बधाई देते हुए सभी पुरस्कार विजेताओं को भी हिंदी में प्रशंसनीय कार्य करने के लिए बधाई दी और राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को और गति प्रदान करने के लिए हमेशा सचेष्ट रहने को कहा। उन्होंने भारत सरकार की राजभाषा नीति का कार्यान्वयन शत-प्रतिशत करने को कहा।

# जेडी वीमेंस कॉलेज में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा शहर के जेडी विमेंस कॉलेज में स्वच्छता टॉक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम का संचालन एवं लोकगीतों की प्रस्तुति नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम की संकल्पना कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. मीरा कुमार ने तैयार की और कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. हिना रानी और डॉ. मंजरी नाथ तथा तान्या शर्मा ने उसे संपादित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वच्छता टॉक में कॉलेज की छात्राओं ने स्वच्छता के लिए जन भागीदारी बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि जब तक हर व्यक्ति स्वच्छता के प्रति जागरूक नहीं रहेगा, शहर को स्वच्छ बनाना मुश्किल रहेगा। विश्व का जो भी शहर स्वच्छ और सुंदर हुआ है, उसमें हर जन की भागीदारी रही है। इस अवसर पर सभी ने संकल्प लिया कि अपने शहर और देश की स्वच्छता के प्रति समर्पित भाव से काम करेंगे और इधर-उधर कूड़ा-कचरा नहीं फैलाएंगे। पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा दैनिक आधार पर काम किया जाता है और प्रतिदिन सैंकड़ों कर्मचारी और गाड़ियां कूड़े को इकट्ठा करने के लिए घर-घर जाती हैं। उन्होंने कई स्वच्छता गीतों की प्रस्तुति करते हुए छात्राओं से अपील की कि स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रखें।

# महिलाओं की भलाई के लिए नीतीश सरकार के फैसले सराहनीय : डॉ. निर्मल कुशवाहा

**❑ बिहार की 75 लाख महिलाओं को दस-दस हजार रुपये मिले ❑ हर परिवार की एक महिला को मिलेगा लाभ : संजय**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** जदयू के वरिष्ठ नेता और औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रभारी, सासाराम विधानसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी डॉ. निर्मल कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार द्वारा लिए गए कल्याणकारी फैसलों की जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और जन कल्याण के प्रति बिहार सरकार की प्रतिबद्धता एक बार फिर साबित हो गई है। डाक्टर निर्मल कुशवाहा ने सासाराम विधानसभा क्षेत्र के तिलौथू के सरैया ग्राम में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पर सरैया ग्राम में सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति में पहुंचे थे। उन्होंने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि सूबे की सरकार द्वारा मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत प्रत्येक परिवार की एक पात्र महिला को स्वरोजगार मुहैया कराने के लिए 10 हजार रुपये की सहायता राशि मुहैया कराई जो योजना की विधिवत शुरुआत 26 सितंबर को हुई है। इस योजना का लक्ष्य महिलाओं को रोजगार एवं उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता पर केन्द्रित इस योजना के माध्यम से राज्य एवं देश के आर्थिक विकास को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह राशि महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने, छोटे-मोटे व्यवसाय स्थापित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। यह महिला सशक्तीकरण की नई उड़ान है। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को रोजगार शुरु करने के लिये आर्थिक सहायता दिये जाने की योजना। हर समुदाय व हर वर्ग के परिवारों की महिलायें इसका लाभ ले सकती हैं। इस ऐतिहासिक अवसर को उत्सव के तौर पर मनाने एवं जन-जन तक इसकी जानकारी पहुंचाने के साथ ही महिला समूहों एवं सामुदायिक संगठनों को जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जमकर तारीफ किया। जदयू सासाराम विधानसभा प्रभारी संजय चन्द्रवंशी ने बताया कि रोहतासा में 2 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हुईं हैं। मौके पर जदयू नेता, डॉ कादरी संतोष कुशवाहा - कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष, सुरेंद्र राम- प्रखंड अध्यक्ष तिलौथू, पिंटू बारी- पंचायत सचिव संतोष शुक्ला, शादीदा खातून- आंगन बाड़ी सेविका, रिजवाना खातून सचिव जीविका, आरती देवी, पूनम देवी, अंजुम, रिंकी देवी प्रखंड अध्यक्ष सहित काफी संख्या में महिलाएं व जदयू नेता उपस्थित थे।

## घर से भाग कर आई लड़की को आरपीएफ ने सुरक्षित उसके मां-बाप को किया सुपुर्द



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन में कैंपिंग ड्यूटी में तैनात अधिकारी सहायक उप निरीक्षक उपेन्द्र कुमार साथ स्टाफ को गश्त व चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म संख्या 03 के पूर्वी छोर पर स्थित यात्री शेड में एक लड़की गुमशुदा अवस्था में बैठी मिली। संदेह के आधार पर पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि मेरे भाई के द्वारा मुझे डांट फटकार किया गया इसलिए मैं अपने घर से भाग कर स्टेशन आ गई हूं। किसी गाड़ी से दिल्ली जाऊंगी एवं अपना नाम काल्पनिक नीता कुमारी उम्र 18 वर्ष ग्राम + थाना जम्होर, जिला-औरंगाबाद बिहार बताई। बाद में लड़की को जीआरपी के अधिकारी व स्टाफ के सहयोग से सुरक्षित अनुग्रह नारायण रोड आरपीएफ आउट पोस्ट पर लाकर महिला यात्री के संरक्षण में रखा गया। लड़की के द्वारा बताए गए मोबाइल नंबर पर उनके पिताजी को सूचित किया गया। सूचना पर उक्त लड़की के पिता एवं भाई नवलेश कुमार उपरोक्त अपना आधार कार्ड लेकर उपस्थित हुए जिसे लड़की ने दोनों को अपने पिता एवं भाई के रूप में पहचान की। बाद में उचित पहचान व सत्यापन उपरांत सुपुर्दगीनामा बनाकर समझा बूझाकर सही सलामत उक्त लड़की को उनके परिजन को फोटोग्राफी करते हुए सुपुर्द किया गया।

## तीन वर्षों से एक ही अनुमंडल क्षेत्र में जमे पुलिसकर्मियों का करें स्थानांतरण : डीआइजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के चारों जिलों के एक ही अनुमंडल क्षेत्र में तीन वर्षो से जमे पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को दूसरे अनुमंडल क्षेत्र में स्थानांतरण करने के निर्देश चारों जिलों के एसपी को दिया गया है। डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश के अनुसार विधानसभा चुनाव को ले चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार चारों जिलों रोहतास, भोजपुर, बक्सर व कैमूर के एक ही अनुमंडल में तीन वर्ष पूर्ण कर चुके सिपाही से ले पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारियों का दूसरे अनुमंडल में पदस्थापित आगामी 30 सितंबर तक करने निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा है कि सभी एसपी को इस आशय का प्रमाणपत्र भी देने को कहा गया है कि 22 सितंबर 2025 की परिधि में आने वाले सभी पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है।

## टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के तार बंगला से एसटीएफ व जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने लूट व डकैती कांड के टॉप टेन में शामिल अपराधी अमरेश दुबे को गुरुवार देर शाम गिरफ्तार किया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार डिहरी मुफ्फसिल थाना के दुर्गापुर निवासी अमरेश नोखा थाना क्षेत्र में तीन लूट व डकैती कांड में आरोपित था। घटना के बाद छतीसगढ़ में रह रहा था। हाल ही अपने गांव आया था। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास का पता कर रही है। गिरफ्तार आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

## बिहार विधानसभा की सभी सीटों पर शंकराचार्य लड़ाएंगे निर्दल गौ भक्त प्रत्याशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** आरएसके पब्लिक स्कूल में जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी जी का आगमन हुआ। विद्यालय में निदेशक आनंद सिंह ने उसका भव्य स्वागत किया। 25 से 26 सितंबर तक विद्यालय प्रांगण में रहकर स्वामी जी का सभी लोगों ने आशीर्वचन प्राप्त किया। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने बिहार में सनातनी राजनीति का किया शंखनाद। निकालीं गौ मतदाता संकल्प यात्रा। बिहार में सभी विधानसभा क्षेत्रों लड़ाएंगे प्रत्याशी। गौ भक्त लड़ेंगे विधानसभा चुनाव। शंकराचार्य गौ भक्तों का करेंगे चुनाव प्रचार। सनातनी हिन्दुओं से करेंगे गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कराने के लिए गौ भक्तों के लिए मतदान की अपील। एक सभा को संबोधित करते हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज जी ने कहा कि 'सनातन धर्म की रक्षा तभी संभव है जब हम गौ माता का संरक्षण करेंगे। गौ रक्षा हमारी आस्था का विषय ही नहीं, बल्कि यह हमारे समाज और संस्कृति की भी आधारशिला है।' उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में केवल उन्हीं प्रत्याशियों को वोट दें जो गौ रक्षा को लेकर स्पष्ट और दृढ़ संकल्पित हों। शंकराचार्य जी ने बताया कि हम सभी राष्ट्रीय पार्टी के दिल्ली कार्यालय पर गये और पूछा कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए अपना पक्ष लोक सभा सदन में रखिए और अपने पक्ष को हमें बताइए, लेकिन अभी किसी भी राजनीतिक दल ने अभी तक अपना पक्ष गौ माता के विषय में नहीं बताया। इसलिए अब मजबूरी में हमें बिहार विधानसभा चुनाव में गौ भक्त प्रत्याशी उतारना पड़ रहा है शंकराचार्य जी ने यह भी घोषणा की कि वह आगामी विधानसभा चुनावों में सभी विधानसभा क्षेत्रों से अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। भक्तों ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज जी के संदेश को श्रद्धा और उत्साह के साथ आत्मसात किया। उक्त जानकारी शंकराचार्य जी महाराज के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार ने दी है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह, उपनिदेशक रंजन कुमार सिंह, प्रधानाचार्य राज नारायण सिंह, उप प्रधानाचार्य रवि शंकर श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या प्रेमलता शर्मा, बादल गुरु, अखिलेश कुमार सिंह तथा समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दिन-रात एक करके इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर शंकराचार्य प्रतिनिधि स्वामी प्रत्यकचैतन्य मुकुंदानंद गिरी महाराज बद्रिकाश्र हिमालय प्रभारी दंडी स्वामी निधिर्वय सागर महाराज दंडी स्वामी अप्रमेय शिवसाक्षात कृता नंद गिरी महाराज ब्रह्मचारी शंकर स्वरूप, ब्रह्मचारी सर्व भूतात्मानंद, ब्रह्मचारी अखिलेश कृष्ण, ब्रह्मचारी प्रभु प्रभुतानंद, ब्रह्मचारी भावा नंद, ब्रह्मचारी ईश्वरानंद, ब्रह्मचारी साधु सर्वशरण देवेंद्र पांडे (गोप जी) शैलेन्द्र योगी, सक्षम योगी सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग तथा महिलाएं पुरुष उपस्थित थे।

## जन सुराज को छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए डॉ शैलेश कुमार सागर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** जन सुराज पार्टी को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए डॉ शैलेश कुमार सागर। विदित हो कि डॉक्टर शैलेश कुमार सागर रोहतास जिले के निवासी हैं और जन सुराज पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य थे। उन्होंने जन सुराज पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देकर आज कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर ली। इनके जन सुराज पार्टी छोड़ देने से बिहार में जन सुराज पार्टी को बड़ा झटका लगा है। आपको बताते चलें कि डॉक्टर शैलेश कुमार सागर प्रशांत किशोर के काफी करीबी नेताओं में से एक थे। कांग्रेस पार्टी कार्यालय पटना में कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार राम कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव सह बिहार प्रदेश प्रभारी कृष्णा अलावरु के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यहां दलितों का कोई सम्मान नहीं है इस दल में सारे उच्च पदों पर एक विशेष जाति वर्ग के लोगों का कब्जा है जैसे बिहार के और पार्टियों ने दलितों को सिर्फ ठगने का काम किया है वही काम यहां भी हो रहा है ये वही प्रशांत किशोर हैं जिन्होंने कभी भाजपा के लिए काम किया और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए काम किया जब नरेंद्र मोदी के सारे वादे चुनावी जुमले निकले तो क्या प्रशांत किशोर बिहार बदलाव के नाम पर युवाओं को गुमराह नहीं कर रहे हैं इनका मकसद सिर्फ और सिर्फ बिहार के नौजवानों को गुमराह करना नौकरी का झांसा देना दलित पिछड़ा अति पिछड़ा अल्पसंख्यक समाज को धोखा देना है यहां टिकट देने के नाम पर लोगों को जोड़ा जा रहा है। डॉक्टर शैलेश ने कहा कि अब बिहार में रजवार राजवंशी राजभर समाज कांग्रेस पार्टी के साथ है। साथ में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राहुल राजभर, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम नवल किसान कांग्रेस विजय पांडे, मनीष कुमार, धीरज यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## रोहतास के संजीव कुमार ने राज्यव्यापी दिव्यांग खेल प्रतियोगिता में रचा इतिहास



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी/तिलौथू।** प्रखंड क्षेत्र के पिपरा महाराजगंज निवासी संजीव कुमार ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से रोहतास जिला का नाम रोशन किया है। पटना में आयोजित राज्यव्यापी दिव्यांग खेल प्रतियोगिता एवं बिहार स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में संजीव ने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा लॉन्ग जंप में रजत पदक हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया। संजीव कुमार के पिता मदन सिंह किसान हैं और माता निर्मला देवी गृहणी। दो भाइयों में बड़े संजीव (60% दिव्यांगता) ने कठिन परिस्थितियों और सीमित साधनों के बावजूद अपनी प्रतिभा से यह मुकाम हासिल किया है। इनके छोटे भाई का नाम उत्कर्ष कुमार तथा बहन का नाम परमेश्वरी कुमारी है जो पॉलिटेक्निक की छात्रा हैं। बिना कोच और खेल मैदान की सुविधा के बावजूद संजीव ने अथक परिश्रम और आत्मविश्वास से अपनी पहचान बनाई है। उनके पास उचित स्पोर्ट्स शू तक नहीं हैं, फिर भी मैदान पर कई खिलाड़ियों को पछाड़ चुके हैं। कृषि कार्यों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ संजीव खेल में भी दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। मैट्रिक व इंटर की पढ़ाई पूरी करने के बाद खेलों में करियर बनाने की ठानी और आज संजीव दौड़, लंबी कूद व क्रिकेट में अपनी विशेष पहचान बना चुके हैं। अब वे भारत स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे हैं। संजीव की इस उपलब्धि पर समाजसेवी सत्यानंद कुमार ने उन्हें बिहार गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया। उनकी सफलता पर मित्रों, शिक्षकों, साथियों और गांव के जनप्रतिनिधियों ने बधाइयों की झड़ी लगाई है। संजीव कुमार की कहानी इस बात का उदाहरण है कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और परिश्रम हो तो सीमित संसाधन भी सफलता के रास्ते की बाधा नहीं बन सकते।

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

(जिला प्रोग्राम कार्यालय, आई0सी0डी0एस0 औरंगाबाद)

विज्ञापन संख्या–03/2025

बिहार सरकार

**आंगनबाड़ी सेविका से महिला पर्यपेक्षिका पद पर संविदा अधारित नियोजन हेतु विज्ञापन**

समाज कल्याण विभाग बिहार पटना के संकल्प संख्या–1846 दिनांक 10.06.2010 एवं निदेशक आई0सी0डी0एस0 निदेशालय बिहार पटना के ज्ञापांक –5994 दिनांक 31.12.2018 तथा आयुक्त कार्यालय मगध प्रमण्डल गया जी का पत्रांक–2129 दिनांक–03.04.2025 द्वारा आंगनबाड़ी सेविका से महिला पर्यवेक्षिका पद पद संविदा आधारित 16 रिक्त पदों पर नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है–

| क्रमांक | पद का नाम | पद की संख्या | आरक्षण कोटि | अभ्युिक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | महिला पर्यवेक्षिका | 16 | गैर आरक्षित वर्ग– 01<br>अनु0जाति– 03<br>अत्यंत पिछड़ा वर्ग– 07<br>पिछड़ा वर्ग– 04<br>पिछड़े वर्ग की महिलाएं–01 | |

1 अभ्यर्थी केवल कार्यरत आंगनबाड़ी सेविका ही होगी। जिनकी कार्यकाल 01 जनवरी 2025 को कम से कम 10 वर्श का होना चाहिए।
2 आवेदन की प्राप्ति दिनांक 27.09.2025 से 18.10.2025 तक प्राप्त किये जायेंगे।
3 आवेदन विभागीय पोर्टल https://125.16.175.140:88/ पर अपलोड करते हुए Hard Copy निबंधित डाक के माध्यम से जिला प्रोग्राम कार्यालय, आई0सी0डी0एस, औरंगाबाद के पते पर भेजना सुनिश्चित करें।
4 विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी औरंगाबाद जिले के वेबसाईटhttps://aurangabad.bih.nic.in/ एवं जिले के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
5 समाज कल्याण विभाग के संकल्प संख्या–1846 दिनांक–10.06.2010 के अनुसार न्युनतम उम्र सीमा 21 वर्श एवं अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्श लागू होगा।
6 आवेदन के न्युनतम एवं अधिकतम उम्र सीमा की गणना दिनांक 01.01.2025 (cut off date) निर्धारित की गई है।
7 संविदा शर्त सेवा अवधि एवं अन्य शर्ते बिहार सरकार द्वारा निर्गत संकल्प/नियमावली/आदेश एवं विभागीय पत्रांक 2621 दिनांक 17.05.2019 के अनुरूप होगा।
8 आवेदक को औरंगाबाद जिला क्षेत्र का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य होगा।
9 विज्ञापन एवं सेवा शर्ते से संबंधित सभी अधिकार जिला पदाधिकारी औरंगाबाद के अधीन है। जिला पदाधिकारी औरंगाबाद विज्ञापन को संशोधित/रद् करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।
10 नियोजन संबंधित सभी सूचना औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in पर प्रकाशित की जायेगी।

**विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar.gov.in पर देखा जा सकता है।**

**जिला पदाधिकारी**
**औरंगाबाद**

PR- 016069 (SWD) 2025-26

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

### उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू में शिक्षा व्यवस्था पर उठ रहा गंभीर सवाल

## बीइओ मामले की जांच कर त्वरित कार्रवाई करें : डीइओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



परीक्षा में अनियमितता की पराकाष्ठा

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू में वर्तमान में चल रही परीक्षा को लेकर गंभीर अनियमितताओं और शिक्षा विभाग के नियमों का उल्लंघन का मामला प्रकाश में आया है जहां परीक्षा के दौरान अनुशासनहीनता और कदाचार का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में साफ-साफ दिख रहा है कि विद्यार्थियों द्वारा क्लासरूम के जगह पर विद्यालय के प्रांगण में जहां-तहां बैठकर बच्चे परीक्षा दे रहे हैं। यह मामला बच्चों के मनोबल को बुरी तरह प्रभावित किया है। बताते चलें जहां एक तरफ यह विद्यालय जिला ही नहीं पूरे राज्य में अपनी इंफ्रास्ट्रक्चर और अनुशासन के लिए जाना जाता है वही दूसरी तरफ लगभग दो माह पूर्व नए प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में उमाशंकर पाल ने पदभार संभाला है तब से विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था और अनुशासन का लचर स्थिति हो गई है। वर्तमान प्रभारी प्रधानाध्यापक जब से पदभार ग्रहण किया है तब से ही छोटी - छोटी घटनायें सामने आती रही है, लेकिन हद तब हो गया जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा शिक्षा विभाग के नियमों का खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए बच्चों द्वारा क्लासरूम के बजाय विद्यालय प्रांगण में यत्र-तत्र परीक्षा लिया जा रहा है जो बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को निष्पक्ष वातावरण देकर उनकी मेहनत और ईमानदारी के आधार पर आगे बढ़ाना है, लेकिन विद्यालय परिसर में यदि नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाए और सरकार, शिक्षा मंत्री, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं जिला के अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी के दिशा-निर्देशों की अवहेलना की जाए तो यह आने वाली पीढ़ी के भविष्य के साथ घोर अन्याय है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक उमा शंकर पाल स्वयं इस कदाचार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं जिनसे बच्चों को अनुशासन और नैतिकता की सीख मिलनी चाहिए, वही यदि परीक्षा में गड़बड़ी कराने में संलिप्त पाया जाए तो यह शिक्षा व्यवस्था के लिए गहरी चोट है। विद्यार्थी मेहनत करके ईमानदारी से परीक्षा देना चाहते हैं और अपनी योग्यता के आधार पर जीवन में आगे बढ़ना चाहते हैं, लेकिन विद्यालय के भीतर यदि इस तरह की गतिविधियां जारी रही तो उनकी लगन और आत्मविश्वास पर गहरा असर पड़ेगा। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि 'नवबिहार टाइम्स' नहीं करता है। इस मामले से पूरे क्षेत्र के बच्चों के अभिभावकों और स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। कुछ स्थानीय लोगों ने सम्बंधित पदाधिकारियों से मांग किया है कि इस पूरे प्रकरण की तत्काल जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए। ताकि शिक्षा व्यवस्था की साख बची रहे और बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को जांच का आदेश दिया गया है। जांच में जो भी दोषी पाए जायेंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## डीडीयू मंडल की 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान में सक्रिय भागीदारी

**स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत महिला स्वास्थ्य, पोषण और जागरूकता को लेकर निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के समग्र मार्गदर्शन में मेडिकल विभाग द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों और विचार सत्रों का आयोजन किया जा रहा है जिससे महिला सशक्तिकरण और परिवार की समृद्धि को बल मिल रहा है। अभियान के क्रम में मंडल मुख्यालय स्थित मंडल रेल चिकित्सालय में मासिक धर्म स्वच्छता, प्रसव पूर्व देखभाल, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर एवं स्तन कैंसर पर केंद्रित संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर केशब चम्प्रमनरी की देखरेख में आयोजित संगोष्ठी में शामिल विशेषज्ञ महिला चिकित्सकों ने विषय पर ध्यान देने योग्य बातों सहित आवश्यक जानकारी साझा की। महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा चित्रा सिंह ने अन्य सदस्याओं के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। लगभग 100 महिला मरीजों एवं उनके परिजनों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इसके पूर्व 24 सितम्बर को मंडल रेल चिकित्सालय में नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें महिलाओं को नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)–2025/17 दिनांक– 26.09.2025

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2025**
**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2025**

**Offline Spot Admission से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा–2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों / संस्थानों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)- 2025/16 दिनांक- 13.09.2025 के अनुसार ITICAT-2025 की Offline Mop-up Counselling दिनांक 16.09.2025 से दिनांक 27.09.2025 तक निर्धारित है। Offline Mop-up Counselling समाप्ति के पश्चात् रिक्त सीटों की विवरणी पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध करा दी जायेगी। **वैसे अभ्यर्थी जिनका Round-1 / Round-2 एवं Mop-up Counselling के माध्यम से किसी संस्थान में नामांकन नहीं हुआ है, श्रम संसाधन विभाग के संकल्प संख्या– 699 दिनांक 28.02.2025 के आलोक में संस्थान स्तर पर आयोजित Offline Spot Admission के लिए पात्रता–प्राप्त हैं। Offline Spot Admission संस्थान स्तर पर संस्थान में आयोजित किया जायेगा।** कार्यक्रम की विवरणी निम्नवत् है;

i. Spot Admission में भाग लेने हेतु **आवेदन की अंतिम तिथि : 28.09.2025 अपराह्न 3.00 बजे तक।**
ii. Spot Admission के माध्यम से **नामांकन की निर्धारित तिथि : 29.09.2025 पूर्वाह्न 10.00 बजे।**

2. Spot Admission में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी सम्बन्धित संस्थान में उपस्थित होकर अपना आवेदन दिनांक 28.09.2025 के अपराह्न 3.00 बजे तक समर्पित करेंगे।
3. आवेदक Spot Admission हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 29.09.2025 पूर्वाह्न 10.00 बजे तक अपने आवेदित संस्थान में उपस्थित हो कर उपलब्ध रिक्तियों के विरुद्ध मेधा–सह–विकल्प के आधार पर नामांकन लेंगे। इस सूचना के आधार पर निर्धारित तिथि एवं समय पर Spot Admission में निश्चित् रूप से उपस्थित हो अन्यथा उनको अनुपस्थित मान लिया जायेगा जिसके लिये संस्थान / पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा।
4. अभ्यर्थी को bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध विवरण पुस्तिका के पृष्ठ 1 एवं 2 में उल्लिखित सक्षम पदाधिकारी/ कार्यालय/ संस्थान द्वारा निर्गत सभी मूल प्रमाण–पत्र/ दस्तावेज तथा उनकी एक एक स्वसत्यापित छाया प्रतियाँ Spot Admission के समय साथ लाना अनिवार्य है।
5. विशेष जानकारी हेतु अभ्यर्थी अपने जिला के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त कर सकते हैं।

**परीक्षा नियंत्रक**

# नवादा की डेढ़ लाख महिलाओं को मिले 10-10 हजार रुपये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' के अंतर्गत राज्य की 75 लाख महिला लाभुकों को 10,000 रुपए प्रति लाभुक की दर से 7,500 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सम्मिलित हुए। नवादा जिले में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर भवन, नवादा में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की उपस्थिति में किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' का मुख्य उद्देश्य राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को उनकी पसंद के रोजगार शुरू करने हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। प्रारंभिक राशि 10,000 रुपए दी जाएगी तथा रोजगार शुरू करने के बाद आकलन कर 2 लाख रुपए तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।



उन्होंने बताया कि यह सामुदायिक सहकारिता आधारित योजना है, जिसके तहत लाभुकों को पहले स्थानीय स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाएगा। राज्य में सक्रिय 11 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों और 1 करोड़ 40 लाख से अधिक जीविका दीदियों के सहयोग से लाभुकों को प्रशिक्षण, उत्पादन तथा विपणन में सहायता दी जाएगी। महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए गांव से शहर तक हाट-बाजार विकसित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस योजना के क्रियान्वयन से महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और राज्य एवं देश की आर्थिक प्रगति को बल मिलेगा।

जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक चंदन कुमार सुमन ने बताया कि प्रधानमंत्री के द्वारा नवादा जिले के लगभग 1.5 लाख महिला लाभुकों को 10,000 रुपए प्रति लाभुक राशि का अंतरण किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर भवन के साथ-साथ जिले के ग्राम संगठन, संकुल संघ एवं प्रखंड स्तर पर किया गया, जिसमें 4 लाख 30 हजार से अधिक जीविका दीदियां जुड़ीं। सभी दीदियों ने पैसे आने से संबंधित संदेश को दिखाकर अपनी खुशी जाहिर की और सरकार को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अमित अनुराग, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, 20-सूत्री के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार विद्यार्थी, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी देवी, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# डीएम-एसपी ने प्रतिनियुक्त अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को राजगीर स्थित आरआइसीसी में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संयुक्त रूप से की। जिलान्तर्गत सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 171-अस्थावां, 172-बिहारशरीफ, 173-राजगीर, 174-इस्लामपुर, 175-हिलसा, 176-नालन्दा एवं 177-हरनौत के सभी 284 सेक्टर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराने संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और नजरी नक्शा के अनुसार रूट चार्ट तैयार करना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण में अधिकारियों को 'भेद्यता मैपिंग' की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई।



इसमें ऐसे मतदाताओं या समूहों की पहचान करनी होगी जिन्हें भय, दबाव या प्रलोभन देकर मतदान से रोका जा सकता है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि भेद्य मतदाता वर्गों/समुदायों की पहचान कर उनकी सूची बनाएं, स्थानीय लोगों से संवाद कर सूचना जुटाएं, भेद्यता उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि चुनाव का मुख्य उद्देश्य है कि सभी मतदाताओं, खासकर कमजोर एवं असहाय वर्गों को मतदान के लिए प्रेरित करना, भयमुक्त वातावरण में चुनाव कराना, धमकाने या डराने वाले व्यक्तियों पर कठोर कार्रवाई करना।

## एक नजर

### विभिन्न मामलों में 60 अपराधी गिरफ्तार

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 25 सितम्बर 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर विभिन्न मामलों में बड़ी कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के तहत एनडीपीएस में 06, मद्य निषेध में 02 एवं अन्य मामलों में 52 गिरफ्तारियां कुल 60 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 930 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। वारंट के निष्पादन की संख्या-32 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-1 रही। वाहन जांच अभियान के दौरान 400 वाहनों की जांच की गई तथा 1 लाख 75 हजार 500 रुपये जुर्माना वसूला गया। अन्य गिरफ्तारी अंतर्गत एक जेसीबी की बरामदगी भी की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि "नवादा पुलिस क्रूर एवं जघन्य अपराधियों को गिरफ्तार करने और उन्हें सजा दिलाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है।

### वृद्ध की हत्या मामले में एक गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** थाना क्षेत्र के बिचली मुसहरी डुमरावां में गुरुवार की रात को 60 वर्षीय कामेश्वर मांझी की हत्या मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित इंदल मांझी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि हत्या के मामले में इंदल मांझी को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मृतक के परिवार वालों ने बताया कि मृतक की पोती अपनी फुआ के साथ बाजार से गांव लौट रही थी। इस बीच रास्ते में उसके साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया गया। जब वह रोते हुए घर पहुंची तो परिवार वालों ने कारण पूछा। जानकारी मिलने के बाद उसके दादा युवक से जैसे ही कुछ बोला उसे धकेल दिया और मारपीट की गई, जिससे उसकी मौत हो गई। तुरंत उसकी सूचना पकरीबरावां थाना को दी गई। सूचना मिलने पर डायल 112 वहां पहुंची। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, एसआई अभिषेक कुमार, एएसआई चंदन कुमार, अशोक पाल घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। थानाध्यक्ष ने घटना की जानकारी परिवार वालों से ली। इस संबंध में पीड़िता के भाई ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### एम्बुलेटरी यान पशु चिकित्सा शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम का होगा आयोजन

**नवादा।** जिले में पशुपालकों को गुणवत्तापूर्ण पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने एवं पशुपालन के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु जिला पशुपालन कार्यालय, नवादा द्वारा माह अक्टूबर 2025 में एम्बुलेटरी वाहन के माध्यम से पशु चिकित्सा शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पशुओं के उपचार, टीकाकरण, कृमिनाशक दवा वितरण, नस्ल सुधार, पशुपालन संबंधी परामर्श तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। शिविरों का नेतृत्व संबंधित प्रखंड के पशु चिकित्सा पदाधिकारी एवं उनके दल के द्वारा किया जाएगा। साथ ही जिला पशुपालन कार्यालय के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। विशेष परिस्थिति में शिविर की तिथि परिवर्तित की जा सकती है। शिविर प्रभारी पदाधिकारी अपने स्तर से स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सूचित करेंगे। शिविर स्थल पर एम्बुलेटरी वाहन प्रातः 10:30 बजे तक पहुंच जाएगा। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने जिले के समस्त पशुपालकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में भाग लें और पशु स्वास्थ्य एवं पालन-पोषण से संबंधित लाभ प्राप्त करें।

### सेवा पखवारा में 120 शिकायतों में 77 का निष्पादन

**रजौली।** क्षेत्र के बजरंगबली चौक स्थित बिजली विभाग के कार्यालय में शुक्रवार को साउथ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवारा समारोह का आयोजन सहायक विद्युत अभियंता राहुल कुमार के देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस दौरान रजौली के कनीय अभियंता भागीरथ प्रसाद, रेवेन्यू कनीय अभियंता अक्षय तारा, सिरदला कनीय अभियंता नसीरुद्दीन, बड़ा बाबू संजीव कुमार, सुपरवाइजर शशिकांत कुमार एवं मो. इरफान आलम भी मौजूद रहे। सहायक अभियंता राहुल कुमार ने बताया कि सेवा पखवाड़ा समारोह में में बिजली बिल की गड़बड़ियां, मीटर रीडिंग में त्रुटियां और नए कनेक्शन, कृषि कनेक्शन, बिजली चोरी की शिकायतें और तकनीकी समस्याओं से संबंधित 120 उपभोक्ताओं द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ। प्राप्त आवेदनों में से 67 आवेदनों में बिजली बिल का सुधार किया गया है एवं 10 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी गई। साथ ही शिविर में आए लोगों के बीच शून्य बिजली बिल का वितरण किया गया।

### एसडीओ ने विद्यालय का किया निरीक्षण



**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** अनुमंडल पदाधिकारी बिहारशरीफ ने रहुई प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय मादाचक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं पाई गई। विद्यालय में कुल 59 छात्र नामांकित हैं, जिनमें से 37 की उपस्थिति दर्ज थी, लेकिन मौके पर केवल 24 बच्चे ही उपस्थित पाए गए, विद्यालय में एक भी बेंच नहीं पाया गया, रसोई निरीक्षण में सामने आया कि गैस चूल्हे का उपयोग नहीं किया जा रहा है। पूरी रसोई में जलावन रखा हुआ था। मध्याह्न भोजन का स्वाद अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा खुद लेकर देखा गया, जिसकी गुणवत्ता खराब पाई गई। प्रधानाध्यापक ने बताया कि पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक से उन्हें अब तक प्रभार हस्तांतरित नहीं किया गया है, इसी कारण स्टॉक पंजी संधारित नहीं हो सका। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के आधार पर प्रधानाध्यापक राजीव रंजन, शिक्षक कुमार निरंजन, तथा एमडीएम प्रभारी मुकेश कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया। साथ ही, सभी संबंधितों का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया गया।

# मंत्री ने ग्रामीण कनेक्टिविटी और महिला सशक्तिकरण योजनाओं पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ सुनील कुमार ने अपने विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। मंत्री ने दोसुत पंचायत के बेला ग्राम में मुख्यमंत्री ग्रामीण संपर्क विभाग के तहत 202 लाख की लागत से चंडी सलेमपुर धमौली आर.सी.सी रोड से नियर बेला गांव से कमलबिघा गांव सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने कहा कि यह सड़क बेला ग्राम से प्रमुख सड़क से जुड़कर क्षेत्र की कनेक्टिविटी को और मजबूत करेगी। इससे न केवल ग्रामीण इलाकों के लोगों को सुगम आवागमन मिलेगा बल्कि व्यापार के अवसर भी खुलेंगे। जनता की वर्षों पुरानी मांग को पूरा होते देखना मेरे लिए गर्व और प्रसन्नता का विषय है। यह कार्य दोसुत पंचायत और आसपास के क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इसी तरह बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दोसुत पंचायत के बंगौरिया ग्राम में देवीस्थान के निकट अवस्थित तालाब में अपने विधायक मद से 12 लाख 50 हजार की लागत से नवनिर्मित सीढ़ी घाट का उद्घाटन किया।



इस दौरान मंत्री ने कहा कि यह केवल एक सीढ़ी घाट नहीं, बल्कि विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और संकल्प का प्रतीक है। इसी क्रम में उन्होंने आज बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दोसुत पंचायत के बेला ग्राम में अपने विधायक मद से 12 लाख 80 हजार से विगुन चौहान के मकान से संजय चौहान मकान होते बालदेव चौहान के दुकान तक नाली निर्माण एवं पीसीसी ढलाई कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से स्थानीय लोगों का आवागमन सुगम होगा, किसानों को अपने कृषि उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, बच्चों के लिए स्कूल और कॉलेज तक सुरक्षित मार्ग उपलब्ध होंगे, साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं और आपातकालीन सुविधाओं तक पहुंच में भी सुधार होगा। लोगों को संबोधित करते हुए पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ सुनील कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही डबल इंजन की सरकार द्वारा बिहार में विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बिहार के 75 लाख महिलाओं के बैंक खाते में 10-10 हजार भेजकर मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ किया है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह अभूतपूर्व कदम है, आगे स्वरोजगार करने वाली प्रत्येक महिलाओं के खाते में 2 लाख रुपए भेजी जाएगी जो महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# विकसित भारत का अमृत काल : सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल विषय पर चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम के तीसरे दिन रंगारंग आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लखीसराय/पटना।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रादेशिक कार्यालय पटना द्वारा लखीसराय के कनीराम खेतान उच्च विद्यालय मैदान में विकसित भारत का अमृत काल : सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल विषय पर चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का आज तीसरा दिन था। चित्र प्रदर्शनी के तीसरे दिन आज अनेक संचार कार्यक्रम एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम के तीसरे दिन आज के विशेष कार्यक्रम के तहत विकसित भारत विषय पर चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय विद्यालय, श्री दुर्गा बालिका उच्च विद्यालय तथा के आर के हाई स्कूल के लगभग 60 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में आहान को प्रथम, आयुष को द्वितीय, अभिनव को तृतीय तथा अभिषेक राज व पीयूष कुमार को सांत्वना पुरस्कार मिला। विजेताओं को पुरस्कार तथा प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। पशु चिकित्सा पदाधिकारी



डॉ रामनंदन प्रसाद, एसएसबी के अधिकारी सतपाल तथा केंद्रीय विद्यालय लखीसराय के शिक्षक दिवेश कुमार भगत मंच पर उपस्थित रहे। उनके द्वारा अपने अपने कार्यक्षेत्र के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान की गई। जागरूकता कार्यक्रम स्थल पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, एसएसबी, सीआरपीएफ, स्वास्थ्य विभाग, आइसीडीएस, जीविका, डाक विभाग, लीड बैंक सहित अनेक विभागों के स्टॉल भी लगाए गए हैं तथा आम जनता को सेवा तथा सूचना का लाभ पहुंचाया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि इस विशेष चित्र प्रदर्शनी में आम जनता को जानकारी देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा विगत 11 वर्षों में किए गए कार्यों से संबंधित चित्र लगाए गए हैं। बिहार के विकास से संबंधित नवीनतम चित्र तथा आंकड़े भी दिखाए गए हैं। यह चित्र प्रदर्शनी आम जनता को जागरूक करने के लिए आयोजित की जा रही है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को मंचासीन द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वालों में राजकुमार, वीरेंद्र महतो, प्रभात साह, बबलू कुमार, शैलेंद्र कुमार, घनश्याम पंडित आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो के अधिकारी अभिषेक कुमार, ग्यास अख्तर तथा सुदर्शन किशोर झा भी उपस्थित थे।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महिलाओं को मिली मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हिलसा (नालंदा)।** ग्रामीण विकास विभाग की ओर से शुक्रवार को राम बाबू हाई स्कूल हिलसा के परीक्षा भवन हॉल में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संबोधन के साथ किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अमर कुमार ने किया।

बीडीओ ने बताया कि योजना के तहत राज्य के हर परिवार की एक महिला को उनकी पसंद के रोजगार की शुरुआत के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। पहली किस्त के रूप में 10 हजार रुपये महिलाओं के बैंक खातों में भेजे गए हैं। रोजगार शुरू करने के बाद शीघ्र ही दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त राशि भी प्रदान की जाएगी। साथ ही महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए गांव से लेकर शहरों तक हाट-बाजार विकसित किए जाएंगे। प्रखंड परियोजना पदाधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि इस योजना से पूरे बिहार की 75 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में राशि हस्तांतरित की गई है। इसी क्रम में हिलसा प्रखंड की करीब 10 हजार महिलाओं को भी लाभ मिला है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण रजवा पंचायत में भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। युवा जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख मनोज पासवान, पूर्व उप प्रमुख प्रमोद कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष कुंदन कुमार, सीडीपीओ नीलम सिन्हा सहित जीविका से जुड़ी बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

## करायपरसुराय में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को दी गई योजना की विस्तृत जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**करायपरसुराय (नालंदा)।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के प्रचार-प्रसार के लिए शुक्रवार को करायपरसुराय प्रखंड परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इसका सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदकिशोर ने की। बीडीओ ने बताया कि योजना के तहत सभी परिवारों की एक महिला को रोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। पहली किस्त के रूप में 10 हजार रुपये महिलाओं के बैंक खातों में भेजे गए हैं। आगे चलकर रोजगार की आवश्यकता के अनुसार दो लाख रुपये की अतिरिक्त राशि भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए हाट-बाजार विकसित किए जाएंगे। प्रखंड परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि इस योजना से बिहार की 75 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिला है। करायपरसुराय प्रखंड की भी सैकड़ों महिलाओं के खातों में राशि भेजी गई है। इस अवसर पर डियावां पंचायत पैक्स अध्यक्ष सोनू सिंह, मुखिया दिनेश चौधरी, मुखिया तबस्सुम, पंचायत समिति सदस्य रामानुज कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# मॉडल अस्पताल में स्टॉल लगा लोगों को परिवार नियोजन की दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** विश्व गर्भ निरोध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सदर अस्पताल में परिवार नियोजन के साधनों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए एक विशेष स्टॉल लगाया गया। इस स्टॉल पर गर्भ निरोधक दवाओं सहित कई प्रकार की महत्वपूर्ण सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। स्टॉल का उद्घाटन अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ. कुमकुम प्रसाद द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों के जन्म में अंतर रखना मां और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह न केवल माँ को अगले गर्भधारण के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार होने का समय देता है, बल्कि बच्चे को भी उचित पोषण और देखभाल सुनिश्चित करता है। उन्होंने जानकारी दी कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से कई प्रकार की गर्भ निरोधक दवाइयां और सामग्री अस्पताल में निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर पीरामल के प्रोग्राम लीडर राजीव रंजन ने जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला बंध्याकरण (नसबंदी), पुरुष नसबंदी, गर्भ निरोधक गोलियां, कॉपर-टी जैसे कई साधन पूरी तरह निःशुल्क मुहैया कराए जा रहे हैं। सरकार इन उपायों को अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहन राशि भी देती है। पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के लिए पुरुषों को भी आर्थिक मदद दी जाती है, जिसे परिवार नियोजन का सबसे सरल और प्रभावी तरीका माना जाता है।

# जनता दरबार में शिकायतों का ऑन स्पॉट निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में आज समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्त्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत की। कुल 32 शिकायतें दर्ज की गई। कार्यक्रम के दौरान अपर समाहर्त्ता ने कई शिकायतों का ऑन स्पॉट निष्पादन कर तत्काल राहत उपलब्ध कराई। वहीं, कुछ जटिल मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास जांच एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा गया।




आज की जनता दरबार में अंचल नरहट, ग्राम गंगापुर के जागेश्वर प्रसाद यादव द्वारा जमीन बंदोबस्ती के संबंध में, जिला नवादा के विजय सिंह द्वारा म्यूटेशन (मोटेशन) के संबंध में, थाना रोह, अनुमंडल रजौली, पोस्ट सम्हरीगढ़, ग्राम समरैठा की सावित्री देवी द्वारा जमीन मापी के संबंध में, अंचल नवादा सदर, ग्राम असाढ़ी की पप्पी देवी द्वारा जमीन का नकल निकासी के संबंध में आवेदन दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य नागरिकों ने भी अपनी शिकायतें प्रस्तुत की। अपर समाहर्त्ता ने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता द्वारा प्रस्तुत समस्याओं का शीघ्र एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही या विलंब किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता दरबार में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए अपर समाहर्त्ता ने कहा कि आपकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है।

# एशिया हॉकी कप में बेहतरीन सेवा देने वाले 180 स्वास्थ्यकर्मी सम्मानित

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** राजगीर में 29 से 7 सितम्बर तक आयोजित हुए एशिया हॉकी कप के सफल आयोजन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को शुक्रवार को मॉडल सदर अस्पताल के सभागार में सम्मानित किया गया। ड्यूटी के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कुल 180 स्वास्थ्य कर्मियों को सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र कुमार और डीपीएम श्याम कुमार निर्मल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सिविल सर्जन ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी, लैब टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन, एएनएम, जीएनएम और स्वास्थ्य प्रबंधकों ने इस अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन के दौरान अपनी जिम्मेदारियों का सही तरीके से पालन किया। यही कारण है कि पूरे टूर्नामेंट के दौरान हमें स्वास्थ्य संबंधी किसी भी बड़ी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। सभी ने मिलकर एक टीम की तरह काम किया और अपनी तत्परता व निष्ठा का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। डीपीएम श्याम कुमार निर्मल ने भी कहा कि बड़े आयोजनों में स्वास्थ्य सेवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। हमारे सभी कर्मियों ने यह सुनिश्चित किया कि खिलाड़ियों, दर्शकों और प्रशासनिक दल को समय पर और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सहायता मिले।

## छेड़छाड़ का प्रयास प्राथमिकी दर्ज

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता के साथ छेड़छाड़ की प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोप लगाया गया है कि बुधवार की रात को वह अपने घर में सो रही थी। इस दौरान गांव के एक युवक ने दरवाजे की कुंडी खोल दिया। जब उसकी नजर पड़ी और चिल्लाना शुरू की तो देखा कि युवक भागने लगा। जिसके बाद आस पास के लोग उसका नाम बताए। सुबह जब उसकी पहचान करने के लिए गांव में पंचायत लगा तो जिस युवक के द्वारा घर में प्रवेश किया गया था उसकी पहचान करते ही भरी पंचायत मे उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया।

# रोटरी क्लब ऑफ़ नवादा ने किया डांडिया का आयोजन

डॉ पंकज कुमार सिन्हा/नबिटा ब्यूरो

**नवादा।** गुरुवार की रात शहर के पटवा सराय स्थित जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल के ग्राउंड में रोटरी क्लब ऑफ नवादा के द्वारा डांडिया का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब ऑफ नवादा से जुड़े सदस्यों के परिजन इस मौके पर माता रानी की आरती, पूजा के बाद डांडिया का आयोजन में सम्मिलित हुए। रोटरी क्लब ऑफ नवादा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, पूर्व एजी आरपी साहू के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एजी नवीन कुमार सिन्हा उर्फ छवि मौजूद रहे। नवादा के ही अपने कलाकारों के द्वारा



एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई। जिससे श्रोता मंत्र मुक्त होकर डांडिया पर झूमते रहे। बच्चों का उत्साह भी काम नहीं था। हर ओर महिला, बच्चे और पुरुष सभी अपने अपने ग्रुप में डांडिया करते हुए देखे गए। गौरतलब हो कि रोटरी क्लब ऑफ नवादा के द्वारा इससे पहले भी डांडिया का आयोजन किया जाता रहा है। डांडिया कार्यक्रम को लेकर




काफी पहले से तैयारी क्लब के सदस्यों द्वारा की जा रही थी। क्लब के सचिव आदित्य कुमार ने कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग से यह डांडिया महोत्सव कार्यक्रम काफी अच्छे से संपन्न हुआ। जिसमें सभी लोगों की भागीदारी रही। माथे पर जय माता दी का पट्टा लगाये, हाथों में डांडिया स्टिक लेकर पुरुष और महिला डांडिया का नृत्य करते रहे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : एसआईजी_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक 23.09.2025,** वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं.1, ई-निविदा सं.: एमएलडीटी _एसएनटी _25-26_37_ओटी, दिनांक : 23.09.2025, कार्य का नाम:** (i) "बड़हरवा में नॉन-इंटरलॉक्ड साइडिंग पॉइंट्स का पता लगाने" के संबंध में एस एंड टी कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 14,32,663.26, **बयाना राशि:** रु. 28,700/- **क्रम सं.2, ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी _25-26_38_ओटी1, दिनांक : 22.09.2025, कार्य का नाम:** (ii) मालदा मंडल के तहत प्रत्येक ब्लॉक सेक्शन के लिए पृथक मक्स प्रदान करते हुए बीपीएसी कार्यप्रणाली की विश्वसनीयता में सुधार। **निविदा मूल्य:** रु. 5,20,87,675.10, **बयाना राशि:** रु. 4,10,400/-, **ई-निविदा जमा देने की तिथि और समय :** (i) दिनांक 02.10.2025 से 16.10.2025 को 11.00 बजे तक (ii) दिनांक 30.09.2025 से 14.10.2025 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट:** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** और सूचना पट: वरिष्ठ डीएसटीई का कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा।

MLD-184/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/572, दिनांक 24.09.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं. : एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/32/25-26/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य: सियालदह मंडल-ट्रैक मशीन साइडिंग का प्रावधान-12 अदद। **निविदा मूल्य :** रु.3,79,38,508.35, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति राशि जमा की जाएगी :** रु. 3,39,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 08.10.2025, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 22.10.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 22.10.2025 को 14.30 बजे। विवरण **www.ireps.gov.in** से देखा जा सकता है। **तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समप्रकृति के कार्य:** "डेटालॉगर या आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ करना या कोई सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य जिसमें शामिल है ईआई या आरआरआई या पीआई या आईबीएस या आईबीएच या एलसी गेट इंटरलॉकिंग या यार्ड रूपांतरण या यूएफएसबीआई या ट्रैक सर्किट (एएफटीसी या डीसी टीसी) या एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी या एमएसडीएसी या एचए-एसएसडीएसी) या ऑटोमेटिक सिग्नलिंग" को मौजूदा निविदा कार्य के लिए समप्रकृति के कार्य रूप में विवेचित किया जाएगा। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-209/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# उच्च शिक्षा और उद्योग जगत के बीच संबंध को मजबूती देने की जरूरत : एस. पी शाही

## मगध विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना पर कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना (एनएपीएस) पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन बोर्ड ऑफ प्रैक्टिकल ट्रेनिंग (पूर्वोत्तर क्षेत्र), शिक्षा विभाग, बिहार सरकार और बिहार राज्य उच्च शिक्षा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षक महाविद्यालयों के शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में कुलपति एस. पी. शाही ने अपने अध्यक्षीय भाषण में उच्च शिक्षा और उद्योग के बीच संबंध को मजबूती देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलना भी अत्यंत आवश्यक है। अप्रेंटिसशिप योजना शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कुलपति ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इस योजना का लाभ उठाने के लिए सक्रिय रूप से आगे आएं और विश्वविद्यालय प्रशासन इसके क्रियान्वयन के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। स्वागत उद्बोधन में कुलसचिव बिनोद कुमार मंगलम ने कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा और कौशल विकास की दिशा में मार्गदर्शन देगी तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करेगी। मुख्य अतिथि वैजनाथ यादव, सचिव, शिक्षा विभाग ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना तभी सफल हो सकती है जब छात्र, शिक्षक और उद्योग जगत इसके प्रति जागरूक होकर जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि रोजगार केवल जीविका का साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण का आधार है। छात्रों को इसमें विश्वास दिलाना और उन्हें जोड़ना सभी का सामूहिक दायित्व है। कार्यशाला में बड़ी संख्या में बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक गण और नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने योजना की उपयोगिता पर उत्साह व्यक्त किया और कहा कि यदि इसे सही रूप में लागू किया जाए तो यह बिहार में युवाओं के रोजगार और आत्मनिर्भरता के लिए एक नया अध्याय खोलेगी। समापन सत्र में धन्यवाद ज्ञापन जितेंद्र नायक, परामर्शदाता उच्च शिक्षा विभाग ने प्रस्तुत किया और सभी अतिथियों, वक्ताओं, विश्वविद्यालय प्रशासन और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अकादमिक अधिकारी स्निग्धा ने किया। इस कार्यशाला ने स्पष्ट कर दिया कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में व्यावहारिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों को अप्रेंटिसशिप जैसे कार्यक्रमों से जोड़ना राज्य के युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन के लिए निर्णायक साबित होगा।

## एक नजर

### फ्रॉड कॉल कर 25 हजार की ठगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** मोबाइल फोन पर ठगी का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार राजेंद्र यादव, ग्राम दौरमा थाना आंती निवासी, को 8 सितम्बर को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को आंती थाना का इंस्पेक्टर बताते हुए कहा कि उनका बेटा रेप केस में फंस गया है और उसे बचाने के लिए तुरंत 25 हजार रुपये मोबाइल नंबर पर भेजने को कहा। पीड़ित ने डर वश पैसा भेज दिया। बाद में पता चला कि उनका बेटा घर पर ही सुरक्षित है और यह पूरा मामला फ्रॉड था। पीड़ित ने थाना में आवेदन देकर ठगों के खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग की है। आंती एसएचओ दीपक कुमार राव ने बताया कि कांड संख्या 107/25 दर्ज कर ली गई है।

### विद्यालय में ताला लगने से बच्चों की पढ़ाई बाधित, बीईओ ने थाने में की शिकायत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर (उत्तरी) का संचालन ग्रामीणों द्वारा लगाए गए ताले के कारण ठप हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय की विकास राशि में गड़बड़ी की गई है और एक अनधिकृत व्यक्ति को शिक्षक पद पर नियुक्त कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार विद्यालय के पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक नवीन कुमार पर पहले से ही कई शिकायतें दर्ज थीं। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार रमन ने उनसे चार बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा है जिनमें शिक्षा समिति की बैठक न बुलाना, मिड-डे मील में अंडा और फल नहीं देना तथा अनधिकृत व्यक्ति को विद्यालय में रखना शामिल है। वर्तमान प्रधान शिक्षिका मेनका कुमारी की शिकायत पर बीईओ ने कोंच थाने में मामला दर्ज कराया है। थाना प्रभारी शैलेश कुमार ने बताया कि पत्रांक 545 व दिनांक 25 सितंबर के तहत शिकायत की जांच की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों को भी स्थिति से अवगत कराया गया है। विद्यालय में ताला लगने से बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है।

### मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर पर भ्रष्टाचार व धमकी का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड मनरेगा कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर पवन कुमार पर भ्रष्टाचार और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया गया है। प्रखंड के तुतुरखी निवासी राजीव कुमार ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में उल्लेख है कि पवन कुमार पिछले दस वर्षों से मनरेगा कार्यालय में कार्यरत हैं और वन पोशक व बिचौलियों के साथ मिलीभगत कर पेड़ व गैवियन की सप्लाई में गड़बड़ी करते हैं। आरोप है कि वह ठेकेदारों से कमीशन तय कर काम करवाते हैं और वर्ष 2024-25 में कुछ लोगों का एडवांस पेमेंट भी किया गया जिसकी जानकारी एमआईएस पर उपलब्ध है। शिकायत में कहा गया है कि जब जनप्रतिनिधि या लोग उन्हें केवल कंप्यूटर ऑपरेटर का कार्य करने की बात कहते हैं तो वह एससी-एसटी केस में फंसा देने की धमकी देते हैं। शिकायतकर्ता ने इनके स्थानांतरण की मांग की है। इस पर पवन कुमार का कहना है कि 'दो पैसे कमाना जुर्म नहीं है, लोग मुझे अच्छी तरह जानते हैं।'

### वाहन की टक्कर में दो घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** तेज रफ्तार स्कॉर्पियों ने वाहन सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना टिकारी केसपा मुख्य मार्ग के बहेलिया बिगहा के समीप घटित हुई। जानकारी के अनुसार तेज गति से मखपा की तरफ जा रही स्कॉर्पियो बहेलिया बिगहा के समीप एक युवक को धक्का मार दिया जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों द्वारा हो हल्ला कर वाहन रोकने का प्रयास किया गया।

## एनडीए सरकार ने महिलाओं को पंचायती राज चुनाव में आरक्षण प्रदान कर सामाजिक एवं प्रशासनिक शक्ति दी : डा. प्रेम कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने आज गयाजी स्थित समाहरणालय कक्ष में आयोजित मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना राशि वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। मौके पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के कर-कमलों से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ हुआ है। यह योजना राज्य की महिलाओं के आत्मनिर्भरता एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया कि नवरात्र के पावन अवसर पर आज पूरे बिहार की जीविका दीदियों के लिए यह बेहद खुशी का अवसर है कि इस योजना के तहत 75 लाख योग्य लाभुकों को 10 हजार रुपये की दर से कुल 7500 करोड़ रुपये की राशि डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से उनके खातों में हस्तांतरित की गई है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर जीविका दीदियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया, वहीं लाभुक महिलाओं ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

## शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए बिहार सरकार ने उठाए कई कदम : डॉ.प्रेम कुमार

### लोको मध्य विद्यालय के नवनिर्मित भवन में शुरू हुआ शिक्षण कार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गया नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 स्थित लोको मध्य विद्यालय के नवनिर्मित भवन में शिक्षण कार्य का शुभारंभ किया। नया भवन मां बागेश्वरी मंदिर के निकट सरकारी भूमि पर निर्मित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विनीता कुमारी ने की जबकि संचालन समाजसेवी राजनंदन प्रसाद गांधी ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि लोको मध्य विद्यालय पहले रेलवे के जर्जर भवन में संचालित हो रहा था। छात्रों और शिक्षकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नया भवन तैयार कराया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले वर्धा उच्च विद्यालय और शहीद मध्य विद्यालय को भी नए भवन में स्थानांतरित किया गया है जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई में काफी सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं जिनका सकारात्मक असर दिख रहा है। लोको मध्य विद्यालय में छात्रों और शिक्षकों के हित में कुछ और विकासात्मक कार्य शीघ्र कराए जाएंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में सहयोग करें। इस अवसर पर जिला शिक्षा विभाग के डीपीओ गौरव उपस्थित रहे और विद्यालय के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। समारोह में भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंभू यादव ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। मौके पर वार्ड पार्षद अनुपम कुमारी, वार्ड 5 के पार्षद जयप्रकाश सिंह यादव, कौशलेंद्र सिंह, शिवनारायण सिंह, अनिल गुप्ता, रामनरेश चंद्रवंशी, हबलू बाबा, जितेंद्र यादव, उपेंद्र पासवान, राकेश कुमार (आईटी सेल), मालती देवी, अनु बरनवाल सहित विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## शिक्षा विभाग, मगध विश्वविद्यालय के प्रशिक्षु सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में गुरुवार को विभिन्न विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के पांच प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धियों के लिए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समूह लोकगायन में आशीष शंकर और सौरभ कुमार ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया। एकल गायन प्रतियोगिता में सौरभ कुमार को द्वितीय पुरस्कार तथा काव्य पाठ में आशीष शंकर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। समूह चर्चा प्रतियोगिता में कुंदन कुमार ने प्रथम और अंकुश राज ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में साहिल राज द्वितीय स्थान पर रहे। विजेताओं को सम्मानित करते हुए निदेशक प्रोफेसर सुशील कुमार सिंह ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अन्य प्रशिक्षुओं को प्रेरित करना है ताकि वे भी अधिक संख्या में भाग लेकर विभाग और विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने प्रशिक्षुओं की उपलब्धियों को शिक्षा विभाग की बड़ी उपलब्धि बताया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. प्रभात कुमार धल, डॉ. नरेंद्र पांडे, डॉ. नरगिस, रामेश्वर मिश्र, डॉ. मुसरत जहां, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. अशफाक, डॉ. सुजीत और प्रिय प्रसाद सहित विभाग के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. प्रभात कुमार धल ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संजीव कुमार पांडेय ने दिया।

## आठ अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के बेलागंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। चांद बाजितपुर में छापेमारी कर 8 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एक पिस्तौल, देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और आठ मोबाइल बरामद हुआ है। एसएसपी के निर्देश पर अवैध हथियार और अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 24 सितंबर को बेलागंज थाने को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग अपराध की योजना बना रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद बेलागंज पुलिस, तकनीकी शाखा और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर अपराधियों को पकड़ लिया। जिसकी पहचान मुन्ना कुमार, सचिन कुमार, मो. सोहेल, राजा कुशवाहा, गौरव कुमार, कुमार सोनू, संतोष कुमार और विकास कुमार के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान मुन्ना कुमार के पास से लोडेड पिस्तौल और मोबाइल फोन मिला। सचिन कुमार से देसी कट्टा, कारतूस और मोबाइल बरामद हुआ। बाकी छह आरोपियों के पास से एक-एक मोबाइल जब्त किया गया।

## स्वैच्छिक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन

**गयाजी।** एसएसबी 29वीं बटालियन के डीआईजी मानवेन्द्र के मार्गदर्शन में बोधगया बाज़ार में स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के अंतर्गत स्वैच्छिक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रक मुख्यालय गया जी के अधीनस्थ अधिकारी, बलकार्मिकों एवं बोधगया बाजार के आम नागरिक के द्वारा साफ-सफाई वृहद स्तर पर किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश का कोना-कोना स्वच्छ करना, हर एक गली में कम से कम एक कचरा पात्र लगाना और गांव की प्रत्येक सड़क, गली, मोहल्ले आदि को साफ-सुथरा और साफ सफाई के जरिए आम नागरिक में स्वच्छता के प्रति जागरूकता करना।

## सीयूएसबी में थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट विषय पर विश्व फार्मासिस्ट दिवस मना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गयाजी)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अंतर्गत कार्यरत फार्मेसी विभाग में इस वर्ष के थीम थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट पर विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने एक स्वस्थ समाज के निर्माण में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो. के. एन. सिंह के साथ इस कार्यक्रम में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई), नई दिल्ली के कार्यकारी समिति सदस्य धर्मेंद्र सिंह, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेजगया के प्राचार्य प्रो. राजेंद्र प्रसाद, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।साथ ही मंच पर, सीयूएसबी के स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के डीन प्रो. सुब्रत कुमार भट्ट मिश्रा के साथ विभागाध्यक्ष प्रो. विवेक दवे भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने स्वास्थ्य सेवा वितरण में फार्मासिस्टों के योगदान की सराहना की और फार्मास्युटिकल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में उनकी भूमिका पर जोर दिया।उन्होंने फार्मेसी विभाग को उसकी निरंतर प्रगति और हाल ही में एनआईआरएफ रैंकिंग 2025 में 63वां रैंक हासिल करने की उपलब्धि के लिए बधाई दी। उनके संबोधन ने छात्रों और शिक्षकों दोनों को प्रेरित किया।

## विदेशी शराब के साथ चार गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/ गयाजी।** गयाजी जिले के समेकित जांच चौकी डोभी में एक चार पहिया वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ चार व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इस मामले की पुष्टि आबकारी विभाग के निरीक्षक रामप्रीति कुमार ने करते हुए कहा कि सघन वाहन की छापेमारी विदेशी शराब की बड़ी खेप जब्त कर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## महिला रोजगार योजना शुरू होने से लाखों लोगों को मिला रोजगार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत पचहत्तर हजार महिलाओं को रोजगार के लिए सभी महिलाओं को खाते में दस दस हजार रुपए दिए जाने पर जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सह जिला कार्यक्रम कार्यन्यवन समिति के सदस्य डॉ. जितेंद्र कुमार, ललन पासवान, छोटेलाल दास, राज कुमार पासवान, दुर्गादास इत्यादि जदयू नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है।

## मिर्जा गालिब कॉलेज में विधिक सेवा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** शहर के मिर्जा गालिब कॉलेज गया में स्थायी लोक अदालत की तरफ से विधिक सेवा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोक अदालत के अध्यक्ष लोलार्क दुबे उपस्थित थे। इस मौके पर स्थायी लोक अदालत के सदस्य अनिल आशुतोष भी मौजूद थे। वक्ताओं ने बताया कि विधिक प्राधिकार से समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए सुविधा है। इसके तहत घर के आसपास नाली जाम होना, पानी नहीं आना, समय पर परीक्षा नहीं होना, बिजली का बिल अधिक आ जाना जैसी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए विधिक सेवा प्राधिकार निःशुल्क सहयोग प्रदान करता है। किसी महिला के किसी वाद हेतु सर्वोच्च न्यायालय तक निःशुल्क वकील उपलब्ध कराया जाता है। विधिक सेवा प्राधिकार गरीब, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक सभी के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आपको बताते चलें कि विधिक प्राधिकार सेवा का कार्यालय गया में स्थित है। इस जागरूकता कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मुख्य सहायक अमन राय, इण्टरमीडिएट सेक्शन के प्रभारी इतरत इमाम, मीडिया प्रभारी डॉ. इबरार खान, डॉ. अकरम वारिस एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the : General ManagerTransmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj / e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**Tender Notice**

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes super-scribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl.No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non-refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 429/PR/JUSNL / 2025-26 | Procurement of Lighting materials at 132/33 kV GSS Latehar. | Rs1476/- (including GST @ 18%) | Rs18,600/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents 03.10.2025 at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto23.10.2025at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto23.10.2025at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender: 24.10.2025 at 05:00 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 7488012827.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 362991 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)#D



**AFFIDAVIT**

I DAUD ALI age about 48 years S/o Makhdum Khan R/o-Mohalla-Sadar Chowk, ward no- 34 P.o- Dehri, P.S- Dehri Distt- Rohtas, Bihar do hereby solemnly declare affirm is as follows:-

1. That KASAF TASNEEM is my daughter.
2. That in my daughter Adhar card her name is mentioned Kasaf Tasneem & Father's Name is mentioned DAUD ALI.
3. That in my daughter's Birth Certificate my name has been mentioned DAUD ALI & my daughter's mother name is mentioned YASMIN PARWEEN.
4. That in my daughter Transfer Certificate father's name has been wrongly mentioned DAUD KHAN & and her mother's name has been wrongly mentioned Yasmeen Parween.
5. That my actual name is DAUD ALI & my daughter mother's actual name is YASMIN PARWEEN.
6. That I make this affidavit for my daughter Registration of C.B.S.E.
7. That my all statements are true and correct in the best of my knowledge.

Affidavit no. 18063 Date-25.09.25

DEPONENT
DAUD ALI



**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।**

–: निःशुल्क रैबीज कैम्प का आयोजन :–

सभी Dog Lovers को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.09.2025 को World Rabies Day के उपलक्ष्य में पशु शल्य चिकित्सालय, सदर मेदिनीनगर के प्रांगण में स्थित पेट क्लीनिक में पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक एक दिवसीय निःशुल्क रैबीज टीकाकरण कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 3 माह से अधिक उम्र के कुत्तो को रैबीज टीका दिया जाना है।

अतः आप सभी वैसे इच्छुक पशुपालक जिनके कुत्तों को अभी तक रैबीज का टीका नहीं दिया गया है उनसे अनुरोध है कि इस निःशुल्क कैम्प में अपने–अपने 3 माह से अधिक उम्र के कुत्तों को रैबीज का टीका दिलाने हेतु पशु शल्य चिकित्सालय के प्रांगण में स्थित पेट क्लीनिक में लाना सुनिश्चित करना चाहेंगे।

निवेदक –
जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।

PR 362981 District(25-26)D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू**

**दुर्गा पुजा के सभी अध्यक्षों हेतु आवश्यक सुचना –**

दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर जिला पशुपालन कार्यालय, पलामू के द्वारा पूजा समिति के सभी अध्यक्ष को सूचित करना है कि वर्ष 2023 में दूर्गा पूजा के अवसर पर कमिटी की लापरवाही (खुले में प्रसाद, मिठाई की चासनी, दोने, पतल एव गिलास काफी मात्र मे फेंकने) के कारण कई जानवरों का मृत्यु हो गई एवं कई जानवर बिमार पड़ गये।

अतः आप सभी से निवेदन है कि इस वर्ष 2025 में प्रसाद वितरण हेतु प्लास्टीक एवं थर्माकोल के दोने एवं गिलास का इस्तेमाल कम से कम करें एवं बचे हुए प्रसाद, मिठाई की चासनी, इस्तेमाल किये गये दोने, पतल एवं गिलास को खुले में न फेंक कर एक गड्ढा कर उसमें डालते हुए उसे अच्छी तरह से ढक दें। ताकि खुले में घुमने वाले पशु उसे न खा सके।

जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू के तरफ से आप सभी को दूर्गा पूजा की हार्दिक बधाई।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

PR 362980 District(25-26)#D

संपादकीय

# चीन का काउंटर वीजा

आज भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति की चालों को 'रूको और देखो' तथा किसी भी तरह से बातचीत से मसले को सुलझाओ' नीति पर चल रहा हो, लेकिन चीन उसे तुर्की ब तुर्की जवाब दे रहा है। अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा सौ गुना महंगा कर दिए जाने के तत्काल बाद चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए नया 'के' वीजा जारी करने की घोषणा कर दी है। मकसद यही है कि चीन विश्वभर की प्रतिभाओं को अपने यहां आमंत्रित करना चाहता है। यहां तक कि भारतीय भी चीन से अपनी कड़वाहट भुलाकर चीन की इस पहल का स्वागत कर रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिका ने हाल ही में एच-1बी वीज़ा की फीस बढ़ाकर 1 लाख डॉलर यानी लगभग 88 लाख रुपये कर दी है। हालांकि बाद में यह कहा गया है कि यह एक बार ही देनी होगी। लेकिन इसका सर्वाधिक प्रभाव भारत से अमेरिका जाने वाले युवाओ पर ही पड़ेगा। अमेरिकी एच-1बी वीज़ा की शुरुआत साल 1990 में हुई थी। यह वीजा ज़्यादातर साइंस, इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी और मैथमेटिक्स से जुड़े कुशल कर्मचारियों को दिया जाता है। दरअसल अमेरिका की तरक्की का राज ही यह है कि वह दुनियाभर की श्रेष्ठ प्रतिभाओं को अपने यहां बुलाता है और उनकी योग्यताओं का भरपूर दोहन करता है। यह बात अब दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन ने भी पकड़ ली है। इसीलिए उसने भी अगस्त 2025 में साइंस और टेक्नोलॉजी की बेहतरीन प्रतिभाओं को अपने देश में बुलाने के लिए के-वीज़ा शुरू करने का ऐलान किया। ये योजना एक अक्टूबर से शुरू होगी। चीनी समाचार एजेंसी के मुताबिक चीन के मौजूदा 12 तरह के वीज़ा से अलग के-वीज़ा पर आने वालों को देश में प्रवेश, वैलिडिटी पीरियड और यहां रहने के मामले में ज्यादा सुविधा मिलेगी। के-वीज़ा पर चीन आने वाले लोग एजुकेशन, कल्चर, साइंस और टेक्नोलॉजी सेक्टर में काम कर सकेंगे। इसके साथ ही वे यहां उद्योग और बिज़नेस भी शुरू कर सकते हैं। के-वीज़ा की सबसे बड़ी ख़ासियत ये है कि इसे हासिल करने के लिए आवेदक को चीन के एम्प्लॉयर या इंस्टीट्यूट की ओर से आमंत्रण की जरूरत नहीं होगी। इसे जारी करने की प्रक्रिया भी आसान होगी। के वीज़ा नए ग्रेजुएट्स, स्वतंत्र रिसर्चरों और आंत्रप्रन्योर के लिए ज़्यादा सुविधाजनक कहा जा रहा है। हाल के कुछ वर्षों में चीन ने साइंस और टेक्नोलॉजी सेक्टर में भारी निवेश किया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में वो अमेरिका को चुनौती देने की तैयारी में है। अब अमेरिका के टेक सेक्टर के नियम कड़े होने के बाद चीन भारतीय इंजीनियरों और टेक पेशेवरों के लिए पसंदीदा देश हो सकता है। क्योंकि चीन साइंस और टेक्नोलॉजी में भी बड़ी ताकत बनना चाहता है। भारतीय इंजीनियरों को इसका फ़ायदा हो सकता है। साथ ही चीन को भारतीय इंजीनियरों और टेक प्रोफ़ेशनलों का लाभ मिल सकता है। एक संभावना यह भी है कि अब सिलिकॉन वैली में काम करने वाले इंजीनियर चीन का रुख़ कर सकते हैं। भारत और चीन के सुधरते रिश्तों के बाद भारतीयों का चीन जाना आसान हो जाएगा। इसका फ़ायदा भारतीय प्रोफ़ेशनलों को होगा। विशेषज्ञों के अनुसार भारत के चीन के साथ भले ही रिश्ते खराब हों, लेकिन चीन ने शंघाई और शेनज़ेन समेत कई प्रांतों में हाई टेक्नोलॉजी पार्क बनाए हैं। चीन सरकार 2006-07 से भारत के आईआईटी से बड़े पैमाने पर इंजीनियरों को ले जाती रही। 'क्रिटिकल इंजीनियरिंग' में भारत के इंजीनियरों की तादाद ज्यादा है। चीनी कंपनियां टेक्नोलॉजी रिसर्च और इनोवेशन के लिए अपनी सरकार से सस्ता कर्ज लेती हैं लेकिन उनका प्रदर्शन ठीक नहीं है तो भारतीय इंजीनियर उन्हें इस संकट से उबार सकते हैं।

# न्याय, धर्मनिरपेक्षता और हमारा समाज

**भारत का संविधान किसी संग्रहालय की वस्तु नहीं - यह एक जीवित दस्तावेज़ है, जो हमारे रोज़मर्रा के लोकतांत्रिक जीवन को दिशा देता है। जस्टिस एस. मुरलीधर के हाल के विस्तृत व्याख्यान का मूल आग्रह यही था कि धर्मनिरपेक्षता, समानता और 'विधि-के-राज' को केवल जुमलों में नहीं, संस्थागत आचरण में उतारा जाए- न्यायपालिका, वकालत, प्रशासन, सेना, विद्यालय - सबमें। भारत कभी भी 'एक भाषा, एक धर्म, एक संस्कृति' का देश नहीं रहा और न कभी हो सकता है। यहाँ हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध और अनेक आदिवासी परंपराएँ समान रूप से फलती-फूलती आई हैं। यही बहुलता भारत की पहचान है और यही गर्व का कारण भी है।**

अमन नम्र

भारत का धर्मनिरपेक्ष मॉडल पश्चिम से अलग है। अमेरिका की तरह यहाँ 'चर्च और स्टेट के बीच सख्त दीवार' नहीं है। फ्रांस की तरह राज्य को धर्म में दखल देने की पूरी छूट भी नहीं है। भारतीय संविधान ने एक अनोखा रास्ता चुना - 'सभी धर्मों को समान आदर और दूरी' का रास्ता। अनुच्छेद 14 और 15 समानता और भेदभाव-निषेध की गारंटी देते हैं। अनुच्छेद 25 से 30 धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों के अधिकार सुरक्षित करते हैं। अनुच्छेद 51(ए)(ई ) हर नागरिक का यह कर्तव्य बताता है कि वह धर्म, भाषा, क्षेत्र और लिंग से ऊपर उठकर भाईचारा और सौहार्द्र बढ़ाए।

ओडिशा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रह चुके और रिटायरमेंट के बाद बतौर वकील सक्रिय न्यायमूर्ति एस. मुरलीधर ने दिल्ली के 'इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर' में एक महत्वपूर्ण व्याख्यान में कहा कि 'सेक्युलर शब्द संविधान में 42वें संशोधन (1976) से आया, लेकिन इसकी आत्मा 'संविधान सभा' की बहसों और मूल अधिकारों में पहले से मौजूद थी।' जस्टिस मुरलीधर ने 'संवैधानिक नैतिकता' को प्रशासनिक आचरण की आत्मा बताया यानि शासन और न्याय में सिर्फ़ निष्पक्ष होना काफ़ी नहीं, निष्पक्ष दिखना भी उतना ही आवश्यक है।

मसलन - शपथ के तुरंत बाद न्यायाधीशों का किसी विशेष धर्मस्थल पर बड़े पैमाने पर सार्वजनिक प्रदर्शन। निजी आस्था पर आपत्ति नहीं, पर सार्वजनिक प्रदर्शन से न्याय पर जनता का भरोसा प्रभावित होता है। दिल्ली उच्च न्यायालय के एक सार्वजनिक कार्यक्रम में हवन और मंत्रोच्चार जैसी रस्में, जिन पर जजों ने ही आपत्ति उठाई कि न्यायालय एक धर्मनिरपेक्ष संस्था है; ऐसे आयोजनों की सार्वजनिकता संवेदनशीलता माँगती है।

जस्टिस मुरलीधर के व्याख्यान ने अयोध्या मामले को 'कानून बनाम लोकप्रिय आग्रह' के रूप में परखा। लंबित मामलों की बाढ़ और 'प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट, 1991' के निर्णय के बाद भी देशभर में ज्ञानवापी, मथुरा इत्यादि से जुड़े कई नए वाद (17 मुक़दमे) दायर हुए। सुप्रीमकोर्ट ने फिलहाल इन पर रोक-टोक जैसे निर्देश दिए, पर मूल प्रश्न है- इस अधिनियम की वैधता पर शीघ्र निर्णय क्यों न हो, ताकि निचली अदालतें बंटी न रहें?

बेंच ने मध्यस्थता की सम्भावनाएँ औपचारिक रूप से आज़माईं, पर उसे पर्याप्त समय और अवसर नहीं मिला। पाँच जजों की पूर्व राय और उस दौर की राजनीतिक-सामाजिक संवेदनशीलता देखते हुए, बातचीत से रास्ता और पुख्ता बन सकता था। सुनवाई सितम्बर 2019 में समाप्त हुई और 9 नवम्बर 2019 को फैसला आया। बड़ी, बहु-खंडित फ़ाइलों वाले प्रकरण में यह असामान्य तेजी बताई गई। प्रश्न उठा कि क्या सभी जजों को हज़ारों पन्ने नाप-तौलकर पढ़ने-समझने का पर्याप्त अवसर मिला सन् 1992 की विध्वंस-घटना को सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं 'क़ानून के राज का घोर उल्लंघन' कहा, फिर भी उस समय के शीर्ष ज़िम्मेदारों पर अवमानना की कार्यवाही आगे न बढ़ना एक तरह की 'संस्थागत विस्मृति' है। निर्णय के साथ संलग्न एक 'एजेंडा/नोट' का हवाला दिया गया - जो कथित रूप से किसी गुमनाम न्यायाधीश के नाम से था और मुख्य मत से अलग निष्कर्ष पेश करता था। सवाल यह है कि क्या इसे साधारण 'समर्थक मत' की तरह पढ़ना चाहिए था, जबकि निष्कर्ष टकराते दिखते हैं? चर्चा में यह भी मत आया कि सुप्रीमकोर्ट ने अयोध्या नगर की सीमा में वैकल्पिक ज़मीन का निर्देश दिया, जबकि व्यवहार में स्वीकार्य ज़मीन क़रीब 25 किमी दूर मिली। जब समुदाय के भीतर ही सहमति न बने, तो बाहरी समन्वय और कठिन हो जाता है। इससे सीख मिलती है कि अंतर-समुदाय संवाद जितना ज़रूरी है, अंतर-समुदाय सहमति भी उतनी ही अनिवार्य है।

कर्नाटक के हिजाब विवाद में सुप्रीमकोर्ट की दो-न्यायाधीशों वाली पीठ के विपरीत दृष्टिकोण सामने आए-यही बताता है कि 'धर्म और व्यक्तिगत स्वतंत्रता' के टकराव में न्याय-तर्क कैसे बंट सकता है। स्कूल/कॉलेज को 'समानता के द्वीप' की तरह देखा गया - छात्र 'एक जैसे दिखें, महसूस करें, सोचें,' ताकि अनुशासन बना रहे। धार्मिक प्रतीकों को कक्षा-परिसर में सीमित/वर्जित मानने का आग्रह। संविधान के अनुच्छेद 19(1) (ड्) (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) और 21 (गरिमा व निजता) के आधार पर कहा गया कि गेट पर हिजाब उतरवाना छात्रा की गरिमा का अतिक्रमण है। अनुशासन ज़रूरी है, पर स्वतंत्रता और गरिमा की कुर्बानी दे कर नहीं।

अदालतें अक्सर 'अनिवार्य धार्मिक मान्यताओं' पर टिकती हैं - पर यह टेस्ट कभी-कभी न्याय को धर्मशास्त्र की बहस में धकेल देता है। समाधान यह नहीं कि इन मान्यताओं को पूरी तरह ख़त्म कर दें; बल्कि विशेषज्ञ-साक्ष्य और सावधानीपूर्ण सीमांकन ज़रूरी है, वरना हर छोटी प्रथा भी 'अनिवार्य' का दर्जा माँगने लगेगी। एक रोचक, पर शिक्षाप्रद प्रसंग-ओडिशा के हीराकुंड बाँध के उद्घाटन में स्थानीय अधिकारी ने 'राहुकाल' के कारण रिबन-कटिंग का मुहूर्त बाद का सुझाया। जवाहरलाल नेहरू ने स्थल पर पहुँचते ही तुरंत फीता काट दिया। संकेत साफ़ था - लोक-कार्यों में धार्मिक/ज्योतिषीय प्रतिबंध निर्णायक नहीं हो सकते। यानि सार्वजनिक पद पर बैठा व्यक्ति अपनी निजी आस्था रखता है, पर सार्वजनिक निर्णय वैज्ञानिकता, नागरिक हित और संवैधानिकता से निर्देशित होने चाहिए।

सबरीमला निर्णय (4-1) के दो महीने बाद ही रिव्यू में नई संरचना के साथ बहुमत बदल गया; फिर मामला सात-न्यायाधीशों की पीठ को व्यापक प्रश्नों के लिए सौंपकर 'कोल्ड स्टोरेज' में चला गया। संविधान-पीठ के फ़ैसले भी अगर महीनों में अनिश्चित हो जाएँ, तो कानून की 'अंतिमता' पर समाज का भरोसा डगमगाता है। न्यायपालिका की तरह बार भी ध्रुवीकृत हुआ है। ज़रूरत ऐसे वकीलों की है जो अदालत के सामने निडर होकर कहें - 'यह संवैधानिक रूप से अस्वीकार्य है।' संविधान से 'सेक्युलरिज़्म' हटाओ, 'रीनेमिंग कमीशन' बनाओ आदि की याचिकाएं बार-बार आती हैं और खारिज भी होती हैं; पर ये न्यायिक समय की बर्बादी है और सार्वजनिक विमर्श को हल्का करती हैं। युवा वकीलों का निचली अदालतों में जाकर कठिन मामलों को उठाना - यही लोकतांत्रिक न्यायशास्त्र को मज़बूत करेगा।एक फ़ौजी अफ़सर द्वारा 'ग़ैर-धर्मनिरपेक्ष प्रथाओं' पर आपत्ति उठाने के बाद बर्ख़ास्तगी - फिर अपील खारिज - जैसे प्रसंग सामने आए। यह प्रवृत्ति ख़तरनाक है। धर्मनिरपेक्षता केवल न्यायालय का मूल्य नहीं, सेना से लेकर स्कूल तक हर संस्थान की कार्य-संस्कृति का आधार होना चाहिए।

कुछ पूर्व-न्यायाधीशों का राजनीति में जाना नया नहीं है, पर आवृत्ति बढ़ी-सी लगती है। कुछ न्यायाधीशों के सार्वजनिक वक्तव्यों में 'दैवी-प्रेरणा से निर्णय लिखा' जैसी बातें भी आईं। प्रश्न यह नहीं कि व्यक्ति क्या मानता है; प्रश्न है-निर्णय का तर्क किस पर टिका है? संविधान पर या निजी-आस्था पर?

धर्मनिरपेक्षता का बीजारोपण स्कूलों में हो। सुबह की प्रार्थना, पर्व-उत्सव, कक्षा के आख्यान-सबमें समावेशिता। 'भारत-पाक मैच' या किसी घटना के बाद मुस्लिम बच्चों को 'पाकिस्तानी' कहकर चिढ़ाना-यह दीर्घकालिक आघात छोड़ता है। अनुशासन और समरूपता के नाम पर गरिमा-स्वतंत्रता-विविधता की बलि न चढ़े। जस्टिस मुरलीधर के व्याख्यान में एक अहम बात थी - अंतर-समुदाय (हिन्दू-मुस्लिम) संवाद जितना ज़रूरी है, उतना ही ज़रूरी इंट्रा-समुदाय (समुदाय के भीतर) सहमति बनाना भी है। अयोध्या में मस्जिद के लिए वैकल्पिक ज़मीन को लेकर वक़्फ़ बोर्ड/स्थानीय पक्षों के बीच अलग-अलग रुख़-इसी ने अंतिम चयन को जटिल बनाया। पहले घर के भीतर बातचीत की संस्कृति मजबूत करें-तभी बाहर से भी सकारात्मक संवाद सम्भव होगा। जस्टिस मुरलीधर का आग्रह स्पष्ट है-न्यायपालिका हो या वकालत, सेना हो या विद्यालय-संवैधानिक नैतिकता को सार्वजनिक आचरण में जड़ देना होगा। अदालतें काउंटर-मेज़ॉरिटेरियन संस्थाएँ हैं-उन्हें लोकप्रिय दबाव नहीं, कानून और अधिकारों से संचालित होना चाहिए। वकीलों को ध्रुवीकरण छोड़कर साहसी संवैधानिक पैरवी करनी होगी। संस्थाओं के भीतर धर्मनिरपेक्ष चरित्र की रक्षा पर सजग रहना होगा। समाज में, विशेषकर स्कूलों में, विविधता का उत्सव मनाना होगा, तभी अगली पीढ़ी 'सेक्युलर इंडिया' को निजी अनुभव के रूप में जी पाएगी, न कि सिर्फ़ किताबों में पढ़ेगी। अंत में, नेहरू-हीराकुंड का पाठ याद रखिए। सार्वजनिक निर्णय मुहूर्त नहीं देखते-नागरिक हित देखते हैं। यही लोकतंत्र की रीढ़ है और यही संविधान का मर्म।

(सप्रेस)

अध्यात्म

# सत्संग की सही शिक्षा



एक संत ने अपने दो शिष्यों को दो डिब्बों में मूँग के दाने दिये और कहाः ये मूँग हमारी अमानत हैं।

ये सड़े गले नहीं बल्कि बढ़े-चढ़े यह ध्यान रखना। दो वर्ष बाद जब हम वापस आयेंगे तो इन्हें ले लेंगे।

संत तो तीर्थयात्रा के लिए चले गये। इधर एक शिष्य ने मूँग के डिब्बे को पूजा के स्थान पर रखा और रोज उसकी पूजा करने लगा।

दूसरे शिष्य ने मूँग के दानों को खेत में बो दिया। इस तरह दो साल में उसके पास बहुत मूँग जमा हो गये।

दो साल बाद संत वापस आये और पहले शिष्य से अमानत वापस माँगी तो वह अपने घर से डिब्बा उठा लाया और संत को थमाते हुए बोलाः

गुरूजी ! आपकी अमानत को मैंने अपने प्राणों की तरह सँभाला है। इसे पालने में झुलाया, आरती उतारी, पूजा-अर्चना की...

संत बोलेः अच्छा ! जरा देखूँ तो सही कि अन्दर के माल का क्या हाल है ?

संत ने ढक्कन खोलकर देखा तो मूँग में घुन लगे पड़े थे। आधे मूँग की तो वे चटनी बना गये, बाकी बचे-खुचे भी बेकार हो गये।

संत ने शिष्य को मूँग दिखाते हुए कहाः क्यों बेटा! इन्ही घुनों की पूजा अर्चना करते रहे इतने समय तक !

शिष्य बेचारा शर्म से सिर झुकाये चुप चाप खड़ा रहा। इतने में संत ने दूसरे शिष्य को बुलवाकर उससे कहाः अब तुम भी हमारी अमानत लाओ।

थोड़ी देर में दूसरा शिष्य मूँग लादकर आया और संत के सामने रखकर हाथ जोड़कर बोलाः गुरूजी ! यह रही आपकी अमानत। संत बहुत प्रसन्न हुए और उसे आशीर्वाद देते हुए बोलेः बेटा ! तुम्हारी परीक्षा के लिए मैंने यह सब किया था।

मैं तुम्हें वर्षों से जो सत्संग सुना रहा हूँ, उसको यदि तुम आचरण में नहीं लाओगे, अनुभव में नहीं उतारोगे तो उसका भी हाल इस डिब्बे में पड़े मूँग जैसा हो जायेगा।

# एडवर्ड सईद और फिलिस्तीन

**निर्वासित,प्रवासी शरणार्थी और तमाम धकियाये हुए लोग जो अपनी जड़-जमीन से उखड़ गए हैं उन्हें इस नए परिवेश में रहना पड़ता है। वे जो कुछ कर रहे हैं उसमें रचनात्मकता के साथ साथ एक अवसाद को भी देखा जा सकता है। यह उन नए अनुभवों में से एक है जिसका वृत्तांत और ऐतिहासिक अभिलेख अभी लिखा जाना है। फिलिस्तीन में परिस्थितियों के लगातार बिगड़ते जाने के बाद भी एडवर्ड सईद अंतिम समय तक निराश नहीं हुए थे। मुक्ति और शांति के लिए अहिंसक किस्म के संघर्ष की दिशा में अपनी जनता का आवाहन उनकी शक्ति का स्त्रोत बना रहा। सईद का जीवन मनुष्यता के समग्र और अखंडित स्वप्न से जुड़ा हुआ था।**

चित्रा माली

फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष का विश्लेषण अलग-अलग परिप्रेक्ष्य में लगातार किया जाता रहा है और किया जा रहा है। इस संघर्ष का सबसे बड़ा कारण दोनों देशों का येरूशलेम पर आधिपत्य स्थापित करना है,क्योंकि यह यहूदी,ईसाई और इस्लाम का धार्मिक स्थल है। इज़रायल और फिलिस्तीन दोनों ही इसे अपनी राजधानी बनाना चाहते हैं। दोनों देशों के इस संघर्ष के परिणामों को सोशल मीडिया पर कई वीडियो और फोटोज के माध्यम से जो बेहद ही दर्दनाक है हम सभी ने देखें हैं। युद्ध और संघर्ष की स्थितियां हमेशा ही घातक और खतरनाक साबित होती है इससे हम सभी वाकिफ़ है। लेकिन इससे कोई सबक हम नहीं लेते हैं बल्कि इसके औचित्य को सिद्ध करने में लगे रहते हैं।

बहरहाल यरूशलेम एक ऐसी जगह है जो तीन महान धार्मिक विश्वासों की केंद्र स्थली रही है, एक ऐसा शहर जो संस्कृतियों और धर्मों को अपने में समेटे हुए है यह ज़मीन का ऐसा टुकड़ा है जिसमें आकर सभी एक दूसरे में समा जाते हैं। यरूशलम में ही एडवर्ड सईद का जन्म हुआ था और यरूशलम उनके लिए एक मिथक था। सईद एक संपन्न फिलिस्तीनी ईसाई परिवार में जन्मे थे। सईद के पिता प्रथम विश्वयुद्ध के पूर्व ही अमेरिका चले गए थे और बाद में वे सेना में भर्ती हुए और युद्ध के एक वर्ष बाद अमेरिकी नागरिक के रूप में फिलिस्तीन चले आए और यहीं पर व्यापार करने लगे। व्यापार फिलिस्तीन और मिस्र के बीच होता था जिससे सईद का परिवार कभी भी स्थायी रूप से एक जगह नहीं रहा। अमरीकी नागरिकता के साथ फिलिस्तीन में रहने के कारण उनके व्यक्तित्व में बचपन से ही एक फांक थी। यह एक विचित्र किस्म का सम्मिश्रित व्यक्तित्व था। भाषा को लेकर भी उनका व्यक्तित्व अरबी और अंग्रेजी के बीच बंटा हुआ था।

वे कहते हैं मुझे नहीं मालूम है कि मेरी पहली भाषा कौन-सी है। मुझे बस इतना मालूम है कि ये दोनों भाषाएं मेरे जीवन में हमेशा साथ में रही हैं और एक भाषा में दूसरी भाषा की प्रतिध्वनियां गूंजती रही हैं। कभी विडम्बनात्मक रूप में,कभी नॉस्टेलजिया के रूप में। ज्यादातर तो एक भाषा दूसरी को सुधारती हुई और उस पर टिप्पणी करती रही है। वे कहते है ये दोनों ही भाषाएं मेरी प्रथम भाषा है और शायद दोनों ही नहीं हैं। सईद ने अपनी संस्मरणों की किताब 'आउट ऑफ प्लेस' में इसका जिक्र किया है। वे इस किताब की भूमिका में लिखते हैं कि यह बुनियादी रूप से एक खोयी हुई या विस्मृत दुनिया का वृतांत है। कुछ साल पहले जब मुझे पता चला कि मैं एक असाध्य रोग से ग्रसित हूं तो मुझे महसूस हुआ कि अरब की दुनिया में मैंने जो जीवन जिया और जहां मेरा जन्म हुआ और जहां मैंने अपने आरंभिक वर्ष बिताए थे और अमेरिका में जहां मैंने स्कूल,कॉलेज और विश्वविद्यालय की पढ़ाई पूरी की थी क्यों न उन सब का एक निजी लेखा जोखा तैयार कर आने वाली पीढ़ी के लिए छोड़ जाऊं। मैंने इसमें बहुत सारे लोगों का और



जगहों का जिक्र किया है जो अब मौजूद नहीं है लेकिन मुझे आश्चर्य होता है कि वह मेरे जेहन के अंदर कितनी अधिक समायी हुई है। सूक्ष्म ब्यौरों और चकित कर देने वाली ठोस तफसीलों के साथ। वे कहते है कि मुझे लगता है कि जब हमारी स्मृति पर किसी खास तरह की गतिविधियों और उद्देश्यों का नियंत्रण नहीं रहता तो वह ज्यादा बेहतर तरीके से और खुलकर कार्य करती है। स्मृतियों के इस वृतांत को पूरा करने के बाद सईद 1998 में यरूशलम गए और फिर वहां से काहिरा।

सईद के पास अमेरिका का पासपोर्ट था जिसमें उनके यरुशलम में जन्म का उल्लेख था। इस वजह से इजरायली अधिकारी उनसे सवाल पूछते थे कि वे अपने जन्म के कितने समय बाद इसराइल से चले गए थे। सईद इसका जवाब देते हुए बताते थे कि दिसंबर 1947 में मैंने फिलिस्तीन छोड़ दिया और 'फिलिस्तीन' शब्द पर विशेष जोर देते थे। फिर सईद से दूसरा प्रश्न पूछा जाता कि क्या तुम्हारे रिश्तेदार यहां है? और वे जवाब देते कोई नहीं और गहरे अवसाद में खो जाते क्योंकि 1948 से ही उनका समूचा परिवार इस जगह से उजाड़ दिया गया था और इसके बाद वे वह निर्वासित ही रहे है। 1947 में फलस्तीन छोड़ने के बाद पहली बार वे 1992 में पश्चिम यरूशलम में अपना पैतृक निवास को देखने गए थे जहां उनका जन्म हुआ था। एडवर्ड सईद लिखते है कि उनका अपना घर कहीं नहीं था और दुनिया में हर जगह था।

उन्होंने स्वयं को बीसवीं शताब्दी के उस निर्वासित व्यक्ति के रूप में देखा था जो स्थाई रूप से अनिकेत रहता है। बारह वर्ष की आयु में ही एडवर्ड सईद को हजारों फिलिस्तीनी परिवारों की तरह अपनी जड़-जमीन से उखड़ना पड़ा। इसी विस्थापन या निर्वासन की स्मृतियों को वे लगातार जीते रहे और इसी कारण वे फिलिस्तीनी संघर्ष के प्रमुख प्रवक्ता बन गए थे। फिलिस्तीन की निराश्रित जनता के दुख दर्द से वे पूरी तरह जुड़ गए थे। ये दर्द कहीं न कहीं उनका अपना दर्द था,अपनी जड़ों से विस्थापन का दर्द था, जिसको उन्होंने बेघर और बेदखल फिलिस्तीनी जनता के दर्द से आत्मसात कर अपनी किताब के रूप में विश्व के सामने रखा।

सईद लिखते है कि पिछले तीन दशकों में जो एक सबसे बड़ा तथ्य उभरकर आया है वह यह है कि युद्ध,उपनिवेशवाद की प्रक्रिया और उपनिवेशवाद के खिलाफ लड़ाई,आर्थिक और राजनीतिक क्रांति,अकाल,जातीय नरसंहार और शक्ति के विशाल तंत्र के विनाशकारी परिणामों की वजह से एक विराट संख्या में मनुष्यों की आबादियां अपनी जड़ - जमीन से बेदखल हो गई है। निर्वासित,प्रवासी शरणार्थी और तमाम धकियाये हुए लोग जो अपनी जड़-जमीन से उखड़ गए हैं उन्हें इस नए परिवेश में रहना पड़ता है। वे जो कुछ कर रहे हैं उसमें रचनात्मकता के साथ साथ एक अवसाद को भी देखा जा सकता है। यह उन नए अनुभवों में से एक है जिसका वृत्तांत और ऐतिहासिक अभिलेख अभी लिखा जाना है। फिलिस्तीन में परिस्थितियों के लगातार बिगड़ते जाने के बाद भी एडवर्ड सईद अंतिम समय तक निराश नहीं हुए थे। मुक्ति और शांति के लिए अहिंसक किस्म के संघर्ष की दिशा में अपनी जनता का आवाहन उनकी शक्ति का स्त्रोत बना रहा। सईद का जीवन मनुष्यता के समग्र और अखंडित स्वप्न से जुड़ा हुआ था। सईद ने यह भी साबित किया कि किसी उद्देश्य के लिए समर्पित होने का अर्थ नेतृत्व के प्रति या किन्हीं प्रतीकों के प्रति आंख मूंदकर समर्पित होना नहीं है। आत्म आलोचनात्मक दृष्टि बहस और संवाद का रास्ता हर स्थिति में जरूरी है। सईद सही अर्थों में बौद्धिक बेचैनी, मानवीयता, करुणा और रचनात्मकता से भरे एक बेमिसाल व्यक्तित्व थे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी आय बढ़ने से आप अत्यन्त उत्साहित रहेंगे। अधिकारों के साथ आपको अपने उत्तरदायित्व की चिन्ता रहेगी। कुसंगति से बचना चाहिये।

**वृषभ**
आज आप अत्यन्त प्रसन्न रहने वाले हैं। प्रतियोगी परीक्षा में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है। दूसरों की भलाई और सेवा में लगे रहेंगे।

**मिथुन**
घर के लोगों के व्यवहार से आपको परेशानी होगी। आपको अपने खर्चों पर नियन्त्रण रखना होगा। बीमार लोगों को स्वास्थ्य लाभ हो सकता है।

**कर्क**
कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। व्यवसाय में उत्तम डील प्राप्त हो सकती है। जीवनसाथी के प्रति विश्वास बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं।

**सिंह**
गृहस्थ जीवन थोड़ा उथल-पुथल भरा हो सकता है। अपनी जीवनशैली को सन्तुलित रखें। घर के नवीनीकरण पर धन खर्च कर सकते हैं।

**कन्या**
नजदीकी मित्रों के साथ काफी अच्छा समय बितायेंगे। सही दिशा में किये गये कार्यों से आपको लाभ मिलेगा। जीवनसाथी के व्यवहार से अत्यन्त सन्तुष्ट रहेंगे।

**तुला**
व्यापार में अचानक गिरावट आने की आशंका है। संवेदनशील विषयों को लेकर बहस न करें। काम करने के दौरान अपने मन को शान्त रखें।

**वृश्चिक**
दिन का शुरुआती भाग आपके लिये शुभ रहेगा। आप दूसरों पर अपने व्यक्तित्व की छाप डाल पायेंगे। बच्चों को अपने माता-पिता से सम्वाद रखना चाहिये।

**धनु**
व्यवसाय में लक्ष्यों को पूर्ण कर सकते हैं। घर के सदस्यों के साथ आप पूजा पाठ में बैठ सकते हैं। दोस्तों के साथ मिलकर नयी परियोजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।

**मकर**
अनुशासनहीनता के कारण आप अपने अवसरों का लाभ नहीं उठा पायेंगे। पुराने अनुभवों से लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। पूरा दिन आनन्द और मनोरञ्जन में ही बीतने वाला है।

**कुंभ**
आज जो भी बोलें सोच-समझकर ही बोलें। असामाजिक तत्वों से आपका सामना हो सकता है। उत्तम होगा की आज सबसे विनम्र भाव ही रखें।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। रुके हुये सभी कार्य आसानी से हो जायेंगे। भाई-बहनों के साथ आनन्दपूर्ण समय व्यतीत करेंगे।

# रिफाइनरी में स्वच्छता ही सेवा के तहत श्रमदान

## स्वस्थ और स्वच्छ पर्यावरण निर्माण के लिए किया प्रेरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी स्वच्छता ही सेवा अभियान के हिस्से के रूप में राष्ट्रव्यापी आह्वान एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वतंत्रता के लिए उत्साहपूर्वक गुरुवार को बरौनी रिफाइनरी में एक सामूहिक श्रमदान का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व रिफाइनरी प्रमुख, सत्य प्रकाश ने कार्यकारी निदेशक (परियोजनाएं और कोर ग्रुप), संजय रायजादा, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), भास्कर हजारिका, मुख्य महाप्रबंधक (कोर ग्रुप), राजू माशाहारी, बरौनी रिफाइनरी वरिष्ठ प्रबंधन टीम के अन्य सदस्यों, इंडियन ऑयल आफिसर्स असोशिएशन और बीटीएमयू के



प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया। बरौनी रिफाइनरी के कर्मचारी स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल हुए। सामूहिक रूप से उन्होंने रिफाइनरी परिसर और उसके आसपास व्यापक श्रमदान किया। जिससे रिफाइनरी के स्वच्छ, हरित और टिकाऊ भविष्य के प्रति संकल्प की पुष्टि हुई। कर्मचारियों और नेतृत्व टीम की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इस पहल को एकता और प्रतिबद्धता के जीवंत प्रदर्शन में बदल दिया। इस सफल अभियान ने न केवल स्वच्छ भारत अभियान को समर्थन दिया, बल्कि कर्मचारियों को एक स्वस्थ और स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित भी किया।

## घरेलू सहायिकाओं के लिए जागरूकता शिविर

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी रिफाइनरी ने टाउनशिप में स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रीय अभियान के तहत घरेलू सहायिकाओं के लिए एक स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य घरेलू सहायिकाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाना और उन्हें स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत रिफाइनरी की डक्टरों द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता एवं मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। जिसमें डक्टरों ने घरेलू सहायिकाओं को दैनिक जीवन में अपनाई जाने वाली स्वच्छता आदतों, तनाव प्रबंधन और संतुलित जीवन शैली के महत्व के बारे में बताया। साथ ही एक प्रारम्भिक स्वास्थ्य जाँच शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण कर प्रतिभागियों को आवश्यक परामर्श दिया गया।इस कार्यक्रम से रिफाइनरी टाउनशिप की लगभग 165 घरेलू सहायिकाएँ लाभान्वित हुईं। बरौनी रिफाइनरी द्वारा किया गया। यह प्रयास समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान की दिशा में एक सार्थक कदम है। जो रिफाइनरी की सामाजिक जिम्मेदारी और महिला सशक्तिकरण की भावना को और मजबूती प्रदान करता है।

## महिला रोजगार की पहली किश्त हस्तांतरित

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 75 लाख महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत पहली किस्त 10-10 हजार रुपए प्रति लाभुक की दर से 75,00 करोड़ रुपये सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे। उपरोक्त कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण प्रेक्षा गृह आर्ट गैलरी कंकौल बेगूसराय में किया गया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, उप विकास आयुक्त बेगूसराय, सहायक समाहर्ता बेगूसराय सहित अन्य बड़ी संख्या में जीविका दीदियों एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। इसके साथ ही जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों, पंचायत कार्यालयों के साथ साथ राजस्व ग्राम में भी कार्यकम का आयोजन किया गया। जहां महिला जीविका दीदियों के साथ साथ पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया।

## एक नजर

### 1330 लीटर विदेशी शराब बरामद

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बृहस्पतिवार की देर रात शिवाजीनगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में ग्राम परसा स्थित चिमनी के बगल में परसा गाछी इलाके में छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस ने पीछा कर एक बोलेरो पिकअप को पकड़ने में सफलता पाई जब वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें से कुल 1330.2 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। हालांकि, अंधेरे का फायदा उठाकर शराब कारोबारी मौके से फरार होने में सफल रहा थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि फरार कारोबारी की पहचान कर ली गई है। उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है गौरतलब है कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है, इसके बावजूद शराब माफिया चोरी-छिपे कारोबार करने में सक्रिय रहते हैं। लेकिन पुलिस लगातार ऐसे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए अभियान चला रही है पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

### पोलियो उन्मूलन पर एक दिवसीय कार्यशाला

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में 12 अक्टूबर से होने वाले पोलियो उन्मूलन अभियान की सफलता हेतु दल कर्मियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता चिकित्सा पदाधिकारी डा नीतिन कुमार ने की। डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि अमरेश कुमार ने दल कर्मियों को कार्य के दौरान बेहतर कार्य संपादन में घर में पूछे जाने वाले प्रश्नों के संबंध में जानकारी दी। पोलियो की प्राथमिकता में क्षेत्र में नवजात शिशुओं की खोज कर दो बूंद दवा पिला कर नवजात पुस्तिका में दर्ज करने के तरीके की जानकारी दी। नवजात पुस्तिका में दर्ज पुराने नवजात की खोज कर दवा पिलाकर प्रतिरक्षित करने, बासा, बथान, गली, कूचे, ईट भठ्ठा, स्कूल, आंगनबाड़ी सेन्टर भ्रमण कर 0-05 वर्ष के बच्चों को दवा पिला कर प्रतिरक्षित करने का निर्देश दिया। कार्य के दौरान भरे जाने वाले पी तथा एक्स टेलीसीट भरने के तरीके को बताया। क्षेत्र में अचानक लूज, पूंज हुए व्यक्ति की खोज कर इसकी पीएचसी में सूचना देने का भी निर्देश दिया। मौके पर बीएमसी गोपाल शर्मा, बी सीएम उषा कुमारी दल कर्मी डेजी, धर्म शीला, रोजी, मुन्नी, किरण, प्रभा, रानी आदि ने हिस्सा लिया।

### शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में शुक्रवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय सेदपुर विष्णुपुर में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में हेडमास्टर संजीत कुमार महतो ने अभिभावकों से विद्यालय के शैक्षणिक विकास में सहयोग की अपील की। अर्द्धवार्षिक परीक्षा में छात्रों के स्तर की जानकारी दी गई। इसे और बेहतर बनाने हेतु बच्चों को नियमित स्कूल भेजने तथा होमवर्क करने में सहयोग करने की अपील की। साफसुथरे स्कूल यूनीफर्म में ससमय स्कूल भेजने के साथ साथ अन्य गतिविधियों पर भी ध्यान रखने की अपील की गई।स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत अभिभावकों को व्यक्तिगत साफ सफाई के साथ साथ आसपास को भी साफसुथरा रखने के लिए सप्ताह में कम से कम दो घंटे समय देने का अनुरोध किया।

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत 75 लाख महिला लाभुकों को बड़ी सौगात दी है। इस योजना के तहत प्रत्येक महिला लाभुक को 10,000 रुपए की दर से कुल 7500 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को उनकी पसंद के रोजगार की शुरूआत के लिए आर्थिक आधार प्रदान करना है। योजना के तहत महिलाओं को प्रारंभिक सहायता राशि के रूप में 10,000 रुपए दिए जा रहे हैं। रोजगार शुरूकरने के बाद आकलन के आधार पर उन्हें आगे 2 लाख रुपए तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। यह योजना सामुदायिक सहकारिता पर आधारित है। इसके तहत लाभुकों को स्थानीय स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाएगा। राज्य के 11 लाख से अधिक सक्रिय स्वयं सहायता समूहों और उनसे जुड़ी 1 करोड़ 40 लाख से ज्यादा जीविका दीदियों की संगठनात्मक व्यवस्था का लाभ लाभुक महिलाओं तक पहुंचेगा। महिलाओं को प्रशिक्षण, उत्पादन सहयोग और उनके उत्पादों की बिक्री के लिए गांव से शहरों तक हाट-बाजार की व्यवस्था विकसित की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह योजना जिला जदयू महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्षा लक्ष्मी देवी, प्रदेश जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष ड सुन्देश्वर प्रसाद सिंह, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष शशिभूषण महतो, महेंद्र मालाकार ने संयुक्त रूप से कहा कि इस योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर व स्वालंबन बनेंगे। उपरोक्त लोगों ने इस योजना के शुभारंभ करने के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को साधुवाद दिया है।

## रिफाइनरी में ओपेन हाउस का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी ने गुरुवार को मैकेनिकल वर्कशॉप में अपना मासिक ओपन हाउस एवं शॉप फ्लोर गोष्ठी आयोजित किया। जिसमें रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश, कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप), संजय रायजादा, मुख्य महाप्रबंधक (कोर ग्रुप), राजू माशाहारी, महाप्रबंधकों, उप महाप्रबंधकों, आईओओए और बीटीएमयू के प्रतिनिधियों, कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों के बीच खुली बातचीत का एक मंच प्रदान किया गया। इस सत्र का उद्देश्य संचार को मजबूत करना, समावेशिता को बढ़ावा देना और साझा विचारों के माध्यम से सामूहिक विकास को गति देना था।चर्चा के दौरान, कर्मचारियों ने अपने सुझाव दिये और परिचालन चुनौतियों एवं सुधार के क्षेत्रों पर प्रकाश डाला गया। रिफाइनरी प्रमुख ने उनकी सक्रिय भागीदारी और उनके समर्पित योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने एक ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया ताकि सभी कार्यों में अधिक दक्षता और निरंतर प्रदर्शन हासिल किया जा सके। कर्मचारियों को रिफाइनरी प्रमुख ने आश्वासन दिया कि उनके मूल्यवान सुझावों को आगामी योजनाओं, जैसे कि व्यावहारिक उपकरणों को शामिल करने, यांत्रिक प्रस्तावों के लिए विशेष प्रशिक्षण, और बेहतर स्टोरेज रखरखाव प्रक्रियाओं में एकीकृत किया जाएगा। जिन्हें प्रमुख फोकस क्षेत्रों के रूप में उजागर किया गया था। सत्र के समापन पर रिफाइनरी प्रमुख ने नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं और फिर से पुष्टि की कि ऐसी मासिक बातचीत से रिफाइनरी में उत्पादक समाधान उत्पन्न होंगे। जो बरौनी रिफाइनरी की प्रगति और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करेंगे।

## पीएम ने जीविका दीदी से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड मुख्यालय के पुराना भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को लेकर जीविका दीदी से बात की। बताया कि इस योजना के अंतर्गत राज्य की 75 लाख महिला लाभुकों को 10,000 रुपए प्रति लाभुक की दर से 7500 करोड़ रुपए की राशि के अंतरण कार्यक्रम में शामिल हुआ। इस का मुख्य लक्ष्य राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता देना है। इसके तहत




आर्थिक सहायता के रूप में 10000 रुपए की प्रारंभिक राशि दी जाएगी। महिलाओं द्वारा रोजगार शुरू करने के बाद आकलन कर 2 लाख तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह सामुदायिक सहकारिता आधारित योजना है। योजना से लाभान्वित कराने के लिए लाभुकों को पहले स्थानीय स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जाएगा। लाभुकों को राज्य में सफलतापूर्वक कार्यरत 11 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 1 करोड़ 40 लाख से अधिक जीविका दीदियों की संगठनात्मक व्यवस्था का सहयोग मिलेगा। प्रशिक्षण, उत्पादन में सहयोग के साथ ही महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए गांव से शहरों तक हाट-बाजार भी विकसित किए जाएंगे। इस योजना के क्रियान्वयन से न सिर्फ महिलाओं की स्थिति और ज्यादा मजबूत होगी बल्कि राज्य के अंदर ही रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी। स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता पर केंद्रित इस योजना के माध्यम से राज्य एवं देश के आर्थिक विकास को बल मिलेगा। कार्यक्रम में बड़हरा 20 सूत्री अध्यक्ष शुभम पांडेय, उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल, बीपीएम श्याम कुमार, नागेंद्र सिंह, संतोष सिंह संतु, बिनोद कुमार के साथ जीविका दीदी शामिल हुई।

## हिंदी संस्थान ने कवि अशांत को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड के मुक्तक सम्राट के नाम से जाने वाले कवि अशांत भोला सिंह को हिंदी साहित्य संस्थान ट्रस्ट नई दिल्ली ने उनके भवानन्दपुर स्थित आवास पर आकर साहित्य शिखर सम्मान से सम्मानित किया। जिसमें उन्हें शील्ड, प्रशस्ति पत्र, शाल और नगद राशि प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान हिंदी साहित्य संस्थान ट्रस्ट की अध्यक्ष विभा राज वैभवी की ओर से प्रदान किया गया। इस सम्मान समारोह में अन्य लोगों के अलावा संजय शक्ति राज, प्रशांत, और हिंदी विभाग के प्रोफेसर डा. जियाउर रहमान जाफरी समेत कई लोग मौजूद थे। उन्हें सम्मानित करते हुए वैभवी ने कहा कि हिंदी साहित्य की निस्वार्थ भाव से उन्होंने जितनी सेवा की है। वह अलौकिक और अद्वितीय है। वहीं डा जाफरी ने कहा कि अशांत भोला सिंह एक ऐसे कवि हैं। जिन्होंने साहित्य की लंबी साधना की है। खासकर बेगूसराय में साहित्यिक माहौल बनाने और लोगों को कविता की तरफ आकर्षित करने में उन्होंने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अशांत भोला ने इस अवसर कहा कि मैं इस पुरस्कार को पाकर हर्षित हूँ। यह सम्मान हमें आगे और बेहतर लिखने की शक्ति प्रदान करेगी।

## दीपक का बॉलीवॉल में निर्णायक के रुप में चयन

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने राज्यस्तरीय वॉलीबाल बालक प्रतियोगिता में भोजपुर के दीपक कुमार सिंह को निर्णायक के रूप में चयन किया गया है। दीपक मूल रुप से भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखंड के बड़का लौहर गांव के निवासी है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा मशाल राज्यस्तरीय खेल वॉलीबाल प्रतियोगिता बेगूसराय में 5 से 6 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाला है। जिसमें निर्णायक के रूप में खेल प्राधिकरण पटना ने भोजपुर के लाल दीपक कुमार सिंह का चयन किया है। दीपक काफी तेज तर्रार निर्णायक के रूप में गिने जाते हैं। इनकी इन्हीं कौशल को देखकर खेल प्राधिकरण ने इन्हें राज्य सरकार की भिन्न भिन्न वॉलीबाल प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में चयन करती आ रही है। अभी वे राज्य सरकार में शारीरिक

## जिले में 200 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की नियुक्ति

### मंत्री ने किया सीएचओ के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने की दिशा में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह के कर-कमलों द्वारा 200 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) की नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 145 उप-स्वास्थ्य केन्द्रों को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के रूप में प्रारंभ किया गया। इन केन्द्रों पर नियुक्त किए गए सीएचओ ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराएँगे।वस्त्र मंत्री श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और आम जनता तक सहज पहुँच सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीएचओ की नियुक्ति से गाँव-गाँव में बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध होंगी और लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों के लिए दूरस्थ अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएचओ की जिम्मेदारियाँ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की भूमिका बहुआयामी होगी। बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना खाँसी, जुकाम, बुखार, सिरदर्द, पेट दर्द, छोटी चोटों आदि का उपचार।सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का क्रियान्वयन आयुष्मान भारत, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान जैसी योजनाओं को गाँव-गाँव तक पहुँचाना।ग्रामीण स्वास्थ्य ढाँचा मजबूत होगा।छोटी बीमारियों के उपचार के लिए अस्पतालों पर दबाव कम होगा।जनता को समय पर उपचार और परामर्श मिलेगा।स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।जिले में 200 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की नियुक्ति और 145 उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का शुभारंभ स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। यह कदम न केवल जिला बल्कि राज्य स्तर पर भी स्वास्थ्य सेवा सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

## नियमित टीकाकरण में मीडिया की भूमिका विषय पर कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** जिला स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ के तत्वावधान में आज नियमित टीकाकरण में मीडिया की भूमिका विषय पर एकदिवसीय जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ अशोक प्रसाद, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ धन्जय प्रसाद जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नागेन्द्र गुप्ता, यूनिसेफ के पीसीआई कामता प्रसाद एवं अमित कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। सिविल सर्जन डॉ प्रसाद ने कहा कि नियमित टीकाकरण बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अत्यंत



आवश्यक है। मीडिया इस संदेश को समाज के हर कोने तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. धनंजय कुमार ने कहा कि मीडिया के सहयोग से 'मिशन इंद्रधनुष' जैसे कार्यक्रमों को ज़मीनी स्तर तक सफल बनाया जा सका है। जबकि कई बार आफवाहों और जानकारी की कमी के कारण अभिभावक टीकाकरण से दूर रहते हैं, जिसे मीडिया सही जानकारी देकर बदल सकता है। यूनिसेफ के अमित कुमार ने कहा कि नियमित टीकाकरण से खसरा, पोलियो, डिप्थीरिया, काली खांसी जैसी बीमारियों को रोका जा सकता है। वहीं मीडिया के माध्यम से इन बीमारियों और टीकाकरण से जुड़ी सही जानकारी आमजन तक पहुंचाना अनिवार्य है। पीसीआई के प्रतिनिधि कामता प्रसाद ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य मीडिया को नियमित टीकाकरण कार्य से जुड़ी जानकारी देना, जन जागरुकता बढ़ाना और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए मीडिया के साथ समन्वय स्थापित करना है। कार्यशाला में उपस्थित स्थानीय पत्रकारों ने भी अपने विचार साझा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाने का आश्वासन दिया। कार्यशाला में यूनिसेफ के सदाब, आनंद कुमार, पीसीआई के प्रखंड समन्वयक शिवानी कुमारी, सुनील कुमार साह, अभिषेक कुमार एवं मुकेश कुमार भी मौजूद थे।

## महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह युवा पीढ़ी के लिये हैं प्रेरणास्त्रोत : डॉ. अनिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह जयंती समारोह का आयोजन बर्सर सह इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह प्रख्यात समाज सुधारक, दानवीर, शिक्षाप्रेमी और दूरदर्शी शासक थे। वे भारतीय रियासतों के उन गिने-चुने शासकों में थे जिन्होंने धन-संपत्ति को जनकल्याण के लिए उपयोग किया। शिक्षा, समाज-सुधार और संस्कृति के क्षेत्र में उनका योगदान इतना गहरा है कि आज भी मिथिला और बिहार में उनका नाम आदरपूर्वक लिया जाता है। महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह ने बिहार और बंगाल क्षेत्र में शिक्षा के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने कोलकाता विश्वविद्यालय और अन्य शैक्षिक संस्थानों को दान दिए। पटना कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थाओं को वे आर्थिक सहायता करते थे। उन्होंने समाज में फैली रूढ़ियों को कम करने और शिक्षा व जागरूकता को बढ़ावा देने के प्रयास किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. मनोज कुमार वर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. नंद किशोर झा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कुमार नरेंद्र नीरज, गणित विभागाध्यक्ष डॉ. रंजन कुमार, सतीश कुमार सिंह, चंद्रनाथ मिश्र व डाटा एंट्री ऑपरेटर अनूप कुमार झा सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष व कर्मी उपस्थित थे।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. ईएलएस/एसडीएएच/ओटी/25-005, दिनांक 24.09.2025,** वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर/ईएमयू/सियालदह, प्रथम तल, कंट्रोल बिल्डिंग, सियालदह, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. ईएलएस/एसडीएएच/ओटी/25-005, कार्य का नाम** : संलग्न कार्यसूची के अनुसार सियालदह मंडल में ईएमयू/एमईएमयू कोचों के लिए कम्पोजिट सिलिंडर फायर एक्सटिंग्यूशर (चोरी-रोधी उपकरण के साथ) 6 केजी एबीसी पाउडर के प्रावधान के साथ आपूर्ति एवं संस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु.5,46,23,734/-, **बयाना राशि:** रु. 4,23,100/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **समापन अवधि:** 06 माह। **अंतिम तिथि:** दिनांक 24.10.2025 को 11.00 बजे। निविदा सूचना का विवरण एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-211/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: डब्ल्यूटी-02-जीएसयू-एएसएन-25-26, दिनांक: 25.09.2025,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/इंजीनियरिंग, गति शक्ति यूनिट, आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा संख्या: डब्ल्यूटी-02-जीएसयू-एएसएन-25-26, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल की गति शक्ति यूनिट के अंतर्गत छोटा अमबोना में अप द्वितीय लूप, तुलसीटांड़ में अप लूप के निर्माण, सोनाचारा में आइसोलेशन के साथ पूर्ण लंबाई वाले लूप के प्रावधान, तापसी में डीडी-2 लाइन तक/से सीधे रिसेप्शन/डिस्पैच सुविधाओं के साथ स्टेशन यार्ड के पुनर्गठन और उपर्युक्त स्थानों पर अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा; **निविदा मूल्य:** रु.31,75,04,870.05; **बयाना राशि:** रु.17,37,500/-; **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने। **बंद होने की तिथि और समय/बोली की नियत तिथि:** 24.10.2025 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

ASN-198/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/571, दिनांक 26.09.2025; सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं.: डीएसटीई/सिग/टी/31/25-26/आरआरएसके ; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** सियालदह-बिधाननगर रोड, बेलघरिया-पायराडांगा एवं सियालदह (एस) अनुभाग में एल/बॉक्स, सिग्नल पोस्ट, एलसी गेट इत्यादि के प्रतिस्थापन एवं पुनरुद्धार के साथ विश्वसनीयता सुधार कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 75,97,467.24; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 1,52,000; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 10.10.2025; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख:** 24.10.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 24.10.2025 को अपराह्न 2.30 बजे। विस्तृत विवरण: **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। **पात्रता के तकनीकी मानदंड:** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंड:** निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलनग्क-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज:** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्य:** डाटा लॉगर अथवा आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना अथवा ईआई अथवा आरआरआई अथवा पीआई अथवा आईबीएस अथवा आईबीएच अथवा एलसी गेट इंटरलॉकिंग अथवा यार्ड मॉडिफिकेशन अथवा यूएफएसबीआई अथवा ट्रैक सर्किट (एएफटीसी अथवा डीसी टीसी) अथवा एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी अथवा एमएसडीएसी अथवा एचएएसएसडीएसी) अथवा स्वचालित सिग्नलिंग सम्मिलित कोई भी सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य। **टिप्पणी:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए।

(SDAH-214/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 हजार रुपए का किया गया अंतरण

## बिहार की 75 लाख महिलाओं को 7500 करोड़ रुपए की राशि को डी बी टी के माध्यम से लाभार्थियों को किया गया अंतरण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत आर्थिक सहायता के प्रथम किस्त के रूप में 10 हजार रुपए का अंतरण कार्यक्रम विडियो कोंफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेन्द्र मोदी के कर कमलों द्वारा बटन दबा कर डी.बी.टी. के माध्यम से राशि ट्रांसफर किया गया` इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री,बिहार नितीश कुमार उपस्थित थे` इस कार्यक्रम में बिहार के कुल 75 लाख महिलाओं को 7500 करोड़ रुपए की राशि को डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों को अंतरण किया गया है। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बिहार के सभी जिलों में इसके किया गया। पूर्वी चंपारण जिला में मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया जिसमें जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल,माननीय विधायक ढाका पवन कुमार जायसवाल,नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, अन्य विभागों के पदाधिकारियो के साथ-साथ लगभग 2500 की संख्या में जीविका दीदियां उपस्थिति रही। पूर्वी चंपारण जिले के प्रत्येक प्रखंड में इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। जिसमें जिले के सभी 27 प्रखंड मुख्यालयों में सभी जीविका के संकुल स्तरीय संघों, ग्राम संगठनों सहित सभी आंगनवाडी केन्द्रों एवं अन्य माध्यमों से लगभग 8 लाख 5 हजार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की महिलाओं ने इस लाइव प्रसारण को देखा और सुना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जीविका से जुडी कई दीदियों के अनुभव को सुना और उनकी सराहना की साथ ही बिहार में महिलाओं के लिए चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ और महत्वो की चर्चा की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के और भी विकास और रोजगार के लिए भविष्य में भी कार्य करने की चर्चा करते हुए सभी महिलाओं को रोजगार करके आत्म निर्भर होने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने बताया की इस योजना के प्रथम किस्त के रूप में पूर्वी चंपारण जिले के लगभग 3 लाख महिलाओं को प्रति महिला 10 हजार रुपए की राशि उनके खाते में अंतरित की गयी। ज्ञातव्य हो कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत बिहार के सभी पात्र परिवारों के एक महिला सदस्य जो किसी न किसी ग्रामीण या शहरी क्षेत्रों के स्वंय सहायता समूह से जुडी हुई है, उन्हें दस हजार रुपए की राशि प्रथम किस्त के रूप में अंतरित की जा रही है। साथ ही उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए आगे चलकर 2 लाख रुपए तक की अतिरिक्त सहायता राशि दिए जाने का भी प्रावधान है क इस राशि के अंतरण से जिले में जीविका से जुड़ी हुई महिलाओं के परिवारों सहित अन्य महिलाओं में खुशी का माहौल है।





## संक्षिप्त समाचार

### भारत-नेपाल प्रवेश मार्ग रक्सौल बॉर्डर पर बनेगा अहिंसा द्वार



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चुनावी वर्ष में रक्सौल वासियों की लंबे समय से चली आ रही बहुप्रतिक्षित माँग को बिहार पर्यटन विभाग ने मान लिया है। बिहार राज्य पर्यटन विभाग ने रक्सौल बॉर्डर पर बनने वाले "अहिंसा द्वार" निर्माण को अपनी मंजूरी दे दी है। बताया जा रहा है कि यह द्वार बीरगंज के शंकराचार्य गेट की तरह भव्य और आकर्षक होगा। इस "अहिंसा द्वार" का निर्माण भारत- नेपाल के प्रवेश मार्ग रक्सौल बॉर्डर पर किया जाएगा। इस संभावित बनने वाले द्वार से न केवल रक्सौल क्षेत्र की पहचान और गौरव बढ़ेगा बल्कि यह भारत-नेपाल के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों का भी प्रतीक बनेगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह पहल रक्सौल को नई पहचान दिलाने में मील का पत्थर साबित होगी। साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा का आभार जताते हुए कहा कि यह निर्णय रक्सौल के लिए ऐतिहासिक साबित होगा।

### दो शराब तस्कर सहित छः शराबी गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जीतना पुलिस ने थाना के अलग-अलग क्षेत्रों से 54 लीटर नेपाली शराब के साथ दो तस्कर सहित छः लोगों को शराब के नशे में गिरफ्तार किया है. जीतना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि छौंड़ादानों थाना क्षेत्र के भेलवा गांव निवासी भोलाराम राम के पुत्र मुकेश राम, सिमरिया गांव निवासी लालबाबू शाह के पुत्र शिवनारायण शाह, एकडरी गांव निवासी प्रभु राय के पुत्र विकाश कुमार , घोड़ासहन थाना क्षेत्र के गोवरिया गांव निवासी नागेंद्र राय के पुत्र राकेश यादव, राजन राय के पुत्र प्रभु राय, सुगौली थाना क्षेत्र के भटवालिया गांव निवासी वीर बहादुर शाह के पुत्र नंद किशोर कुमार, लखौरा थाना क्षेत्र के गोला पकड़िया गांव निवासी देवव्रत मिश्रा के पुत्र राहुल मिश्रा, भाग्य नारायण के पुत्र राजा बाबू सहित मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### छतौनी मेला का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव के द्वारा दुर्गा पूजा के अवसर पर मोतिहारी के छतौनी में लगने वाले मेले का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लगाए जा रहे झूलों की जांच सुरक्षा मानक पर कर लेने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जो लोग भी मनोरंजन के लिए अपना सेटअप खड़ा कर रहे हैं वे सुरक्षा मानकों पर सभी जरूरी चीजों की जांच कर लेंगे। कहीं से भी कमी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा महिला मोर्चा ने स्वास्थ्य शिविर किया आयोजित



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा ने शुक्रवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा नीता शर्मा, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा संगीता सिंह चित्रांश,जिला उपाध्यक्ष मीना मिश्रा,महामंत्री महिला मोर्चा उषा गुप्ता एवं पूजा सिंह, इलाइची देवी तथा नीता सिंहा ने संयुक्त रूप से किया। मरीजों की जाँच और उपचार का कार्य वरदान हॉस्पिटल के नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर धीरज शर्मा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चांदनी सिंह ने किया।स्वास्थ्यकर्मियों की टीम भी लगातार सक्रिय रही और प्रत्येक मरीज की देखभाल में तत्पर थी। महिला मोर्चा की ओर से यह संदेश दिया गया कि समाज की सेवा ही भाजपा का संकल्प है। सेवा पखवाड़ा इसी कड़ी का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।

### कासवा अठमोहान में हुई हजारों की चोरी

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरौखर थाना क्षेत्र के कासवा अठमोहान गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर हजारों रुपए की जेवरात सहित नगद की चोरी कर लिया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का जांच पड़ताल शुरू किया. बताया जाता है कि अठमोहन गांव निवासी प्रदीप शाह के घर गुरुवार की रात्रि घर के दीवार को फांद कर कुछ चोर घर मे प्रवेश किया तथा घर में रखें हजारों रुपए मूल्य के जेवरात, नगद रुपए सहित मोबाइल की चोरी कर लिया. मामले को लेकर पीड़िता की पत्नी द्वारा थाने में आवेदन भी दिया गया है. झरौखर थानाध्यक्ष असलम अंसारी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### भंगहा से अपहृत महिला नरकटियागंज से बरामद

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा पुलिस ने कांड संख्या 95/25 के सेरवा गांव से प्रेम प्रसंग में अपहृत महिला को गुरूवार को नरकटियागंज रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि महिला को बरामद कर 164 का बयान एंव मेडिकल की प्रक्रिया हेतु बेतिया भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दिनेश कुशवाहा ने अपनी पत्नी नीमा देवी का अपहरण का मामले में गांव के ही धर्मेंद्र कुमार पडित पर आरोप लगाते हुए सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तार हेतु छापेमारी जारी है।

### देवर ने विधवा भाभी से किया दुष्कर्म का प्रयास

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नौतन थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में अकेली सोई विधवा भाभी से देवर ने दुष्कर्म का प्रयास किया है। घटना 15 सितंबर की है। हालांकि पंचायती होने की वजह से महिला विलंब से पुलिस से शिकायत की। सदर एसडीपीओ टू रजनीश कांत प्रियदर्शी ने बताया कि एक महिला की शिकायत पर नौतन थाना में जनक देव यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। नौतन थाना की पुलिस मामले की जांच कर रही है। दर्ज प्राथमिकी में महिला ने बताया है कि उसका देवर जनक देव यादव उसे अकेला पाकर छेड़छाड़ करता है। अवैध संबंध बनाने का दबाव देता है। ऐसा नहीं करने पर जान मारने की धमकी देता है। 15 सितंबर की रात वह घर पर सोई थी। तभी अचानक वह घर में घुस गया और मुंह दबा कपड़े फाड़ अर्धनग्न कर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। शोर मचाने पर धमकी दिया की शिकायत करोगी तो चाकू से गला रेत शव नदी में फेंक देंगे। फिर वह फरार हो गया।

### पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आदर्श परियोजना कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, प. चम्पारण में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता का संदेश अपनी कला से व्यक्त किया। शिक्षक राज कुमार पांडेय ने प्रतियोगिता का संचालन किया और स्वच्छता को सेवा व पूजा बताया। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, सभी को प्रोत्साहन के लिए कलम भेंट की गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक मुनीन्द्र कुमार झा ने स्वच्छता को सामाजिक कर्तव्य बताते हुए स्वच्छ वातावरण से स्वस्थ जीवन और सशक्त राष्ट्र निर्माण की बात कही। उन्होंने छात्राओं से स्वच्छता का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम में रामप्रकाश पासवान, लक्ष्मण कुमार, रवीश कुमार, शिक्षिका पुष्पा क्लेमेंट सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने छात्राओं की प्रतिभा की सराहना की और स्वच्छता अभियान को जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया।

### असामाजिक तत्वों ने काटा मनरेगा के तहत लगाये गये पौधे

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा एक प्रखंड के परसा बनचहरी पंचायत में मनरेगा की ओर से लगाए गये पौधों को असामाजिक तत्वों के द्वारा काट दिया गया है। असामाजिक तत्वों के द्वारा सैकड़ो की संख्या में परसा बनचहरी वार्ड 8 के ग्रामीण सड़क पर लगाए गये सैकड़ो पेड़ों को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर काट दिया गया है। ऐसे में पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने नगर थाने में आवेदन देकर पेड़ों को क्षतिग्रस्त किये जाने के मामले में अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया है एवं मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। नगर थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि परसा बनचहरी पंचायत की मुखिया मंजू देवी से प्राप्त आवेदन के आधार पर मनरेगा की ओर से लगाए गये पेड़ों को काटने के मामले में अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

### नारी सुरक्षा का संकल्प अभियान शुरू

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केदार पांडेय प्रोजेक्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय, बैरिया में नारी सुरक्षा का संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। मास्टर ट्रेनर मेरी आडलीन ने बताया कि यह अभियान पश्चिम चम्पारण के जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की पहल है। जिसकी शुरूआत 10 सितंबर 2025 को हुई। यह पायलट प्रोग्राम 16 विद्यालयों में चल रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं को अन्याय, शोषण, साइबर क्राइम और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचाव के लिए जागरूक करना है।

# 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

## छात्राओं का स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ आंखों की स्क्रीनिंग की गई

**चिरैया (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार, पटना के निर्देश पर शुक्रवार को पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी परिसर में "स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार" अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिरैया की मेडिकल टीम द्वारा छात्राओं का स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ आंखों की स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान दर्जनों छात्राओं को टीडी वैक्सीन लगाया गया तथा एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत उनके बीच आयरन की गोली बांटी गई। इस बारे में मेडिकल टीम के सदस्य डॉ परवेज आलम ने बताया कि टेटनस और डिप्थीरिया नामक दो गंभीर जीवाणु के संक्रमणों से बचाव के लिए टीडी वैक्सीन लगाया गया है। वही टीम में शामिल नेत्र सहायक राजू कुमार एवं निखिल कुमार ने बताया कि आंखों की बीमारी के शुरूआती लक्षणों का पता लगाने के लिए स्क्रीनिंग की गई है। यह स्वस्थ लोगों का परीक्षण है ताकि बीमारी के जोखिम का पता लगाया जा सके। बताया कि इस अभियान को लेकर राज्य स्तर से विद्यालयवार नेत्र सहायको को सम्बद्ध किया गया है। जो आरबीएसके की टीम के समन्वयय से छात्राओं का नेत्र स्क्रीनिंग का कार्य कर रहे है। जिसके बाद भव्या पोर्टल पर स्क्रीनिंग के दौरान पाये गये दृष्टि दोष बच्चों का पूर्ण विवरणी (चश्मा का पावर सहित) प्रविष्ट करेंगे। साथ ही दृष्टि दोष पाये गये छात्राओं के चश्में स्वास्थ्य टीम के द्वारा संबंधित विद्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह, डॉ एम.के श्रीवास्तव, डॉ परेवज आलम, फार्मासिस्ट अफजल इकबाल, एएनएम ममता कुमारी, खुशबू प्रियदर्शनी सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शिविर का आयोजन

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखण्ड के श्यामपुर पंचायत अंतर्गत हेल्थ वेलनेस सेंटर ऊचीडीह के कचूरबारी गांव में गुरुवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शिविर का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया उन्होंने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत यह कैम्प लगाया गया है जहाँ फ्री स्वास्थ्य जाँच किया जा रहा है जिसमें अल्ट्रा पोर्टेबल ऐक्स रे यूनिट मशीन से यक्ष्मा रोगी की पहचान की गई एवं वहीं कैम्प में चिन्हित 10 मरीजों का बलगम एकत्रित किया गया एवं जाँच के लिए भेजा गया जहाँ टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर टीबी का दवा वितरण कर इलाज शुरू की जाएगी साथ ही कैंप में उच्च रक्तचाप की जाँच,ब्लड शुगर,एचआईवी,हीमोग्लोबिन,हाइट, वजन का परीक्षण,एनीमिया की जाँच,माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता की गई एवं आवश्यक सभी दवा का वितरण किया गया कैम्प में कुल 93 महिला एवं पुरुष का चेस्ट का एक्स रे कर टीबी का स्क्रीनिंग किया गया।

# राहुल गांधी असली देशभक्त हैं जिन्होंने देश को जोड़ने के लिए पैदल यात्रा की : प्रियंका गांधी



मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शहर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित हर घर अधिकार रैली आयोजित की गई। रैली में जनसमूह को संबोधित करते कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि चंपारण की धरती हर भारतीय के लिए पवित्र धरती है, जिसका एहसास पूरे भारत को है। उन्होंने कहा कि आपको स्वाभिमान होना चाहिए कि स्वतंत्रता संग्राम इसी धरती से शुरू हुआ था, जिसे पूरा देश आज नमन कर रहा है' उन्होंने अपने भाषण की शुरूआत भोजपुरी में करते हुए कहा, "का हाल बा, अब हमें बदलने का समय आ गया है" जिस पर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने जमकर तालियां बजाईं' प्रियंका गांधी ने कहा कि इसी चंपारण के पूर्वजों ने गांधी जी के साथ मिलकर आंदोलन शुरू किया था। जिसमे सत्य, अहिंसा और प्रेम के माध्यम से भारतीय को स्वतंत्रता मिली, जिसे विश्व ने देखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी असली देशभक्त हैं, जिन्होंने देश को जोड़ने के लिए 4000 किलोमीटर तक पैदल यात्रा की और लोगों को उनके अधिकार के लिए जोड़ने का काम किया। प्रियंका गांधी ने आगे कहा कि असली देशभक्ति चोरी करने और सत्ता में आने के लिए नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय के लिए लड़ने के लिए है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी दलितों, पिछड़ों, महिलाओं, और बुजुर्गों के लिए लड़ रहे हैं और उनके हितों के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि वे वोट के समय में आतंकवाद का जुमला पढते हैं और उसके बाद कोई काम नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि 11 साल में मोतिहारी चीनी मील का एक कप चाय भी यहां के लोगों को नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अड्डानी एवं अम्बानी सहित बड़े-बड़े उद्योगपतियों को सरकारी सम्पति को बेंच दिया है और बिहार में 20 साल से नीतीश की सरकार है, लेकिन यहां के लोगों को क्या मिला है, यह देखने लायक है। प्रियंका गांधी ने अंत में कहा कि कांग्रेस सरकार ने हमेशा देश के लोगों के हितों के लिए काम किया है और आगे भी ऐसा ही करेगी। कांग्रेस सरकार में शिक्षा, विकास, बड़े-बड़े उद्योगों की स्थापना हुई थी, लेकिन मोदी सरकार में ये सब धीरे-धीरे गायब होते जा रहे हैं। देश की स्वतंत्रता और संविधान की रक्षा करना हर किसी की जिम्मेदारी है। कांग्रेस ने 70 साल में देश में शिक्षा और उद्योगों को मजबूत किया था, जिससे बिहार के लोगों को भी इसका लाभ मिला था।

# चिरैया की चौदह हजार जीविका दीदियों के खाते में भेजी गई दस-दस हजार रुपए



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना अंतर्गत राज्य की 75 लाख महिला लाभुकों को दस प्रति लाभुक की दर से 7500 करोड़ की राशि का अंतरण किया गया। कार्यक्रम का लाईव प्रसारण यूट्यूब, टीवी चैनल के माध्यम से जिला, प्रखण्ड, संकुल संघ, ग्राम संगठन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जीविका दीदियों, अन्य उपस्थित जन को दिखाया गया। इसको लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर में भी बीडीओ रामनाथ कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बारे में जीविका के प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक रामबाबू कुमार ने बताया कि चिरैया प्रखंड के तीस हजार जीविका दीदियों में से 14 हजार जीविका दीदी के खाते में दस हजार रुपए की राशि भेजी गई है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम प्रखंड मुख्यालय सहित कई स्थानों पर आयोजित किया गया। जिसमें लगभग अठारह हजार जीविका दीदियां, अन्य महिलाएं, कैडर, कर्मी, प्रतिनिधि सहित अन्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उत्सव जैसा माहौल रहा। बताया कि अभी भी जो लगभग पंद्रह हजार परिवार समूह से नही जुड़ पाये हैं। प्रत्येक माह प्रत्येक वार्ड में होने वाले ग्राम संगठन के बैठक में उपस्थित होकर प्रपत्र 2 में आवेदन समर्पित करें। आवेदन प्रपत्र ग्राम संगठन में उपलब्ध है। केवल आधार एवं बैंक पासबुक का प्रति लेकर जाना है। समूह से जुड़ाव हेतु जल्द से जल्द प्रपत्र 2 में आवेदन समर्पित करने के लिए एक सप्ताह में सभी ग्राम संगठनों का निर्देश दिया गया है। बची हुई महिलाएं नजदीकी ग्राम संगठन के अध्यक्ष के पास प्रपत्र 2 में आवेदन समर्पित कर सकती हैं। ताकि एक सप्ताह में होने वाले ग्राम संगठन के विशेष बैठक में समूह से जुड़ाव हेतु निर्णय कर आगे की प्रक्रिया की जा सके। समूह गठन की जिम्मेवारी सभी सामुदायिक संगठक ( सीएम) को दी गई है। अभी जिन पांच हजार महिलाओं द्वारा आवेदन समर्पित किया गया है। दो दिनों में समूह से जोड़ कर समूह का प्रोफाइल बीपीआईयू में समर्पित करेंगे।

मौके पर जीविका संकुल संघ के नोडल दीपक कुमार चौधरी, क्षेत्रीय समन्वयक राकेश कुमार शर्मा, विनय कुमार, निशिकांत कुमार, अभिषेक कुमार, मुस्कान कुमारी, श्रवण कुमार, शिवम कुमार, चंदन कुमार, सूर्यकांत, सुनिल कुमार, सुधा कुमारी, मीना देवी, शायरा खातून, अजय कुमार, अभिषेक कुमार, चंदेश्वर कुमार, मनोज पंडित, मनीष कुमार, राधेश्याम आदि उपस्थित रहें।

## बटन दबते हीं महिलाओं के खाते में पहुंचे 10-10 हजार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का उद्घाटन किया। इस योजना के तहत बिहार की 75 लाख महिलाओं को 10,000 रुपये प्रति लाभुक की दर से 7500 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए। इसका उद्देश्य प्रत्येक परिवार की एक महिला को रोजगार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। पटना में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उपस्थित थे। बेतिया के ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ, जहां प्रधानमंत्री ने श्रीमती रंजीता काजी दीदी से संवाद किया। कार्यक्रम में सांसद, मंत्री, विधायक, जिला पदाधिकारी सहित 2000 से अधिक लाभुक महिलाएं मौजूद थीं। योजना के तहत महिलाओं को अधिकतम 2 लाख रुपये का ऋण, प्रशिक्षण और विपणन सहयोग मिलेगा। पश्चिम चंपारण में 2.77 लाख ग्रामीण और 45,000 शहरी महिलाओं के खातों में राशि हस्तांतरित की गई। जिला पदाधिकारी श्री धर्मेन्द्र कुमार ने इसे महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने और आर्थिक विकास में उनकी भागीदारी बढ़ाने का महत्वपूर्ण कदम बताया। जीविका के 2717 ग्राम संगठनों और 57 संकुल कार्यालयों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

## लम्पी वायरस ने एकमा व मांझी प्रखंड के गांवों में मचाई तबाही

# कई मवेशियों की मौत से पशुपालक परेशान



### बीमारी तेजी से फैली, इलाज व वैक्सीन की कमी से पशुपालकों की बढ़ी चिंता

**एकमा/मांझी (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के एकमा व मांझी प्रखंड क्षेत्र इन दिनों लम्पी स्किन डिजीज (लम्पी वायरस) की चपेट में आ गए हैं। वायरल संक्रमण के कारण सैकड़ों मवेशी बीमार पड़ गए हैं, वहीं अब तक कई मवेशियों की मौत की भी सूचना है। इससे पशुपालकों की चिंता और परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि बीमारी से ग्रसित पशुओं के शरीर पर गांठें निकल रही हैं, तेज बुखार हो रहा है और दूध उत्पादन में भी भारी गिरावट आई है। संक्रमित पशु चारा-पानी तक छोड़ दे रहे हैं। इससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। पशुपालकों का कहना है कि अब तक पशु चिकित्सा विभाग की ओर से व्यापक स्तर पर न तो इलाज की व्यवस्था हुई है और न ही वैक्सीन सभी तक पहुँच पाई है। गांव-गांव में बीमारी तेजी से फैल रही है, जिस कारण पशुपालक दहशत में हैं। पशु चिकित्सकों के मुताबिक यह बीमारी मच्छर, मक्खी और किलनी जैसे कीटों के काटने से फैल रही है। बीमार पशुओं को तुरंत अन्य स्वस्थ मवेशियों से अलग करने और साफ-सफाई तथा कीट नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई है। विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान भी शुरू किए जाने की बात कही जा रही है। नचाप गांव निवासी परमेश्वर सिंह, मदन गोपाल सिंह, पत्रकार कमल सिंह सेंगर, भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मुकेश कुमार सिंह, लाल साहब ठाकुर, वीरेंद्र सिंह, विभूति नारायण तिवारी आदि ग्रामीणों व पशुपालकों ने जिला प्रशासन व पशुपालन विभाग से मांग की है कि सभी प्रभावित गांवों में तुरंत दवा, वैक्सीन व चिकित्सकों की टीम भेजी जाए, ताकि मवेशियों को बचाया जा सके और लोगों की आजीविका सुरक्षित रह सके।

# शौच करने गई युवती की बूढ़ी गंडक नदी की उपधारा में डूबने से हुई मौत



**चिरैया (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के लालबेगिया गांव स्थित बूढ़ी गंडक नदी की उपधारा के किनारे शौच करने गई एक युवती की डूबने से मौत हो गई । मृतका की पहचान उक्त गांव निवासी रविन्द्र सहनी की पुत्री पूजा कुमारी (15 वर्ष) के रुप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही चिरैया पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के समय वह नदी किनारे शौच करने गई थी। इसी क्रम में पैर फिसलने से वह नदी की उपधारा में गिर गई। जहां गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने से उसकी मौत हो गई। मृतका के चार भाई- बहन में वह सबसे बड़ी थी। मृतका पटजिलवा गांव स्थित राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय के दसवीं कक्षा की छात्रा थी। वह गुरुवार की शाम घर से शौच के लिए निकली थी। लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। जिसके बाद परिजनों ने उसे पूरी रात खोजा। लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चल पाया। शुक्रवार की सुबह नदी किनारे शौच करने गए लोगों ने उसे पानी में उपलता हुआ देख कर परिजनों को बुलाया। तब तक वहां ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

# एमजीसीयू में गर्भ निरोधक दिवस पर क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व गर्भ निरोधक दिवस के अवसर पर महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतीहारी बिहार के सेहत केंद्र द्वारा एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हिंदी विभाग, संस्कृत विभाग, राजनीति विज्ञान विभाग तथा विश्वविद्यालय के अन्य विभागों के शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभा ग्रहण किया। प्रतियोगिता में 40 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव जी का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सेहत केंद्र के समन्वयक डॉक्टर बबलू पाल तथा समन्वय डॉक्टर गोविंद प्रसाद वर्मा उपस्थित रहे। सेहत केन्द्र के समन्वयक डॉ बबलू पाल ने उक्त कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा विश्व गर्भ निरोधक दिवस का उद्देश्य गर्भ निरोधक सम्बन्धी जागरूकता बढ़ाना है। विश्व गर्भ निरोधक दिवस लोगों को गर्भ निरोधक के बारे में जागरूक करने और उन्हें अपने यौन और प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में उचित निर्णय लेने में मदद करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। यह अनचाहे गर्भ से बचाव करता है। गर्भ निरोधक के उपयोग से अनचाहे गर्भ से बचा जा सकता है, जिससे मातृ मृत्यु दर और असुरक्षित गर्भपात के जोखिम को कम किया जा सकता है। हिंदी विभाग के सहायक आचार्य एवं सेहत केंद्र के सह समन्वयक डॉ. गोविंद प्रसाद वर्मा ने कहां कि विश्व गर्भ निरोधक दिवस परिवार नियोजन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है । निरोधक के उपयोग से परिवार नियोजन में मदद मिलती है, जिससे परिवार अपने आकार और संसाधनों के अनुसार योजना बना सकते हैं। यह जागरुकता अभियान इसलिए भी आवश्य है, क्योंकि स्वास्थ्य लाभ की दृष्टि से उपयोगी है। गर्भ निरोधक के उपयोग से स्वास्थ्य लाभ भी हो सकते हैं। विश्व गर्भ निरोधक दिवस का महत्व लोगों को गर्भ निरोधक के बारे में जागरूक करने और उन्हें अपने यौन और प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में सूचित निर्णय लेने में मदद करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

**Affidavit**

I KAVITA DEVI, W/O. PANKAJ KUMAR SINGH, R/o Rampur Ami, P.o- Ami, Dist- saran, Pin.no-841207 Bihar do hereby solemnly affirm and declare vide Affidavit. No. 19939 dated.-24.09.25 That my name is mentioned in my Aadhar card and pan card as KAVITA DEVI is Correct. That my daughter SNEHA KUMARI 10th Matriculation Educational documents my name has been wrongly mentioned as KAVITA KUMARI. That I will be know as KAVITA DEVI for All future purpose.

**Affidavit**

I PANKAJ KUMAR SINGH, S/O.- Hareshwar Prasad Singh, R/o Rampur Ami, P.o- Ami, Dist- saran, Pin.no-841207 Bihar do hereby solemnly affirm and declare vide Affidavit. No. 19940 dated.-24.09.25 That my name is mentioned in my Aadhar card and pan card as PANKAJ KUMAR SINGH is Correct. That my daughter SNEHA KUMARI 10th Matriculation Educational documents my name has been wrongly mentioned as PANKAJ SINGH. That I will be know as PANKAJ KUMAR SINGH for All future purpose.

C M Y K

# जहानाबाद में 75 लाख महिला लाभुकों को राशि का किया अंतरण

## जहानाबाद में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की नई शुरुआत, मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का मिला लाभ





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों द्वारा तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना अंतर्गत राज्य की 75 लाख महिला लाभुकों को प्रति लाभुक 10,000 की दर से कुल 7,500 करोड़ की राशि का अंतरण किया गया। इस अवसर पर पूरे बिहार राज्य के साथ-साथ जहानाबाद जिला की महिलाओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर कार्यक्रम में सहभागिता की। जहानाबाद जिला में इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिले के ग्रामीण कार्य विभाग प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी ने किया। तत्पश्चात उन्होंने लाभार्थी महिलाओं के साथ जुड़कर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का संबोधन सुना। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय, पुलिस अधीक्षक विनित कुमार, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति, जिला क्रियान्वयन कार्यक्रम समिति के उपाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा एवं अजय देव, अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा, कार्यक्रम के समन्वयक जिले परियोजना पदाधिकारी, जीविका सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत परिवार की एक महिला को उसके पसंदीदा रोजगार हेतु प्रथम किस्त के रूप में 10,000 की आर्थिक सहायता दी जाएगी। रोजगार प्रारंभ करने के उपरांत आवश्यकतानुसार 2 लाख तक की अतिरिक्त सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना से न केवल महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में बढ़ावा मिलेगा बल्कि ग्रामीण परिवारों की आमदनी में भी वृद्धि होगी और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की बुनियाद और मजबूत होगी।

जहानाबाद जिले में इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सभी सात प्रखंड मुख्यालयों, 19 संकुल स्तरीय संघों, 968 ग्राम संगठनों तथा जिला मुख्यालय में किया गया, जिसमें लगभग 1,85,859 जीविका दीदियों एवं अन्य महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रकार जहानाबाद जिले से कुल 1,23,583 जीविका दीदियां, 3,242 गैर-जीविका महिलाएं एवं 5,122 शहरी क्षेत्र की महिलाएं, अर्थात कुल 1,31,947 महिलाएं इस योजना हेतु आवेदन कर चुकी हैं। कार्यक्रम के दौरान योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा भी मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना पर प्रस्तुति दी गई।

# स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत पूजा पंडाल होंगे स्वच्छ एवं इको-फ्रेंडली



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान के अंतर्गत जिले में आयोजित होने वाले शारदीय नवरात्र पर्व के दौरान सभी पूजा पंडालों को स्वच्छ एवं इको-फ्रेंडली बनाने की दिशा में विशेष पहल की जा रही है। विभागीय निर्देश के आलोक में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों में लगने वाले पूजा पंडालों को प्लास्टिक मुक्त रखा जाएगा तथा केवल पुनः चक्रण योग्य कचरे का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही, सभी पूजा पंडालों पर स्वच्छता बनाए रखने हेतु स्वच्छता कर्मियों द्वारा विशेष सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है। पूजा पंडाल समितियों से अपील की गई है कि वे पंडाल परिसर एवं बाहरी स्थानों पर डस्टबिन की व्यवस्था करें, ताकि स्वच्छता कर्मियों द्वारा संग्रहित कचरे का सुगम निस्तारण किया जा सके। साथ ही यह भी आग्रह किया गया है कि पंडालों में सिंगल यूज प्लास्टिक का पूर्णतः परहेज किया जाए और उसके स्थान पर कपड़े अथवा जूट के थैलों का उपयोग बढ़ावा दिया जाए। बताया गया कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि इस बार नवरात्र के सभी पूजा पंडाल स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल बनें, जिससे जनभागीदारी के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज में प्रसारित हो सके।

# काव्य संग्रह 'गांव बुलाता है' का लोकार्पण, कवि समुंदर सिंह को मिली सराहना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा।** हसपुरा बाजार स्थित मेहदिया रोड पर एक निजी शिक्षण संस्थान के सभागार में शुक्रवार को कवि समुंदर सिंह के काव्य संग्रह 'गांव बुलाता है' का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जनवादी लेखक संघ, औरंगाबाद द्वारा किया गया। समारोह की अध्यक्षता सुरेश प्रसाद, अंजुज कुमार (प्रधानाध्यापक) एवं मगही साहित्यकार डॉ. राजेश कुमार 'विचारक' ने संयुक्त रूप से की, जबकि संचालन शंभुशरण सत्यार्थी ने किया। मुख्य अतिथि शिक्षक श्रीनिवास मंडल थे। अतिथियों का स्वागत माला और अंगवस्त्र देकर किया गया। लोकार्पण के उपरांत कवि समुंदर सिंह ने अपने संग्रह की कई कविताओं का पाठ किया, जिसे श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच खूब सराहा। मुख्य अतिथि श्रीनिवास मंडल ने कहा कि 'गांव बुलाता है' शीर्षक अपने आप में ग्रामीण जीवन के सपनों और संघर्षों को सजीव करता है। उन्होंने कहा कि पुस्तक गांव की स्वच्छता, सहजता और सामाजिक सरोकारों का जीवंत चित्रण करती है। डॉ. राजेश कुमार 'विचारक' ने कहा कि काव्य संग्रह हो या गद्य, साहित्य सदैव समाज में समरसता और चेतना जगाने का कार्य करता है। इस अवसर पर सुधीर सत्यम, महेंद्र प्रसाद, राजू कुमार यादव, निलेश कुमार, कृष्णा सिंह, सतेंद्र कुमार और सुधीर कुमार सहित कई साहित्यकारों एवं बुद्धिजीवियों ने काव्य संग्रह पर विस्तार से चर्चा की और कवि को बधाई दी।

## लाइव प्रसारण के जरिए जीविका दीदियों को किया जागरूक

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड परिसर स्थित बहुद्देशीय भवन में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में जीविका दीदियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का लाइव प्रसारण देखा और सुना। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) उपेंद्र दास, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा और उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू मौजूद रहे। लाइव प्रसारण के दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की पहली किस्त जारी की। रिमोट का बटन दबाकर 75 लाख जीविका दीदियों के खाते में 7,500 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। बीडीओ उपेंद्र दास ने बताया कि आगे महिलाओं को दो लाख रुपये तक दिए जाएंगे ताकि वे स्वयं का रोजगार खड़ा कर सकें।

# 86 शिकायतें दर्ज, जिलाधिकारी ने त्वरित समाधान का दिया आश्वासन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले में शुक्रवार को जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ एवं समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी समस्याएं रखीं। कुल 86 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश मामले जनसुविधाओं से संबंधित थे। जिन शिकायतों का निवारण मौके पर संभव था, उन्हें तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपा गया और कार्रवाई शुरू कराई गई।

वहीं, जिन मामलों का समाधान जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के अधीन है, उन्हें विधि अनुसार लोक शिकायत निवारण कार्यालय को भेजा गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा, विभागीय जांच अपर समाहर्ता विनय कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता राहुल कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी चंद्र किशोर, वरीय उप समाहर्ता नेहा कुमारी सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रशासन ने जनता को आश्वस्त किया कि सभी प्राप्त आवेदनों का निवारण शीघ्र, पारदर्शी एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

# आर्यन महा राज नाट्य परिषद 100 वर्षों से मना रही दुर्गा पूजा

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के सामाजिक संस्था आर्यन महाजन नाट्य परिषद औरंगाबाद की सबसे बड़ी और पुरानी संस्था और धार्मिक संस्था है। बता दें कि यह संस्था 100 वर्ष से भी अधिक से दुर्गा पूजा मना रही है। समिति के सदस्यों द्वारा दुर्गा पूजा की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। यहां तक की बंगाल के कारीगरों के द्वारा परिसर का बेहतर तरीके से सजावट किया जा रहा है। मुख्य रूप से सप्तमी के दिन मां दुर्गा, मां काली, भारत माता का प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। सप्तमी के ही दिन औरंगाबाद के सभी अखाड़ों को सम्मानित किया जाएगा।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएलएस/एचडब्ल्यूएच/10/ 545/ईएमयू (खुली निविदा) दो पैकेट प्रणाली के सेवा अनुबंध में ई-निविदा प्रणाली हेतु, दिनांक: 25.09.2025,** वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (ईएमयू), पूर्व रेलवे, हावड़ा, पहली मंजिल, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** 02 (दो) वर्षों के लिए जनशक्ति के आधार पर बर्द्धमान, रामपुरहाट और सांइथिया स्टैबलिंग यार्ड में ईएमयू रेकों और एमईएमयू रेकों की दैनिक अंदरूनी शुष्क सफाई (शौचालयों के साथ)। **निविदा मूल्य:** रु. 2,61,81,739.57, **बयाना राशि (ई.एम.डी.)** : रु. 2,80,900/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 730 दिन। **अंतिम तिथि:** 15.10.2025 को 12.00 बजे। **अनुबंध की किस्म:** सेवा। **बोली प्रणाली:** दो पैकेट। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www. ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-314/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 142_2025-26, दिनांक 25.09.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है:-**एक्सईएन/बीआरएल/एचडब्ल्यूएच। ई-निविदा सं. 142_2025-26, कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल के विभिन्न पुलों के स्टील गर्डरों का सुदृढ़ीकरण। **अनुमानित मूल्य** : रु.4,50,91,866.05, **बयाना राशि:** रु. 3,75,500/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 16.10.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-315/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


## एक नजर

### दो पक्षों में मारपीट, तीन लोग घायल

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के कलानौर गांव में दो पक्षों में हुए मारपीट की घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष से अमीरा कुमार एवं विवेक कुमार बताए जाते हैं। जबकि दूसरे पक्ष से कृष्णा कुमार बताए जाते हैं । इस बाबत घायलों ने बताया की मामूली बात को लेकर मारपीट की घटना हो गई ,वहीं घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया गया है। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया है। इस मामले में दोनों पक्षों से प्राथमिकी के लिए टेहटा थाने में आवेदन दिया है ।

### फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना की पुलिस ने चातर गांव में छापेमारी कर फरार चल रहे एक वरांटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि पूर्व के केस में फरार चल रहे चातर गांव निवासी मुन्ना कुमार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मुन्ना कुमार के विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी का वारंट निर्गत था, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### नशे में धूत युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने गश्ती के दौरान शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान शहर के बाबूगंज निवासी योगेंद्र कुमार के रूप में हुई है।

थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि आरोपी महराजगंज रोड पर नशे की हालत में हंगामा कर रहा था। सूचना मिलते ही गश्ती दल मौके पर पहुंचा और युवक को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। चिकित्सीय जांच में उसके शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उसे विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजा जा रहा है।

### दी चैतन्या पब्लिक स्कूल में डांडिया व गरबा का आयोजन



**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो।** शहर के दी चैतन्या पब्लिक स्कूल में बच्चों के द्वारा डांडिया एवं गरबा का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे प्ले से अष्टम वर्ग तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य भूमिका सुविज्ञा राठौर, सलोनी ठाकुर, जहीन इकबाल ने निभाया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपने देश के कला और संस्कृति से बच्चों को अवगत कराना है। इस मौके पर विद्यालय प्रभारी अखिलेश कुमार अमीत, समन्वयक सुबोध कुमार सिंह, शिक्षक सुप्रिया कुमारी, संजना मिश्रा, प्रीति मिश्रा, शोभा सिंह, सुधा गुप्ता, अंशिका सिंह, बब्ली कुमारी, नीतीश कुमार, राज कुमार, मनीष कुमार सहित मौजूद रहे।

### दुर्गा मंडप परिसर में चला स्वच्छता अभियान लोगों से स्वच्छता अपनाने की अपील

**रफीगंज।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रफीगंज प्रखंड के कोटवारा ग्राम पंचायत स्थित मलूक बिगहा गांव के दुर्गा मंडप और उसके आसपास शुक्रवार की सुबह व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान पंचायत के मुखिया बिंदेश्वर कुमार सिंह के निर्देश पर स्वच्छता पर्यवेक्षक अनिल कुमार की देखरेख में संचालित हुआ। इस दौरान सफाई कर्मियों ने मंडप परिसर और आसपास की सड़कों को पूरी तरह साफ किया। मुखिया बिंदेश्वर कुमार सिंह ने मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य और समाज की मजबूती का आधार है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि हमेशा अपने घर और आसपास साफ-सफाई रखें, खुले में शौच न करें, गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालें तथा घर का कचरा सफाई कर्मियों को ही सौंपें। साथ ही उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक से परहेज करने और सड़कों पर कचरा न फेंकने की भी सलाह दी। स्वच्छता अभियान में सफाई कर्मियों का योगदान सराहनीय रहा। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की प्रशंसा की और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया।

# मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक सम्पन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों के आलोक में समिति के कार्यों की समीक्षा की गई। मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी का मुख्य उद्देश्य राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा प्रकाशित या प्रसारित किए जाने वाले सभी प्रकार के विज्ञापनों (प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म) का पूर्व प्रमाणन करना, 'पेड न्यूज़' की रोकथाम करना तथा चुनाव व्यय की सटीक निगरानी सुनिश्चित करना है।

जिला पदाधिकारी द्वार स्पष्ट किया गया कि आयोग के नियमों के विपरीत किसी भी विज्ञापन का प्रसारण/प्रकाशन प्रतिबंधित रहेगा तथा ऐसे मामलों में समिति त्वरित निर्णय लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। साथ ही व्यय लेखा संधारण से संबंधित दिशा-निर्देशों पर भी चर्चा की गई, ताकि अभ्यर्थियों के वास्तविक खर्च का लेखा-जोखा पारदर्शी ढंग से दर्ज किया जा सके। जिला पदाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए समिति सक्रिय भूमिका निभाएगी तथा आयोग द्वारा निर्धारित सभी प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा।

## ग्रामीण महिलाओं के किया गया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के मोदनगंज प्रखंड अंतर्गत मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं में मतदान के महत्व, लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भूमिका और आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में सक्रिय भागीदारी के प्रति जागरुकता फैलाना था। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने महिलाओं को मतदान के अधिकार और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी, साथ ही मतदाता सूची में नाम पंजीकरण और मतदान प्रक्रिया से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई।

# 27 सितंबर को गोठौली पंचायत में जन संवाद यात्रा करेंगे पूर्व सांसद



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह 27 सितंबर को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारून प्रखंड के गोठौली ग्राम पंचायत में दूसरे चरण के तहत 'जन संवाद यात्रा' करेंगे। प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह का नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण के तहत सभी गांवों का दौरा हो चुका है। अब दूसरे चरण की शुरुआत कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व सांसद 27 सितंबर की सुबह 10:30 गोठौली, 11 बजे भरत बिगहा, 11:30 बजे दिघी, 12 बजे बगाही, 12:30 बजे मुसाफिर बिगहा, 1 बजे सुखराम बिगहा, 1:30 बजे चुरा, 2 बजे धनौती, 2:30 बजे धनौती पुल, 3 बजे परशुरामपुर, 4 बजे धर्मपुरा, 4:30 बजे मखरा, 5 बजे बैरिया बीघा एवं 5:30 बजे महुअरी गांव में जन संवाद यात्रा करेंगे। उक्त कार्यक्रम में जदयू के सभी वरीय कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे।

# 17वीं शताब्दी में दाउद खां ने बनवाया था ऐतिहासिक किला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले से 35 किलोमीटर दूर दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय के पुराना शहर में करीब 17वीं शताब्दी का बना दाउद खां का ऐतिहासिक किला है। वहीं शहर का नाम भी दाउद खां पर पड़ा है। वहीं किला परिसर देखने में आकर्षक लगता है परंतु यहां फैली गंदगी किले के आकर्षण को कम करती जा रही है। बता दें कि यह किला स्थापत्य कला का बेहतरीन उदाहरण है। किले की कलाकृति के अवशेष इसकी विशेषता को दर्शाते हैं। इसके अंदर दक्षिण 20, पश्चिम से 10 व उत्तर में सात अस्तबलनुमा ध्वस्त अवशेष और मस्जिद की आकृति के अवशेष अब भी विराजमान हैं। ऐतिहासिक दस्तावेजों के अनुसार 17 वीं शताब्दी में दाउद खां के किला का निर्माण हुआ था। दाउद खां मुगल शासक औरंगजेब के सिपहसलार थे। 1659 से 1664 तक वे बिहार के सूबेदार थे। बता दें कि पलामू फतह के बाद बादशाह औरंगजेब ने दाउद खां को अंछा, मनोरा परगना भेंट किया था, जिसके बाद दाउद खां ने किले का निर्माण कराया था। किला का सौंदर्यीकरण तो किया गया परंतु कार्य अधूरा रह गया। यहां तक कि दाउदनगर का ऐतिहासिक किला 17वीं शताब्दी में औरंगजेब के शासन काल में उनके सिपहसालार दाउद खां ने निर्माण कराया था। किला के निर्माण में 10 वर्ष लगे थे। किला परिसर का क्षेत्रफल 12715.40 वर्ग मीटर है परंतु रखरखाव के अभाव में किला खंडहर में बदल चुका है। बिहार राज्य भवन निर्माण निगम से कार्य शुरू हुआ। चाहरदीवारी के साथ शौचालय, कमरा बनाया गया। दोनों मुख्य द्वार पर दरवाजा लगाया गया था। पुरातत्व विभाग द्वारा करीब दो वर्ष पहले परिसर के सौंदर्यीकरण का काम शुरू किया गया था। किला के दोनों तरफ गेट लगा दिया गया है। दक्षिण-पश्चिम की तरफ की चाहरदीवारी करा दी गई है। उत्तर की ओर चारदीवारी नहीं कराई गई है। अतिक्रमण की समस्या होने के कारण उधर की चाहरदीवारी अभी तक नहीं हो पाई है। परिसर में चारों तरफ पैदल पथ का निर्माण कराया गया है। पांच पीसीसी पथ बनाया गया है। कई जगहों पर लोगों को बैठने के लिए चबूतरा का निर्माण कराया गया है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए पौधा और फूल लगाने के लिए दर्जनों गेवियन बनाया गया था परंतु देखरेख के अभाव में कुछ गेवियन ध्वस्त हो गए हैं। पीने के लिए पानी टंकी लगाया गया है, शौचालय का निर्माण कराया गया है जो चालू अवस्था में नहीं है।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, बहादुरपुर शाखा, श्री तरुण प्रसाद, मीना देवी, विकाश कुमार सिन्हा एवं श्री अमित कुमार सिन्हा निवासी तरुनई विल्ला भागवत नगर नया टोला कुम्हरार थाना अगमकुआ पटना 800026 के नाम की निम्नलिखित संपत्ति/यों को अपने एक ग्राहक द्वारा अनुरोधित ऋण/क्रेडिट सुविधा के लिए सुरक्षा के रूप में स्वीकार करना चाहती है।

**संपत्ति का विवरण:-**

(1) **Tarun Prasad S/O Late Bhagwat Prasad Singh**
All part & parcel of plot situated at Mauza Kumhrar, Survey Thana-Patna City, Hal Thana-Sultanganj, Present Thana-Agamkuan, Thana No-12, Tauzi No-1357. Khata No-492, Khesra Survey Plot No-108, Dist-Patna. Area of Land 46 Decimal (20037.6 Sq Ft)

**Bounded as under-**
North-Madhusudan Prasad, Litera Vally School
South-Arun Kumar Sinha Bhagwat Milan Mandir
East-Bhagwat Nagar Main Road
West-House of Smt Mina Devi, Road

**(2) Vikash Kumar Sinha S/O Tarun Prasad @ Tarun Kumar Sinha**
All part & parcel of plot situated at Mauza Kumhrar, Survey Thana-Patna City, Hal Thana-Sultanganj, Present Thana-Agamkuan, Thana No-12, Tauzi No-1357, Khata No-492, Khesra Survey Plot No-108, Dist-Patna. Area of Land 45 Decimal (19602 Sq Ft)

**Bounded as under-**
North- Part Plot No-108 Madhusudan Prasad,
South- Part Plot No-108 Amit Kumar Sinha
East-Road
West- Part Plot No-108 Tarun Kumar Sinha

(3) **Mrs Mina Devi W/O Tarun Prasad @ Tarun Kumar Sinha**
All part & parcel of plot situated at Mauza Kumhrar, Survey Thana-Patna City, Hal Thana-Sultanganj, Present Thana-Agamkuan, Thana No-12, Tauzi No-1357, Khata No-492, Khesra Survey Plot No-108, Dist-Patna. Area of Land 45 Decimal (19602 Sq Ft)

**Bounded as under-**
North-Madhusudan Prasad, Litera Vally School
South-Arun Kumar Sinha Bhagwat Milan Mandir
East- Bhagwat Nagar Main Road
West- House of Smt Mina Devi, Road

**(4) Amit Kumar Sinha S/O Tarun Prasad & Tarun Kumar Sinha**
All part & parcel of plot situated at Mauza Kumhrar, Survey Thana-Patna City, Hal Thana-Sultanganj, Present Thana-Agamkuan, Thana No-12, Tauzi No-1357, Khata No-492. Khesra Survey Plot No-108, Dist-Patna. Area of Land 45 Decimal (19602 Sq Ft)

**Bounded as under**
North- Part Plot No-100 Vikash Kumar Sinha.
South- Part Plot No-108 Arun Kumar Sinha
East-Road
West-Part Plot No-108 Smt Mina Devi

यदि किसी के पास उपरोक्त संपत्ति पर कोई अधिकार स्वामित्व/हित दावा है तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपना दावा प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक प्रमाण के साथ 7 दिनों के भीतर बैंक से संपर्क करें।

यदि 7 दिनों के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो यह माना जाएगा कि संपत्ति किसी भी शुल्क दावे/भार से मुक्त है और बैंक बंधक के साथ आगे बढ़ जाएगा।

**शाखा का विवरण**
**बैंक ऑफ बड़ौदा, बहादुरपुर शाखा, पटना**

**एस सी वर्मा**
**अधिवक्ता का नाम**

# बिहार में चल रहा कानून का राज हो रहा तेजी से विकास : नीतीश

## मानीगाछी प्रखंड के राघोपुर खेल मैदान में जनसभा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार में आज कानून का राज चल रहा है वहीं तेजी से विकास हो रहा है। 2005 के पहले बिहार का बुरा हाल था सामाजिक विवाद बढ़े थे। लोग घरों से बाहर निकलने में डरते थे। चारों ओर भय का माहौल था इलाज की कोई व्यवस्था नहीं थी। अब प्रदेश में शांति व सुरक्षा व्यवस्था कायम है। हम लोग मिलकर बिहार को आगे बढ़ाएंगे। यह बातें शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मानीगाछी प्रखंड स्थित राघोपुर खेल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करने के क्रम में कहीं।



उन्होंने कहा कि शिक्षा की स्थिति में सुधार लाने के लिए बड़ी संख्या में नए स्कूल खोले गए वहीं शिक्षकों की बहाली की गई। साइकिल योजना, पोशाक योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं प्रारंभ की गई ।258000 शिक्षकों की नियुक्ति हुई वही 262000 नियोजित शिक्षक सरकारी शिक्षक बनाए गए। उन्होंने आगे कहा कि स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए 2006 से सभी अस्पतालों में दवा एवं इलाज की मुफ्त सुविधा कराई गई। इसी का परिणाम है कि आज 11000 से ज्यादा औसतन मरीज इलाज कराने को पहुंच रहे हैं जबकि 20 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। शेष जिलों में भी मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए नगर निकायों में 50% आरक्षण की व्यवस्था दी गई जबकि बिहार पुलिस की बहाली में 35% महिला को आरक्षण मिला वही घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली वृद्धा पेंशन में बढ़ोतरी कर आम आवाम लोगों को लाभ पहुंचाने की कोशिश हुई है।

सभा को राज्यसभा सांसद एवं जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में चौतरफा विकास के बावजूद इस क्षेत्र से उन्हें अपेक्षाकृत सहयोग नहीं मिला ।उन्होंने जनता से इस बार की चुनाव में इस बात को ध्यान रखते हुए एनडीए के उम्मीदवार के प्रति सहयोग की अपील की। उन्होंने दरभंगा में एयरपोर्ट एवं एम्स जैसे विकास कार्यों का भी ध्यान दिलाया। सभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नीतीश सरकार द्वारा किए गए विभिन्न विकासात्मक कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार के समक्ष एक तरफ बिहार है तो दूसरी तरफ विकास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लंबे समय से बिहार को संवारने का सजाने का अपना प्रयास किया है और आगे भी विकास होता रहेगा। सभा में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे विधायक विनय कुमार चौधरी भाजपा जिला अध्यक्ष प्रोफ़ेसर आदित्य नारायण मन्ना, लोजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## दीवाल तोड़कर ऑटो रिपेयरिंग सेंटर से चोरी

**मसौढ़ी।** पटना गया नेशनल हाईवे 22 पर नदवां ओपी क्षेत्र के भलुआ पेट्रोल पंप के पास में बीते रात को एक बालाजी बाइक रिपेयरिंग सेंटर का दीवाल तोड़कर 40 हजार नगद समेत लाखों रुपए का बाइक पार्ट्स चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस बात की जानकारी ऑटो रिपेयरिंग ऑनर को तब हुई जब सुबह 10:00 बजे बाइक रिपेयरिंग सेंटर का मैकेनिक राहुल कुमार पिता ललन विश्वकर्मा ने दुकान खोलने गया, तो देखा की दीवाल टूटा हुआ है। सारा सामान गायब हैं। पिडित राहुल कुमार ने बताया की चार कार्टून मोबील के डिब्बे, चार बैट्री, बहुत सारा बाइक के पार्ट्स वाशिंग मशीन समेत नागदी रुपए चोरी हो गए हैं। तकरीबन 2 लाख से अधिक के पार्ट्स की चोरी हुई है। पुलिस को सूचना दी गई है वहीं आसपास के लोगों ने बताया की 10 इंच का दीवाल को तोड़ने में काफी वक्त लगा होगा ऐसे में पुलिस की पेट्रोलिंग पर सवाल उठता है कि आखिर पुलिस इतनी देर तक कैसे नहीं पहुंची पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## इंडिया-भूटान यूथ फ्रेंडशिप कैंप में एनसीसी कैडेट प्रफुल्ल ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** इंडिया भूटान यूथ फ्रेंडशिप कैम्प में अनुग्रह नारायण स्मारक कॉलेज नबीनगर के एनसीसी कैडेट अंडर ऑफिसर प्रफुल कुमार ने भाग लिया। प्रफुल ग्राम बभनसोटा निवासी राजेश रजक एवं संगीता देवी के सुपुत्र हैं। कैम्प की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए प्रफुल कुमार ने बताया कि इस कैम्प में भारत एवं भूटान के कुल 130 कैडेट्स ने भाग लिया। इस तरह के कैम्प का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युवाओं के बीच मित्रता बढ़ाना तथा संस्कृतियों का समावेश करना होता है। इसमें पूरे भारत के चयनित कैडेट्स को भूटान की संस्कृति, कला एवं अनुशासन समझने मिला। महाविद्यालय के प्रभारी लेफ्टिनेंट अक्षय जैन ने बताया कि यह एनसीसी के सबसे प्रतिष्ठित कैम्प में से एक था। इसमें केवल राष्ट्रीय स्तर के कैम्प में चयनित हो चुके कैडेट्स को बुलाया गया था। इसमें एनसीसी के डायरेक्टर जनरल लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीर पाल सिंह, बिहार झारखंड के एडीजी मेजर जनरल अमनदीप सिंह, गया ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर राम नरेश एवं गया ग्रुप के अंतर्गत आने वाली सभी यूनिट के कमान अधिकारी शामिल हुए। कैडेट को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिनेश प्रसाद सिन्हा एवं 13 बिहार बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल प्रदीप तक्षक द्वारा सम्मानित किया गया।

## नारकीय सड़क की बदहाल स्थिति से आजिज आकर मोहल्लेवासियों ने वोट बहिष्कार का लिया निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने में महज कुछ ही दिन शेष बचे हैं। ऐसे में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। लेकिन मसौढ़ी में वार्ड नंबर 15 गंगाचक मलिकाना के सभी मोहल्लेवासियों ने इन दिनों नारकीय सड़क की बदहाल स्थिति से आजीज होकर इस बार चुनाव में मतदान बहिष्कार करने का निर्णय लिया है और इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग एवं स्थानीय अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंप कर अपनी समस्याओं से अवगत करवाया है। दरअसल बताया जाता है कि वार्ड नंबर 15 गंगाचक मालिकाना के रोड को विगत एक वर्षों से अधिक समय




से वैकल्पिक मार्ग हेतु प्रयोग किया जा रहा है, जहां पर सैकड़ो की संख्या में बड़े-बड़े माल वाहक वाहनों का आवागमन हो रहा है, जिससे न केवल सड़क की स्थिति बदहाल हो गई है बल्कि पूरे मोहल्लेवासी का इन वाहनों के अलावाजाही से परेशानी का सबब बन गया है। दिन क्या रात भर गाड़ियों का परिचालन होता है जिससे सड़कों की बदहाल स्थिति हो ही गई है, उसके बगल में नालियों की स्थिति भी जर्जर होते जा रही है। सड़कों पर कई जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, रोज सड़क हादसे हो रहे हैं शुक्रवार को भी एक बड़ा ट्रक गड्ढे में आकर गिर गया है, ऐसे में पैदल चलना भी लोगों को मुश्किल हो गया है। बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानियां हो रही है, ऐसे में मोहल्लेवासियों ने इससे अजीज होकर मतदान बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। आक्रोशितों में अरविंद कुमार केसरी, कुंदन कुमार, चंदन कुमार केसरी, संतोष कुमार, सत्येंद्र कुमार, बजरंगी प्रसाद केसरी,श्याम बाबू केसरी, चंद्र भूषण कुमार, मनोज कुमार, रोहित कुमार शर्मा, बिंदु विश्वकर्मा, रीता देवी, आनंद केसरी, शांति देवी, अरुण कुमार, विजय कुमार सिंह समेत सैकडों लोग मतदान बहिष्कार में सहमति दर्ज की है अब देखना यह होगा कि मोहल्ले वासियों की निर्णय पर स्थानीय प्रशासन क्या रुख अख्तियार करती हैं।

## लहरियाकट बाइकर्स पर पुलिस की निगाह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** दुर्गा पूजा को लेकर शहर में ट्रैफिक पुलिस ने गंभीर है। इस दौरान लहरियाकट बाइकर्स गैग और बाइक रेस लगाने वाले गैग पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस वाहन जांच अभियान चला रही है। यह अभियान पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व शहर के विभिन्न जगहों पर चलाया गया। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार यह कार्रवाई की जा रहा है। प्रतिदिन विभिन्न जगहों पर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर के महाराजगंज रोड और रमेश चौक से महाराणा प्रताप चौक जाने वाली सड़क में विशेष निगाह होगी। यातायात थाना द्वारा वाहनों से 48 हजार रूपये जुर्माना वसूल किये गये है। वहीं बारूण थाना द्वारा 11000 रूपये तथा ओबरा थाना द्वारा 1000 रूपये जुर्माना वसूला गया। वैसे पूरे जिले में जांच अभियान के दौरान 60 हजार रुपये जुर्माना वसूल किये गये है। ज्ञात हो कि औरंगाबाद शहर में लहरिया कट बाइक चलाने वाले युवाओं से लोग परेशान है। कई बार इनकी चपेट में आने से कई लोग घायल हो चुके है। कुछ लोगों की मौत भी हो चुकी है। पुलिस अब इनपर शिकंजा कसने की तैयारी कर चुकी है।

## पंखे से लटका मिला बच्चे का शव, विरोध में सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के जगपुरा बिगहा गांव में शुक्रवार की दोपहर एक घर के कमरे में पंखे से लटके हुए एक 5 साल की बच्चे का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतक की पहचान आयुष कुमार पिता स्वर्गीय उदल उर्फ अमर यादव के रूप में हुई है। जो अपने दादा नरेश प्रसाद के साथ रहता था, हाल ही में दो साल पहले उसके पिता की भी मौत हो गई थी, उसके पिता उदल उर्फ अमर एक कोचिंग संस्थान में पढ़ाते भी थे जो एक बीमारी से उनकी मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी कोमल मीणा पुलिस पदाधिकारी श्रवण कुमार मंडल, थानाध्यक्ष अनिल कुमार पूरे दलबल के साथ पहुंचे, जहाँ घटना स्थल पर एफएसएल की टीम को बुलाकर पूरे मामले की तहकीकात की जा रही है। यह हत्या है या फिर सुसाइड पूरे मामले की बिंदुवार पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है, परिवार के लोग सदमे में हैं, घटना के बारे में बताया जाता है की आयुष का भाई उसे फंदे से लटके हुए देखा उसके उसके बाद पूरे गांव मे हो हल्ला हुई, घटना के बाद घर में कोई परिवार नहीं था, पुलिस को सूचना हुई है पुलिस मौके पर पूरे मामले की तहकीकात में जुट गई है इस घटना के बाद पूरे गांव में बस यही एक सवाल हर किसी के जेहन में कौंध रहा है कि महज 5 साल के इस बच्चे ने क्या किसी का बिगड़ा था।

## किसानों की समस्या को लेकर संगठन की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** भारतीय किसान मजदूर विकास संगठन के बैनर तले मसौढी में किसानों की बैठक आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता सत्येंद्र सिंह ने की। संचालन राकेश कुमार ने किया। मौके पर उप मुखिया अरुण कुमार शामिल रहे, विभिन्न पंचायतों से आये हुए किसानों ने राजस्व अभियान में हो रही दिक्कतें, उचित मूल्य पर नहीं बिक रहे खाद, पटवन की समस्याओं को लेकर चर्चा की गईस मौके पर सत्येंद्र सिंह ने बताया खेत में अनाज उप जाने वाले अन्नदाता आज सबसे ज्यादा अपेक्षित है खाद बीज दवा के लिए लोग परेशान रहते हैं, सरकार को इन किसानों पर कोई ध्यान नहीं रहता है, सरकार चाहे किसी के भी हो लेकिन को भी सरकार किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं कर रहे हैं, बस झूठे वादे, कर उन्हें बरगला रहे हैं। मसौढ़ी जैसे क्षेत्र में किसानों को सबसे ज्यादा पटवन की समस्या है, खाद की कालाबाजारी हो रही है, वही अभी राजस्व अभियान में किसानों को बहुत तरह के परेशानियों के सामना करना पड़ा है, सरकार से मांग करते हैं कि छूटे हुए किसानों को हर गांव में विशेष शिविर लगाया जाए, बैठक में अनिल शर्मा, राकेश कुमार, संटु कुमार, अरुण कुमार, सुभाष यादव, नागेश्वर यादव, सुरेंद्र यादव आदि शामिल रहे हैं।

## जीविका दीदियों के खाते में पैसा आते ही खिल उठे चेहरे, कहा रोजगार करने का मिला है अवसर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** जीविका दीदियों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से विशेष सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत की गई, जिसके तहत जीविका दीदियों को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से 10-10 हजार रुपये की पहली किस्त शुक्रवार को दी गई। जहाँ मसौढी प्रखंड मुख्यालय पर शहीद संजय सिन्हा सभागार में कार्यक्रम का विधवत रूप से उद्घाटन किया गया, जहां बीडीओ प्रभाकर कुमार, बीपीएम दिग्विजय नारायण,



जिविकोपार्जन विशेषज्ञ युसूफ सिद्दीकी, एरिया कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उसके बाद कार्यक्रम में लाइव प्रसारण के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के का संबोधन को सुनाया गया। मौके पर विभिन्न पंचायत से आए हुए सैकडों की संख्या में जीविका दीदी शामिल हुए। इसके अलावा धनरूआ प्रखंड एवं पुनपुन में भी कार्यक्रम का आयोजंन किया गया। पहली किस्त की राशि खेती, पशुपालन, हस्तशिल्प, सिलाई-बुनाई और छोटे उद्यमों के लिए दी जा रही है।बीपीएम ने बताया की मसौढी अनुमंडल में कुल 63792 जीविका दीदी को उनके खाते में पैसा ट्रांसफर किया गया है जहां मसौढी प्रखंड में 24380, धनरूआ प्रखंड में 25854 और पुनपुन प्रखंड में 14506 जीविका दीदीयों के खाते में शुक्रवार को पैसा ट्रांसफर किया गया है लगातार आवेदन भरा जा रहा है। इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील वर्मा अश्वनी गोल्डी, अमित पटेल, सुमंत कुमार, शंभू सिंह, नीरज पटेल, आदि शामिल रहे।

## जिला परिवहन पदाधिकारी ने की वाहन कोषांग की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरो पर चल रही है। ऐसे जिला प्रशासन के निर्देश पर मसौढी विधानसभा में विभिन्न कोषांगों का गठन करते हुए इसके सभी नोडल पदाधिकारी को कई दिशा निर्देश दिये गये है। ऐसे में वाहन कोषांग को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी उपेंद्र कुमार मसौढी पहुचे है जहाँ गांधी मैदान में बनाये गये वाहन कोषांग, एवं सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया। इस दौरान डिस्पैच के दिन मतदान के लिए केंद्रवार वाहन टैगिंग से



संबंधित कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. सामग्री कोषांग निरीक्षण के दौरान सामग्री कोषांग में उपलब्ध सभी सामग्रियों की उपलब्धता के अलावा चुनाव को लेकर वाहन उपलब्ध करायी जानी है। सामग्री को विधानसभावार आपूर्ति के बारे में कोषांग के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। वाहन कोषांग मे मसौढ़ी एवं धनरूआ के अंचलाधिकारी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। बहरहाल मसौढी विधानसभा में कुल 394 मतदान केंद्र बनाये गये है।वही 41 सेक्टर बनाये गये है, सभी मतदान केंद्रों पर वाहनो की उपलब्धता एवं चुनाव से वाहनों की धरपकड आदी पर बिंदुवार चर्चा की गई। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार, बीडीओ प्रभाकर कुमार, सीओ प्रभात रंजन आदी उपस्थित रहे।

## एलाइनमेंट बदलने के विरोध में मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** परसा चौक पर शुक्रवार सुबह 5 बजे एलाइनमेंट बदलने के फैसले के विरोध में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन एलाइनमेंट संघर्ष समिति की ओर से आयोजित किया गया था. इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष एवं भाकपा माले प्रखंड सचिव गुरुदेव दास ने पुतला दहन की अगुवाई की। इस कार्यक्रम में फुलवारी शरीफ विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक गोपाल रविदास ने भी शामिल होकर संघर्ष समिति का समर्थन किया वहीं, महागठबंधन के दर्जनों नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता भी मौजूद रहे. प्रदर्शनकारियों ने नारों के माध्यम से मुख्यमंत्री के फैसले के खिलाफ अपनी नाराज़गी जताई और पुराने अलाइनमेंट पर सड़क बनाने की मांग को दोहराया। स्थानीय लोगों और नेताओं ने कहा कि नए अलाइनमेंट से सैकड़ों किसानों की ज़मीन और घर प्रभावित हो रहे हैं, जबकि पुराने अलाइनमेंट में काफी कम भूखंड प्रभावित होते थे। इस

## एक नजर

### हड़ताल पर सफाईकर्मी

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सिटी के गुजरी बाजार स्थित गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में जीविका द्वारा अनुबंध पर बहाल सफाई कर्मी पिछले 4 महीनो से मानदेय का भुगतान नहीं होने पर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। सफाई कर्मियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से अस्पताल की साफ सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है। मानदेय भुगतान की मांग को लेकर सफाई कर्मियों ने अस्पताल के मुख्य गेट के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर अपना आक्रोश प्रकट किया। इस मौके पर सफाई कर्मियों ने जीविका और अस्पताल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अविलंब मानदेय का भुगतान किए जाने की मांग की। इस अवसर पर आक्रोशित सफाई कर्मियों का कहना था कि पिछले 4 महीनो से मानदेय का भुगतान नहीं होने से उन्हें घोर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### भारी मात्रा में अवैध शराब एवं हथियार बरामद

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर में दुर्गा पूजा एवं विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस एक्टिव मोड में है।इसी क्रम में गश्ती के दौरान अगमकुंआ थाना को सुचना मिली कि थाना क्षेत्र के भुतनाथ में एक एलआईजी फ्लैट में भारी मात्रा में विदेशी शराब एवं हथियार रखा गया है। इसके बाद वरिय अधिकारी को सुचित करते हुए अगमकुंआ थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब, अवैध हथियार, कारतूस आदि बरामद किया है। छापेमारी में सैकड़ों लीटर विदेशी शराब, एक पिस्टल, एक कट्टा, तीन मैगजीन, सोलह कारतूस, मोटरसाइकिल,स्कुटी,चाकु,कई एंड्रॉयड फोन, लैपटॉप बरामद किया गया है। मौके पर मौजूद दो अपराधी भागने में सफल रहे।

### अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लहसुना थाना क्षेत्र के घोरहुआ गांव से हत्या के प्रयास मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार आरोपी का नाम श्याम बिहारी पंडित उम्र 50 वर्ष पिता प्रभात पंडित बताया जाता है। लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि बीते 6 अगस्त को आपसी विवाद में दो पक्ष में जमकर मारपीट हुई थी, जिसमें लाठी डंडे से मार कर जख्मी कर दिया था जो पीएमसीएच में इलाजरत था जिसको लेकर लहसुना थाना कांड संख्या 640/ 25 के तहत हत्या के प्रयास एवं अन्य कई धाराओं में कई लोगों पर प्राथमिकी की गई थी जिसमें कुछ की गिरफ्तारी की गई है और यह फरार चल रहा था गुप्त सूचना के आधार पर बिते शाम को इसे गिरफ्तार किया गया है।

### शांति समिति की बैठक

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दुर्गा पूजा के मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पालीगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने की। इस मौके पर गणमान्य लोग और पूजा समिति के लाइसेंसधारी सदस्य मौजूद थे। थानाध्यक्ष ने कहा कि दुर्गा पूजा एक महत्वपूर्ण पर्व है, इसे शांतिपूर्ण माहौल में मनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। उपद्रवी और शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि बाजार और प्रमुख चौक-चौराहों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। इस बार थाना क्षेत्र में 19 जगहों पर मूर्ति स्थापना होगी। सभी पूजा समिति के लाइसेंसधारी को सरकारी गाइडलाइन के अनुसार ही पंडाल बनाने होंगे। पंडाल का लाइसेंस अनुमंडल पदाधिकारी से लेना अनिवार्य है। पंडाल और बिजली की तार के बीच कम से कम 5 फीट की दूरी होनी चाहिए। हर पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाना जरूरी होगा। धार्मिक उन्माद, राजनीतिक नारेबाजी और हथियारों का प्रदर्शन पूरी तरह वर्जित रहेगा। डीजे का इस्तेमाल नहीं होगा, सिर्फ छोटे साउंड बॉक्स का प्रयोग किया जाएगा। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग नहीं किया जाएगा। पंडालों के पास अग्निशमन उपकरण और सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। आयोजक वॉलंटियर पहचान पत्र के साथ तैनात करेंगे। सप्तमी से मूर्ति विसर्जन तक भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। बैठक में मिट्ठू लाल, कृष्णा प्रसाद, नीरज यादव, कारण गुप्ता, विश्वरंजन ओझा, हनुमतेश्वर दयाल, अमलेश कुमार ,विजय तिवारी समेत कई लोग मौजूद थे।

### एनडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** खगौल रोड स्थित एक रिसोर्ट में शुक्रवार को एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में सभी घटक दलों के कार्यकर्ताओं ने बढ-चढकर भाग लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लोजपा के जिलाध्यक्ष चंदन यादव ने की, जबकि संचालन भाजपा के रजनीश कुमार ने किया। सम्मेलन में भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद रविशंकर प्रसाद, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार, एमएलसी अनामिका सिंह पटेल, पूर्व विधायक आशा सिन्हा, दीघा विधायक संजीव चौरसिया, भाजपा नेता रविभूषण उर्फ बेला यादव, संजय यादव, शंकर सिंह, बंटी गुप्ता, भाई सनोज यादव, अजीत यादव, सुबोध यादव, ब्रजेश कुमार सिंह, रंजीत यादव, विजय भोटी, नंदू, जदयू के विधानसभा प्रभारी धीरज कुशवाहा, प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार, नगर अध्यक्ष अरविद कुमार, केवलापति देवी, प्रमोद सिंह, किशोर सिन्हा , के अलावा एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। मौके पर सांसद रविशंकर प्रसाद ने विपक्षी दलों पर तीखे वार किए। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह दोनों युवराज वोटर लिस्ट पर सवाल उठाकर बिहार की जनता का अपमान कर रहे हैं। बिहार के मतदाताओं ने नीतीश कुमार व नरेंद्र मोदी और एनडीए नेताओं को पूरी ईमानदारी से जिताया है। उनके फैसले का अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एमएलसी अनामिका सिंह व पूर्व विधायक आशा सिन्हा ने विश्वास जताया कि नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए को आने वाले चुनावों में भी जनता का भारी समर्थन मिलेगा।

## पेज 1 का शेष

### नरेन्द्र और नीतीश...

सीएम बना दिया। इससे पहले कोई ऐसा किया था। वो केवल अपने परिवार को देखते हैं। हमलोग जनता के लिए काम करते हैं। हमने बिहार के विकास के लिए काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का फायदा राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को दिया जाना है। जिनका रोजगार अच्छा चलेगा उन्हें आगे दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत शेष महिलाओं को लाभ देने के लिए अभी से ही तिथियां निर्धारित कर दी गयी है। अगली तिथि 3 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। आगे भी जो महिलायें इस योजना से जुड़ेंगी उन्हें भी इसका लाभ दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि सभी माताएं एवं बहनें आज दी जा रही राशि का सदुपयोग करेंगी, अपने परिवार को खुशहाल बनायेंगी और राज्य तथा देश के विकास में अपना योगदान देंगी।

### नीतीश ने दरभंगा ...

समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी, नगर विकास एवं आवास मंत्री जिबेश कुमार, राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, सांसद गोपाल जी ठाकुर, सांसद धर्मशीला गुप्ता, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त कौशल किशोर, दरभंगा प्रक्षेत्र की पुलिस उप महानिरीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम, जिलाधिकारी कौशल कुमार, एसएसपी जगुनाथ रेड्डी सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, लाभार्थीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

# दो दिवसीय सामूहिक हड़ताल पर जाएंगे आइटी व कार्यपालक सहायक

## 6 अक्टूबर से शुरू करेंगे सभी कर्मी भूख हड़ताल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सेवा नियमित, वेतनमान समेत विभिन्न मांगों को लेकर सरकार एवं अधिकारियों के समक्ष लगातार अर्जी लगाने पर भी जब बात नहीं बनी तो कार्यपालक सहायक एवं आईटी सहायक द्वारा सामूहिक अवकाश एवं भूख हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है. इस बार बिहार राज्य कार्यपालक सहायक सेवा संघ व बिहार राज्य आईटी सहायक सेवा संघ द्वारा आंदोलन संयुक्त रूप से करने का निर्णय लिया गया है, जो बिहार राज्य आईटी कर्मी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले किया जाएगा। राज्य कमिटी द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में बिहार राज्य आईटी सहायक संघ के जिलाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार व बिहार राज्य कार्यपालक सहायक सेवा संघ के जिला सचिव रंजन कुमार ने संयुक्त रूप से आंदोलन की सूचना जिला पदाधिकारी एवं सभी विभागों के अधिकारियों को दिया है. उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय संघ द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में दुर्गा पूजा के उपरांत कार्यालय खुलते ही 3 एवं 4 अक्टूबर को सभी विभागों में कार्यरत आईटी सहायक व कार्यपालक सहायक दो दिवसीय सामूहिक हड़ताल पर रहेंगे. इसके उपरांत 6 अक्टूबर से सभी कर्मी भूख हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि मांगों को लेकर लगातार अधिकारी एवं सरकार के समक्ष गुहार लगाया गया, परंतु हमारी मांगों पर इसी तरह की पहल नहीं की गई। ऐसी स्थिति में सभी विभागों में कार्यरत आईटी एवं कार्यपालक सहायकों में आक्रोश व्याप्त है। आंदोलन की सूचना के साथ बिहार राज्य आईटी कर्मी संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा अपनी चार सूत्री मांगों से अवगत कराया गया है। उनकी मंगों में सेवा स्थाई, वेतनमान लागू करते हुए सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में पद सोपान के अनुरूप सेवा काल की गणना कर मानदेय का निर्धारण किया जाना, ईपीएफ का लाभ नियोजन की तिथि से दिया जाना, पुननियोजन की व्यवस्था सरकार द्वारा 22 जनवरी 2021 को जारी संकल्प संख्या 1003 के आलोक में किया जाना, सेवा काल में मृत्यु होने के उपरांत उपादान के रूप में आश्रितों को 40 लाख रुपए तथा स्थाई अपंगता की स्थिति में 25 लाख उपादान व अनुकंपा के आधार पर नौकरी दिया जाना शामिल है। कार्यपालक सहायक सेवा संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर ने बताया कि सभी विभागों में कार्यरत संविदा कर्मी को सरकार द्वारा वेतन वृद्धि एवं अन्य सुविधा का लाभ प्रदान किया गया है. परंतु बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के तहत विभिन्न विभागों में कार्यरत आईटी सहायक एवं कार्यपालक सहायक को किसी तरह का लाभ प्रदान नहीं किया गया। इसके लिए सितंबर माह के प्रारंभ में ही आंदोलन की शुरुआत की जा रही थी, परंतु बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के अधिकारियों ने वेतन वृद्धि एवं अन्य लाभ प्रदान करने का आश्वासन दिया था। लंबे समय तक किसी तरह लाभ नहीं दिए जाने के बाद हम सभी द्वारा सरकार के विभिन्न मंत्री एवं जनप्रतिनिधि तथा बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के अधिकारियों के समक्ष अपनी मांग पत्र सौपते हुए अर्जी लगाई, परंतु उनके द्वारा सकारात्मक पहल नहीं किए जाने के बाद आंदोलन करने निर्णय लिया गया है। आंदोलन की जिम्मेदारी बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के अधिकारियों की होगी।

# कार से अवैध देसी थर्नेट और कारतूस बरामद, चालक फरार

**देव/औरंगाबाद। (नबिटा ब्यूरो)।** देव पुलिस ने अवैध देसी थर्नेट और कारतूस बरामद किया गया है। जबकि कार सवार आरोपी फरार हो गया। मामला थाना क्षेत्र के माले नगर के समीप की है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक के कार में अवैध हथियार रखें हुए है। सूचना के सत्यापन में गई पुलिस ने ज्यों ही कार की दरवाज़ा खोला देसी थर्नेट बाहर निकल गया और आरोपी कार लेकर फरार हो गया। इस दौरान पुलिस ने पीछा किया लेकिन वे असफल रहे। आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के बेलसारा गांव निवासी प्रिंस कुमार सिंह के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया दो पक्षों में विवाद था जिसको लेकर एक पक्ष से आरोपी हथियार लेकर पहुंचा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर छापेमारी के दौरान अवैध देसी थर्नेट और एक कारतूस बरामद किया गया है। जबकि आरोपी कार लेकर फरार हो गया। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी के पास अवैध हथियार कहां से आया। कहीं उसका कोई अपराधिक इतिहास तो नहीं, विभिन्न बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है। जल्द ही वह पकड़ा जायेगा।

# निबंध प्रतियोगिता में अनुग्रह स्कूल की साक्षी प्रथम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** शहर के पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में उद्योग विभाग के द्वारा आयोजित शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार जीते। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने बताया कि जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मोहम्मद अफ्फान के निदेश के आलोक में विद्यालय के बच्चों के बीच भारत को आत्मनिर्भर बनाने हेतु चल रहे स्वदेशी अभियान के विषय पर निबंध लेखन एवं वोकल फॉर लोकल के विषय पर वाद विवाद की प्रतियोगिता कराई गई जिसमें सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकारों के द्वारा चलाएं जा रहे योजनाओं व उनपर प्राप्त होने वाली सब्सिडी की विस्तृत जानकारी बच्चों को दिया एवं एक हूनर जरूर सीखने की नसीहत दी। साथ ही स्थानीय उत्पादों के बारे में बच्चों को वोकल या मुखर होने को भी कहा। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति में वोकेशनल पाठ्यक्रमों का समावेशन किया गया है जिसको शैक्षणिक संस्थान गंभीरता से संचालित कर रहे है। आने वाले वर्षों में भारत तेजी से आत्मनिर्भरता की श्रेणी वाले देशों में सम्मिलित हो जाएगा। वोकल फॉर लोकल विषय पर हुए वाद विवाद प्रतियोगिता में विद्यालय की साक्षी प्रथम, मानवी द्वितीय एवं सौरभ तृतीय हुए जिन्हें जीएम डीआईसी मोहम्मद अफ्फान एवं स्कूल के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में विदयालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ साथ डीआईसी के प्रोजेक्ट मैनेजर भी उपस्थित थे।


बिहार सरकार

## अधीक्षक मद्यनिषेध कार्यालय, औरंगाबाद
### अति आवश्यक सूचना
### प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा निम्नलिखित वादों से संबंधित वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम, 2016 के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन को जप्त किया गया है जिसे नीलामी से पूर्व समाचार पत्र के माध्यम से वाहन मालिकों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु अवगत कराने का प्रावधान है। वाहन मालिकों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु दिनांक– 07.10.2025 को निर्धारित की गयी है।

यदि निर्धारित तिथि तक वाहन मालिक उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करते हैं तो एकपक्षीय विधि सम्मत निर्णय लिया जाएगा एवं नीलामी की कार्रवाई की जाएगी।

**वाहन एवं वाहन मालिकों की विवरणी निम्न प्रकार है :–**

| क्र0 सं0 | थाना/थाना काण्ड सं0 | वाहन प्रकार/निबंधन सं0/ चेसिस सं0/ईंजन सं0 | अधिहरणवाद सं0 | अधिहरण आदेश तिथि | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | वाहन का मॉडल | वाहन का निर्माण वर्ष | वाहन मालिक को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Excise Sadar 567/24 11.06.2024 | Motorcycle BR-02U-0260 Eng. No. HA10ELDHB10845, Che. No. MBLHA10ASDB07575 | 133/2024 | 236/ 26.07.2025 | प्रभात चन्दर, पिता–राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, साव–बस स्टैण्ड देव, पो0+थाना–टेकारी, जिला–गया | Splendor Pro | 2013 | 07.10.2025 |
| 2 | Excise Sadar 659/24 07.07.2024 | Motorcycle BR-02AL-7827, Eng. No. JC73ET1220610, Che. No. ME4JC735KHT090936 | 134/2024 | 236/ 26.07.2025 | मोहम्मद सदीकुल्लाह, पिता–जहीदुल्लाह खान, सा0–समशाद, पो0–मैगरा, थाना–इमामगंज, जिला–गया | CB125 Shine SP | 2017 | 07.10.2025 |
| 3 | Excise Sadar 587/24 17.06.2024 | Motorcycle BR-02AW-8962] Eng. No. HA10ACKHE16721, Che. No. MBLHAW011KHE26184 | 135/2024 | 236/ 26.07.2025 | चान्दनी कुमारी, पिता–चन्देश्वर पासवान, ग्राम–करताही, पो0–करताही, थाना+जिला–गया | Passion Pro | 2020 | 07.10.2025 |
| 4 | Excise Sadar 665/24 09.07.2024 | Splendor Motorcycle, BR-02BB-6591, Eng. No. HA11EDMHD70881, Che. No. MBLHAW120HHD77912 | 138/2024 | 236/ 26.07.2025 | अनीता कमारी, पिता–शनिचर भुईया, ग्राम–बरहा, पो0–फुलवरिया, थाना–आमस, जिला–गया | Splendor Plus | 2021 | 07.10.2025 |
| 5 | Excise Sadar 648/24 04.07.2024 | Pulser Motorcycle, BR-02AG-7465, Eng. No. DHXRLL59019, Che. No. MD2A11CX8LRL22654 | 141/2024 | 236/ 26.07.2025 | संजय कुमार, पिता–नन्दकिशोर यादव, ग्राम–गंजास, थाना–मुफसिल, जिला–गया | Pulser 150 DTS-1 | 2020 | 07.10.2025 |
| 6 | Excise Sadar 703/24 21.07.2024 | Splendor izks Motorcycle, BR-26G-9590, Eng. No. HA10ELEHD29037, Che. No. MBLHA10A9EHD01080 | 143/2024 | 236/ 26.07.2025 | विणा कुमारी, पिता–अशोक यादव, पिता–ओडियाचक, थाना–कासमा, जिला–औरंगाबाद | Splendor Pro | 2014 | 07.10.2025 |
| 7 | Excise Sadar 680/24 15.07.2024 | Hero Galemor Motorcycle, BR-02AW-1219, Eng. No. JA06ERKGM22259, Che. No. MBLJAW101LGA49094 | 145/2024 | 236/ 26.07.2025 | रंजु कुमारी, पति–स्व0 शिवदहन प्रसाद, ग्राम–नवादा, थाना–शेरघाटी, जिला–गया | Galemor | 2020 | 07.10.2025 |
| 8 | Excise Sadar 680/24 15.07.2024 | Hero Galemor Motorcycle] BR-04L-0693, Eng. No. JA06ELCGH02761, Che. No. MBLJA06AFCGH02793 | 146/2024 | 236/ 26.07.2025 | शत्रुधन कुमार सिंह, पिता–पवन सिंह, ग्राम–ताजपुर, थाना–मांझी, जिला–सारण | Galemor | 2012 | 07.10.2025 |
| 9 | Excise Sadar 721/24 28.07.2024 | Bajaj Discover Motorcycle, BR-2M-2997, Eng. No. JBMBTB95769, Che. No. MD2DSPA2ZTWB69411 | 147/2024 | 236/ 26.07.2025 | अम्बिका सिंह, पिता–भागवत सिंह, पता–कोलर सिविल अरोघ, थाना+जिला–गया | Discover | 2010 | 07.10.2025 |
| 10 | Excise Sadar 760/24 06.08.2024 | TVS Motorcycle, BR-26Q-6851, Eng. No. DP1EJ2792945, Che. No. MD621EP18J3E27648 | 148/2024 | 236/ 26.07.2025 | देवानन्द भुईया, ग्राम–केशो भुईया, ग्राम–भयाराम बिगहा, पो0–महुऑव, थाना–मदनपुर, जिला–औरंगाबाद | TVS | 2019 | 07.10.2025 |
| 11 | Excise Sadar 701/24 20.07.2024 | Apachi 160 Motorcycle, BR-26Y-1071, Eng. No. AE8FP2207070, Che. No. MD634BE81P2F06877 | 151/2024 | 236/ 26.07.2025 | राजेश कुमार, पिता–भोला सिंह, ग्राम–सरईयाटाड़ पो0–फुलवरिया, थाना–गुरूआ, जिला–गया | Apachi RTR 160 | 2023 | 07.10.2025 |
| 12 | Excise Sadar 720/24 27.07.2024 | Splendor Motorcycle, BR-01CG-0984, Eng. No. AA10AGKHD53613, Che. No. MBLHAW088KHDA224 | 152/2024 | 236/ 26.07.2025 | मैनेजर केनरा बैंक, प्रो0 रौशन कुमार, पता–मुतनाथ रोड़, हाउसिंग कॉलोनी, पटना | Splendor | 2014 | 07.10.2025 |
| 13 | Excise Sadar 886/24 26.08.2024 | Hero Galemor Motorcycle, BR-02X-6763, Eng. No. JA06ELEGE01142, Che. No. MBLJA06AKEGE01155 | 157/2024 | 236/ 26.07.2025 | पिंटु कुमार शर्मा, पिता–विरेन्द्र शर्मा, ग्राम–सहदेव खाप, थाना–बोधगया, जिला–गया | N/A | N/A | 07.10.2025 |
| 14 | Excise Sadar 656/24 05.07.2024 | Passion Pro Motorcycle, BR-26H-4783, Eng. No. HA10EVFHF74235, Che. No. MBLHA10BSFHF84299 | 158/2024 | 236/ 26.07.2025 | मीणा कुमारी, पिता–दवारिका रजक, पता–तरवन, पो0+थाना–वजिरगंज, जिला–गया | Passion Pro | 2015 | 07.10.2025 |
| 15 | Excise Sadar 805/24 19.08.2024 | Honda Shine Motorcycle, BR-02V-3009, Eng. No., JC36E77849145, Che. No. ME4JC36KHD7280671 | 159/2024 | 236/ 26.07.2025 | आनन्द किशोर, पिता–स्व0 वासुदेव विश्वकर्मा, ग्राम–नारायण गढ़, थाना–रामपुर, जिला–गया, | Honda Shine | 2013 | 07.10.2025 |
| 16 | Excise Sadar 712/24 23.07.2024 | TVS Motorcycle, BR-02AG-8719, Eng. No. OE4GG2018893, Che. No. MD634KE44G2G72114 | 160/2024 | 236/ 26.07.2025 | निर्मल कुमार सिंह, पिता–स्व0 राम बालक सिंह, ग्राम–LH7 Plan S.B.S.C. थाना–रामपुर, जिला–गया | TVS Apache | 2017 | 07.10.2025 |
| 17 | Excise Sadar 712/24 23.07.2024 | Bajaj Pletina Motorcycle, BR-26Q-2607, Eng. No. PFYRJF24826, Che. No. MD2A76AYZJRF53153 | 161/2024 | 236/ 26.07.2025 | धनंजय कुमार चौधरी, पिता–धर्मेन्द्र चौधरी, पता–वार्ड नं0–29, थाना–डिहरी, जिला–रोहतास | Pletina | 2018 | 07.10.2025 |
| 18 | Excise Sadar 1042/24 19.10.2024 | Pulser Motorcycle, BR-26W-7827, Eng. No. DHXPNF98498, Che. No. MD2B68BX2NPF46715 | 163/2024 | 236/ 26.07.2025 | मन्टु कुमार पासवान, पिता–रामलखन पासवान, ग्राम+पो0+थाना–अम्बा, जिला–औरंगाबाद, | Pulser 150 DTS-1 | 2023 | 07.10.2025 |
| 19 | Excise Sadar 1031/24 15.10.2024 | Splendor iYl Motorcycle, R-02AZ-3167, Eng. No. HA11EYLH101384, Che. No. MBLHAW123LHL83251 | 165/2024 | 236/ 26.07.2025 | देवन्ती देवी, पति–रामस्वरूप भुईया, ग्राम–विश्रामपुर, पो0–महहारी, थाना–इमामगंज, जिला–गया | Splendor Plus | 2020 | 07.10.2025 |
| 20 | Excise Sadar 841/24 28.08.2024 | Scooty BR-02BR-4529, Eng. No. BK4ER3401381, Che. No. MD626AK49R3E09070 | 166/2024 | 236/ 26.07.2025 | बासुदेव भारती, पिता–महेश्वर भारती, ग्राम–बघोता बिकोपी, पो0+थाना–काठी, जिला–गया | TVS Jupiter 125 | 2024 | 07.10.2025 |
| 21 | Excise Sadar 1164/24 19.11.2024 | Honda Shine Motorcycle, BR-01BU-8510, Eng. No. JC36E77786240, Che. No. ME4JC36KGD7264836 | 167/2024 | 236/ 26.07.2025 | कृष्णा देब कुमार, पिता–अम्बिका साव, पता–61KH मखनपुर, गुलजारबाग, पटना | Honda Shine | 2013 | 07.10.2025 |
| 22 | Excise Sadar 886/24 07.09.2024 | TVS Luna, BR-26R-0463, Eng. No. CP1CK2816599, Che. No. MD621WP13K323636 | 170/2024 | 236/ 26.07.2025 | सुरेश भुईया, ग्राम+पो0–कपसिया, जिला–औरंगाबाद | TVS Luna | 2019 | 07.10.2025 |
| 23 | Excise Sadar 1119/24 09.11.2024 | Passion Pro, Motorcycle, JH-02J-0213, Eng. No. 07E08M11566, Che. No. 07E09C25920 | 172/2024 | 236/ 26.07.2025 | विपिन कुमार, पिता–सुरेश सिंह, ग्राम–नगरयुवान खिजर सराय, गया | N/A | N/A | 07.10.2025 |
| 24 | Excise Sadar 1149/24 16.09.2024 | Splendor Motorcycle, BR-26W-7775, Eng. No. HA11EDNHM17413, Che. No. MBLHAW122NHMA0584 | 178/2024 | 236/ 26.07.2025 | समरूप यादव, पिता–चन्द्रा देव यादव, ग्राम–मुरगदा, पो0–नीमा आजन, थाना–मदनपुर, जिला–औरंगाबाद | Splendor Plus | 2023 | 07.10.2025 |
| 25 | Excise Sadar 1086/24 31.10.2024 | Motorcycle, JH-01U-5529, Eng. No. 07K15E60045, Che. No. 07K03F34598 | 180/2024 | 236/ 26.07.2025 | शत्रुधन कुमार तिवारी, पिता–मिथिलेश तिवारी, ग्राम–बिन्दुआबांध, पो0–इमानगढ़, थाना+जिला–गया | Splendor Plus | 2008 | 07.10.2025 |
| 26 | Excise Sadar 1096/24 02.11.2024 | Passion Pro Motorcycle, BR-26M-3967, Eng. No. HA10ACHHG02035, Che. No. MBLHAR186HHG5822 | 183/2024 | 236/ 26.07.2025 | पिन्टु कुमार, पिता–कृष्णा सिंह, ग्राम–अहियापुर, पो0–खुटहन, थाना–हसपुरा, जिला–औरंगाबाद | Passion Pro | 2017 | 07.10.2025 |
| 27 | Excise Sadar 845/24 28.08.2024 | Piagio Tempu, BR-26PA-5741, Eng. No. S9K9032758, Che. No. MBX0003BFXK946868 | 186/2024 | 236/ 26.07.2025 | संतोष कुमार, पिता–सीता प्रजापति, ग्राम–गोल्हा, पो0–सिंघना, थाना–ढ़िबरा, जिला–औरंगाबाद | Piagio Tempu | 2019 | 07.10.2025 |
| 28 | Excise Sadar 637/24 01.07.2024 | Motorcycle, BR-24J-4885, Eng. No. JBUBTB29162, Che. No. MD2DSPAZZTPB44502 | 124/2024 | 236/ 26.07.2025 | चन्द्रधन बिन्द, पिता–सिपाही बिन्द, ग्राम–सिधनपुर, थाना–शिवसागर, जिला–रोहतास | Discover | 2010 | 07.10.2025 |
| 29 | Excise Sadar 902/24 11.09.2024 | Tempu, BR-26K-0611, Eng. No. A5K0948323, Che. No. MC600AMC4L1527140 | 104/2024 | 236/ 26.07.2025 | जगदीश राम, पिता–मराछु भुईया, ग्राम–चिन्तावन कोथा, थाना–मदनपुर, जिला–औरंगाबाद | Atul Gem | 2015 | 07.10.2025 |
| 30 | Excise Sadar 655/24 05.07.2024 | Motorcycle, BR-26Y-3684, Eng. No. HA11E7PHKA7634, Che. No. MBLHAW229PHKD7434 | 111/2024 | 236/ 26.07.2025 | रमेश कुमार, पे0–कल्लू दास, ग्राम–गोपालपुर, पो0–कोना, थाना–रफीगंज, जिला–औरंगाबाद | Splendor Plus | 2023 | 07.10.2025 |
| 31 | Excise Sadar 648/24 04.07.2024 | Passion Pro Motorcycle, DN-09N-6899, Eng. No. HA10EVGHJ46870, Che. No. MBLHA10BSGHJ42260 | 140/2024 | 236/ 26.07.2025 | अषोक कुमार चौधरी | Passion Pro | 2016 | 07.10.2025 |
| 32 | Excise Sadar 797/24 17.08.2024 | Passion Pro Motorcycle, JH-09N-5391, Eng. No. HA10EDAGH12158, Che. No. MBLHA10AHAGH12217 | 154/2024 | 236/ 26.07.2025 | मंदीप कुमार | Passion Pro | 2010 | 07.10.2025 |
| 33 | Excise Sadar 211/2025 23.02.2025 | Discover Motorcycle Reg. No. BR26J-9276 Che. No. MD2A15BZ3GRB82046 Eng. No. JZZRGB99436 | 98/2025 | 406/ 26.07.2025 | रंग बहादुर सिंह, पिता– राजबली सिंह, सा0– अमौनी, पो0– सुन्दरगंज, थाना– रिसियप, जिला– औरंगाबाद बिहार, 822113 | Deiscover | 2016 | 07.10.2025 |
| 34 | Excise Sadar 207/2025 22.02.2025 | Bajaj Pulsar Reg. No. BR26Y-9485 Che. No. MD2B68BX5PP526995 Eng. No. DHXPPJ62800 | 100/2025 | 406/ 26.07.2025 | सुबोध राम, पिता– राम बिलास राम, सा0– कटकुर, कुटुम्बा, थाना– कुटुम्बा, जिला– औरंगाबाद, 824123 | Pulsar 125 | 2024 | 07.10.2025 |
| 35 | Excise Sadar 185/2025 17.02.2025 | Pulsar Motorcycle Reg. No. JH01DU-5987 Che. No. MD2B64BY2KRH10708 Eng. No. DHYRKH83555 | 106/2025 | 406/ 26.07.2025 | अनुज कुमार, पिता– शिवशंकर मिस्त्री, सा0– मंगला गौरी मोहल्ला नियर कामधेनु स्वीट्स, पो0– चान्द चौरा, जिला– गया, बिहार, 823001 | Pulsar 125 | 2020 | 07.10.2025 |
| 36 | Excise Sadar 284/2025 10.03.2025 | Passion Pro Motorcycle Reg. No. BR50C-9342 Che. No. MBLJA12ACEGG15989 Eng. No. JA12ABEGG19891 | 109/2025 | 406/ 26.07.2025 | प्रवीण कुमार, पिता– केदार नाथ राम, सा0– रोज गार्डेन, पो0– पटना, थाना– पटना, जिला– पटना, बिहार, 800013 | Passion Pro | 2015 | 07.10.2025 |
| 37 | Excise Sadar 186/2025 17.02.2025 | Apachi TVS Motorcycle Reg. No. BR26R-9402 Che. No. MD634CE41K2L08490 Eng. No. CE4LK2904484 | 110/2025 | 406/ 26.07.2025 | अमरदीप कुमार, अवदेश प्रसाद, सा0– चौरी, थाना– दाउदनगर, जिला– औरंगाबाद, बिहार, 824127 | Apachi | 2020 | 07.10.2025 |
| 38 | Excise Sadar 109/2023 25.04.2023 | Hero Passion Pro Motorcycle Reg. No. BR24N-2347 Che. No. MBLHA10AWDHG15324 Eng. No. HA10ENDHG29606 | 113/2025 | 406/ 26.07.2025 | सुरेन्द्र सिंह, पिता– जगदीश सिंह, सा0– नारायणपुर, पो0– चेनारी, थाना– चेनारी, जिला– रोहतास, बिहार, 821104 | N/A | N/A | 07.10.2025 |
| 39 | Excise Sadar 289/2025 11.03.2025 | Hero Splendor Motorcycle Reg. No. BR24W-8171 Che. No. MBLHAR080JHE45385 Eng. No. HA10AGJHEF3979 | 117/2025 | 406/ 26.07.2025 | कलेन्द्र कुमार, पिता– कपिलदेव यादव, सा0– कुरगेन,माली, थाना– माली, जिला– रोहतास, बिहार, 824102 | Splendor Plus | 2018 | 07.10.2025 |
| 40 | Excise Sadar 274/2025 08.03.2025 | Splendor Motorcycle Reg. No. BR26Z-7786 Che. No. MBLHAW225RHE76201 Eng. No. HA11E7RHE70251 | 119/2025 | 406/ 26.07.2025 | प्रेम कुमार, पिता– सुर्यदेव यादव, सा0– चाबुरा टोला नारायणपुर, पो0– कैथी, सदीपुर, थाना– ऑंती, जिला– गया, बिहार, 824207 | Splendor Plus | 2024 | 07.10.2025 |
| 41 | Excise Sadar 121/2025 11.02.2025 | Tempu Reg. No. BR26PA-1068 Che. No. MCS3EAP21JAK09847 Eng. No. A7J1130494 | 127/2025 | 406/ 26.07.2025 | उपेन्द्र पासवान, पिता– रामायण पासवान, सा0– गोठौली, पो0– सोन नगर, थाना– बारूण, जिला– औरंगाबाद, बिहार, 824101 | N/A | N/A | 07.10.2025 |
| 42 | Excise Sadar 330/2025 24.03.2025 | Passion Pro Motorcycle Reg. No. JH02Q-2119 Che. No. MBLHA10EWAGD16834 Eng. No. NA | 128/2025 | 406/ 26.07.2025 | बहुल ईमाम, पिता– अली ईमाम, सा0– खैरा, आदरचक, पो0– डुमरीया, जिला– गया, बिहार, 824214 | Passion Pro | 2010 | 07.10.2025 |
| 43 | Excise Sadar 278/2025 09.03.2025 | Glamour Motorcycle Reg. No. BR02AC-0257 Che. No. MBLJA06AMFGF14251 Eng. No. JA0GEGF37579 | 129/2025 | 406/ 26.07.2025 | अशोक कुमार दास, पिता– सुरेश दास, सा0– पनारी, पो0– बेलागंज, जिला– गया, बिहार, 824233 | Galemor | 2005 | 07.10.2025 |
| 44 | Excise Sadar 254/2025 04.03.2025 | Tempu Reg. No. BR24P-9660 Che. No. MCESRGNPBB1701582 Eng. No. R6M2847375 | 130/2025 | 406/ 26.07.2025 | उमलावती देवी, पति– कामेश्वर प्रसाद, सा0– डालमीया डेहरी ऑन सोन, पे0– डालमीया डेहरी ऑन सोन, थाना– डालमीया डेहरी ऑन सोन, जिला– रोहतास, बिहार, 821305 | N/A | N/A | 07.10.2025 |
| 45 | Excise Sadar 410/2025 14.04.2025 | Hero Splendor Motorcycle Reg. No. JH03AH-7846 Che. No. MBLHAW120MHJB6739 Eng. No. HA11EMHJ29536 | 138/2025 | 406/ 26.07.2025 | कामेश्वर पासवन, पिता– सुर्यदेव पासवान, सा0– देवरा, पो0– परता, थाना– औरंगाबाद, जिला– औरंगाबाद, बिहार, 824111 | Splendor Plus | 2022 | 07.10.2025 |
| 46 | Excise Sadar 427/2025 22.04.2025 | Platina Motorcycle Reg. No. BR26H-4394 Che. No. MD2DZZUPG91488 Eng. No. DZUBUG21554 | 139/2025 | 406/ 26.07.2025 | राजू कुमार शर्मा, पिता– शिव नारायण शर्मा, सा0– नरकपी, पो0– गरडीह, थाना– सलैया, जिला– औरंगाबाद, बिहार, 824101 | Platina | 2014 | 07.10.2025 |
| 47 | Excise Sadar 85/2025 21.01.2025 | T.V.S. Apachi Motorcycle Reg. No.- JH03AE6406, Che. No.- MD634AE89L2H16826, Eng. No.- AE8HL2215987 | 67/25 | 332/ 28.06.25 | गौरव पाण्डेय, पिता–धनन्जय पाण्डेय, ग्राम–बीराज बिगहा, पो0–देशपुर, थाना–अम्बा, पिन–824111 | Apachi RTR 160 | 2020 | 07.10.2025 |
| 48 | Excise Sadar 35/2025 09.01.2025 | E-Rikshaw Reg. No.- BR26ER0687, Che. No.- M5ECHAMNR21024282, Eng. No.- 019421 | 72/25 | 332/ 28.06.25 | मुकेश कुमार, पिता–योगेन्द्र राम, ग्राम–कुशही, पो0–मटपा, थाना–कुटुम्बा, जिला–औरंगाबाद, पिन–824111 | Saarthi | 2022 | 07.10.2025 |
| 49 | Excise Sadar 75/2025 19.01.2025 | Bajaj Platina Motorcycle, Reg. No.- BR01FJ5170, Che. No.- MD2B77AXXMRF62995, Eng. No.- PFXRMF42458 | 81/25 | 332/ 28.06.25 | नैनीश कुमार, पिता– पवन शर्मा, ग्राम– बैजलपुर, पो0–उपहारा, थाना–उपहारा, औरंगाबाद, पिन–824203 | Platina 110 | 2021 | 07.10.2025 |
| 50 | Excise Sadar 115/2025 30.01.2025 | Piagio Ape Tempu, Reg. No.- BR02PA5612, Che. No.- MBX0003BFVK538473, Eng. No.- S7K8767317 | 83/25 | 332/ 28.06.25 | चितरंजन सिंह, पिता– बिनोद सिंह, ग्राम–डोभी, थाना–डोभी, जिला–गया, पिन–824201 | APE | 2017 | 07.10.2025 |
| 51 | Excise Sadar 147/2025 07.02.2025 | Hero Splendor Plus Motorcycle, Reg. No.- JH01AZ0836, Che. No.- MBLHA10ALD9C02823, Eng. No.- HA10EJD9C07831 | 88/25 | 332/ 28.06.25 | रविन्द्र कुमार सिंह, पिता– रामजी सिंह, ग्राम– 17 जयहिन्द्र तेन्दुआ, पो0– जयहिन्द तेन्दुआ, थाना– नबीनगर, जिला–औरंगाबाद | Splendor Plus | 2013 | 07.10.2025 |
| 52 | Excise Sadar 1175/2024 22.11.2024 | Hero Glamour Motorcycle, Reg. No.- JH03AP1216, Che. No.- MBLJAW382RGB00856, Eng. No.- JA07AERGB00879 | 90/25 | 332/ 28.06.25 | ज्योति कुमारी, पिता– अशोक पासवान, ग्राम– अम्बा, पो0– अम्बा, थाना– अम्बा, जिला–औरंगाबाद, पिन–824111 | Glamour | 2024 | 07.10.2025 |
| 53 | Excise Sadar 1185/2024 18.11.2024 | Bajaj pulser 125cc motorcycle, Reg. No.- JH03AR9672, Che. No MD2B68BX3RPD02819, Eng. No.- DHXPRD66838 | 05/25. | 325/ 25.06.25 | अजीत कुमार, पिता–महावीर मेहता, ग्राम–बंशी बिगहा, पो0–मटपा, थाना–कुटुम्बा, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824111 | Pulser 125 | 2024 | 07.10.2025 |
| 54 | Excise Sadar 1250/2024 16.12.2024 | Hero Glamour motorcycle Reg. No.- BR26K7385, Che. No.- MBLJA06AMG9M00408 Eng. No.- JA06EJG9M00163 | 31/25 | 325/ 25.06.25 | गुड्डु चौधरी, पिता–सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी, ग्राम–तेजपुरा, पो0–तेजपुरा, थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद़, बिहार, पिन–824124 | Glamour | 2017 | 07.10.2025 |
| 55 | Excise Sadar 1290/2024 27.12.2024 | Ape Tempu, Reg. No.- BR26F4178, Che. No.- ZFPB661983, Eng. No.- R3A2279251 | 46/25 | 325/ 25.06.25 | संतोष कुमार सिंह, पिता–रघुपत सिंह, ग्राम–खाखरा, थाना–मुफ्फसिल, जिला–औरंगाबाद़, बिहार, पिन–824102 | APE | 2013 | 07.10.2025 |
| 56 | Excise Sadar 1307/2024 29.12.2024 | Hero Passion Pro Motorcycle, Reg. No.- BR02AE4800, Che. No.- MBLHA10BSGHE04962, Eng. No.- HA10EVGHE05155 | 51/25 | 325/ 25.06.25 | उमानाथ, पिता–दिलीप कुमार सिंह, ग्राम–देवरीया रूस्तम, थाना–फेसर, जिला–औरंगाबाद़, बिहार, पिन–824121 | Passion Pro | 2017 | 07.10.2025 |
| 57 | Excise Sadar 1230/2024 12.12.2024 | Pulsar Motorcycle, Reg. No.- BR26F8351, Che. No.- MD2A11CZ7DCB46821, Eng. No.- DHZCDB33273 | 53/25 | 325/ 25.06.25 | सुरेश यादव, पिता–रामविलास यादव, ग्राम–गजाधर बिगहा, थाना–औरंगबाद, जिला–औरंगाबाद़, बिहार, पिन–824102 | Pulser 150 | 2013 | 07.10.2025 |
| 58 | Excise Sadar 46/2025 12.01.2025 | Piaggio Tempu, Reg. No.- BR26F5816, Che. No.- ZFPC669133, Eng. No.- S3B8109982 | 59/25 | 325/ 25.06.25 | सुशील कुमार सिंह, पिता–स्व0 नागेन्द्र सिंह, ग्राम–पोईवां, थाना–औरंगाबाद, जिला–औरंगाबाद़, बिहार, पिन–824103 | APE | 2013 | 07.10.2025 |
| 59 | Excise Sadar 1207/2025 05.12.2024 | TVS XL 100, Reg. No.- BR26R8532, Che. No.- MD621HP10K1K08145 Eng. No.- CP1KK1407755 | 60/25 | 325/ 25.06.25 | उपेन्द्र राम, पिता–बसन्त राम, ग्राम–सिमरी, पो0–देशपुर, थाना–अम्बा, जिला–औरंगाबाद़, बिहार, पिन–824111 | TVS XL 100 | 2019 | 07.10.2025 |
| 60 | Excise Sadar 1210/2025 06.12.2024 | Bajaj Pulsar Motorcycle, Reg. No.- BR26G9076, Che. No.- MD2A11CZXECM44990, Eng. No.- DHZCEM22936 | 62/25 | 325/ 25.06.25 | सोनु कुमार, पिता–अशोक बैठा, ग्राम–अनकुपा, पो0–अनकुपा, थाना–कुटुम्बा, जिला–औरंगाबाद़, बिहार, पिन–824123 | Pulser 150 | 2014 | 07.10.2025 |
| 61 | Excise Sadar 713/24 | Tempu Reg no-BR26K5601Chassis no-MCG000GP4K1657372 Engine no-S6K8634303 | 64/24 | 121/ 23.06.25 | वाहन मालिक मनोज सिंह, पिता–रामविलास सिंह , ग्राम–कतेया, थाना–जम्होर, जिला–औरंगाबाद | Atul GEM | 2016 | 07.10.2025 |
| 62 | Excise Sadar 664/23 21.08.23 | Bajaj Pulsar Motorcycle, Reg. No.- BR26X9355 , Che. No. – MD2B54DX3PCA09581, Eng. No.- PDXCPA63480 | 270/23 | 348/ 02.07.25 | गणेश राजवंशी, पिता– मानकी राजवंशी, सा0– नवनेर, पो0– डिहरा, थाना– ओबरा, जिला– औरंगाबाद (बिहार) 824130 | Pulser | 2023 | 07.10.2025 |
| 63 | Excise Sadar 790/23 11.10.23 | Splendor Plus Motorcycle, Reg. No.- JH03AL3147 , Che. No. – MBLHAW236PHE86077, Eng. No.- HA11E8PHE46546 | 355/23 | 348/ 02.07.25 | राजन कुमार, पिता– देवदत राम, सा0– एरका बिगहा, पो0– अम्बा, थाना– कुटुम्बा, जिला– औरंगाबाद 824111 | Splendor Plus | 2023 | 07.10.2025 |
| 64 | Excise Sadar 784/23 09.10.23 | Pulsar Motorcycle, Reg. No.- BR26W5761 , Che. No. – MD2B64BX1NPG03849 Eng. No.- DHXPNG87075 | 377/23 | 348/ 02.07.25 | पंचम कुमार, पिता– कथरूआ वार्ड नं0– 01, पो0– औरंगाबाद, थाना– नगर, जिला– औरंगाबाद, बिहार 824101 | Pulser 125 | 2022 | 07.10.2025 |
| 65 | Excise Sadar 813/23 23.10.23 | Hero Glamour Motorcycle, Reg. No.- BR24Z0936 , Che. No. – MBLJAW106KGD27924 Eng. No.- JA06ERKGD28167 | 406/23 | 348/ 02.07.25 | भोला चौधरी, पिता– नेपाली चौधरी, सा0– केशव मार्केट भईया टोला, पो0– सोन नगर, थाना– बारूण, जिला– औरंगाबाद, बिहार 824112 | Glamour | 2019 | 07.10.2025 |
| 66 | Excise Sadar 374/24 26.04.24 | Bajaj Pulsar Motorcycle, Reg. No.- BR26S7713, Che. No. – MB2A11CX1LRB26421 Eng. No.- DHXRLD61250 | 163/24 | 348/ 02.07.25 | पवन कुमार, पिता– अर्जुन पासवान, सा0– न्यू डिलियां वार्ड नं0– 20, पो0– डेहरी, जिला– रोहतास, बिहार 821307 | Pulser 150 | 2020 | 07.10.2025 |
| 67 | Excise Sadar 493/24 23.05.24 | Atul Tempu, Reg. No.- BR26K2548, Che. No. – MCG000GP4B1635816 Eng. No.- A6B0971943 | 269/24 | 348/ 02.07.25 | शिवशंकर चौधरी, पिता– बंशी चौधरी, सा0– सैदपुर, नौगढ़, पो0– कुटुम्बा, थाना– कुटुम्बा, जिला– औरंगाबाद, बिहार 821307 | Atul GEM | 2016 | 07.10.2025 |
| 68 | Excise Sadar 265/24 24.03.24 | Hero Glamour Motorcycle, Reg. No.- BR02AK4100, Che. No. – MBLJAS011H9M00954 Eng. No.- JA06EGH9M00869 | 294/24 | 348/ 02.07.25 | श्रीराम कुमार, पिता– महेन्द्र यादव, सा0– महादेवा, पो0– तेजपुरा, थाना– ओबरा, जिला– औरंगाबाद, बिहार 824124 | Glamour FI | 2018 | 07.10.2025 |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**अधीक्षक मद्यनिषेध,**
**औरंगाबाद**

PR. No. 015879 (Excise) 25-26

**बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है। इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।**
**टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268**

# औरंगाबाद में 1 लाख 90 हजार महिलाओं को मिला रोजगार योजना का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत राज्य की 75 लाख महिलाओं के खातों में पहली किस्त के रूप में 10,000 रूपये की राशि अंतरित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। यह कार्यक्रम नगर भवन औरंगाबाद में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने की। औरंगाबाद जिले में क़रीब 1 लाख 90 हजार जीविका दीदियों को योजना का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा संबोधन जीविका दीदियों को सुनाया गया। प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं समाज के अहम अंग हैं, आप जननी हैं, आपके संस्कार पीढ़ी-दर-पीढ़ी समाज को आगे बढ़ाते हैं और यही कारण है कि यह सरकार महिलाओं के रोजगार एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि यह योजना महिलाओं को स्वावलंबी बनाने, उनके रोजगार के अवसर



बढ़ाने और उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आज आपको यह प्रथम किस्त 10,000 रूपये प्राप्त हुई है और जब आप अपने उद्यमों पर कार्य करेंगे तो आपके खाते में दो-दो लाख रूपये तक की सहायता राशि आएगी, जिससे आपका रोजगार और व्यवसाय और अधिक विकसित होगा। जीविका सरकारी बैंक द्वारा महिलाओं को ब्याज दर में सहायता प्रदान की जाएगी ताकि वे अपने प्रयासों को और आगे बढ़ा सकें। इसका लक्ष्य महिलाओं को लाखपति नहीं बल्कि करोड़पति बनाना है। प्रभारी मंत्री ने आगे कहा कि एनडीए की सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थानों में 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया, बेटियों को साइकिल देकर उनके आत्मविश्वास में वृद्धि की गई, ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार एवं आर्थिक सहायता प्रदान की गई और सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाकर वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगजनों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि आज बिहार में 22-23 घंटे बिजली उपलब्ध है, 125 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है । यह सभी कदम इस बात के प्रमाण हैं कि वर्तमान सरकार महिला सशक्तिकरण एवं समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। प्रभारी मंत्री ने अंत में कहा कि यह योजना केवल आज का उपहार नहीं है बल्कि महिलाओं के उज्जवल भविष्य की नींव है। उन्होंने सभी महिलाओं से अपील की कि इस राशि का सदुपयोग अपने जीवन, अपने परिवार और समाज को आगे बढ़ाने में करें। यह सरकार का दृढ़ विश्वास है कि महिलाओं के संकल्प और मेहनत से बिहार न केवल आत्मनिर्भर बनेगा बल्कि देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। समापन में उन्होंने नवरात्रि के पावन अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी और इस योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए महिलाओं का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह सहित जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही बड़ी संख्या में जीविका दीदी भी मौजूद रही।

## चोरी व वारंट मामले में चार गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** चोरी के आरोप में देवकुंड पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र देवकुंड निवासी सुरेश चंद्रवंशी के 20 वर्षीय पुत्र मनु कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि पिछले महीने देवकुंड बाजार से चोरी की घटना घटित हुई थी जिसमें यह नामजद अभियुक्त बनाया गया था और मामले में फरार चल रहा था। इसी क्रम में आज पकड़ा गया। मामले में पहले भी कुछ लोगों को जेल भेजा जा चुका है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपी को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायलय के निर्देश पर तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के दुलार बिगहा निवासी रणविजय सिंह, विजेंद्र कुमार एवं बंतारा गांव निवासी गिरिजा राजवंशी के रूप में की गई है।

## सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रिसियप थाना क्षेत्र के सड़सा गांव के पास एनएच 139 पर शुक्रवार को एक हाइवा की चपेट में आने से सड़सा निवासी कमलेश ठाकुर के इकलौते पुत्र 13 वर्षीय आयुष कुमार की मौत हो गई। वहीं इस दुर्घटना में उसकी छोटी बहन सलोनी कुमारी घायल हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों की चीख-पुकार शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि दोनों भाई-बहन ट्यूशन पढ़ने जा रहे थे तभी हाइवा ने टक्कर मार दी। इधर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। विदित हो कि एनएच 139 पर हाइवा के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं और उसमें किसी न किसी व्यक्ति की जान चली जा रही है। स्थानीय लोग और नेता इसे फोरलेन बनाने की मांग कई सालों से कर रहे हैं लेकिन सरकार का इस पर कोई ध्यान नहीं है।

## चार दिनों से लापता युवक का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** चार दिनों से लापता युवक का शव शुक्रवार को मदनपुर थाना क्षेत्र के मिश्र बिगहा स्थित एक कुआं से बरामद किया गया है। मृतक की पहचान उसी गांव निवासी महरूम मो. इबरत आलम के 25 वर्षीय पुत्र मो. रेयाज के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक 22 सितंबर की रात से युवक गायब था। इस दौरान परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन कही पता नहीं चला। आज स्थानीय लोगों की नजर कुआं में पड़ी तो युवक का शव देखा। मामले की सूचना परिजनों और पुलिस को दी। घटना की सूचना पर पहुंचे मदनपुर सीडीपीओ चंदन कुमार एवं थानाध्यक्ष राजेश ने मामले का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना को लेकर परिजनों ने युवक का गला दबा कर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हत्या कर साक्ष्य मिटाने के लिए हत्यारोपी ने शव कुआं में फ़ेक दिया। दो साल पहले मृतक के पिता सड़क दुर्घटना में जख्मी हुए थे जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा मृतक अत्यंत गरीब था। वह मुर्गियों का व्यवसाय करता था जिससे परिवार का भरण पोषण करता था। इस घटना से पीड़ित परिजनों में शोक व्यस्त है। सीडीपीओ ने बताया कि पिछले चार दिनों से युवक लापता था। आज कुआं से उसका शव बरामद किया गया गया है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। नवीनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर पांच स्थित गुरदी गांव के पास स्थित तालाब से 24 घंटे से लापता किशोर का शव पुलिस ने तालाब से बरामद किया है। मृतक की पहचान गुरदी गांव निवासी कृष्ण सिंह के बेटे 13 साल के प्रिंस कुमार के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि गुरुवार को स्कूल से आने के बाद खाना पीना खाकर गांव के बच्चों के साथ खेलने निकला था। लेकिन देर शाम तक लौटकर घर नहीं आया, तो परिजनों को उसकी चिंता हुई। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन कोई अता पता नहीं चला। दूसरे दिन ग्रामीण गांव से कुछ दूरी पर स्थित तालाब की ओर गए, तो वहां तालाब में उपलाते किशोर के शव को देखा।

## महादेवा लाल सर्राफ कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फार्मासिस्ट दिवस पर आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित महादेवा लाल श्रॉफ़ कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी और इंडियन फार्मासिस्ट ग्रेजुएट एसोसिएशन (आईपीजीए) बिहार ब्रांच के संयुक्त तत्वावधान में विश्व फार्मासिस्ट दिवस 2025 धूमधाम से मनाया गया। आयोजन महादेवा लाल सर्राफ के प्रांगण में हुआ, जिसमें उनके वंशज रश्मी चौधरी, राजीव सर्राफ और रीना मर्दा सहित आईपीजीए के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रश्मी चौधरी रहीं। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आईपीजीए बिहार ब्रांच से श्रीपति सिंह (जनरल सेक्रेटरी), विजय कुमार (इंटर्नल ऑडिटर), शशिकांत कुमार संजय (ट्रेजरर), सुधीर





कुमार सिंह सस्त्रधार (जॉइंट सेक्रेटरी सेंट्रल कमिटी), अशोक कुमार यादव (ईसी मेम्बर) और नवीन भारती (ईसी मेम्बर) शामिल हुए। साथ ही सावित्री मेमोरियल की चेयरपर्सन सरिता मॉम और कॉलेज के डायरेक्टर सह सेक्रेटरी डॉ. बी.के. सिंह भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों का स्वागत प्रतीक चिन्ह, शाल और फ्रूट बुके देकर किया गया। इस अवसर पर एम.एल. श्रॉफ़ स्कॉलरशिप के पांच विजेताओं को कुल 1,05,000 रुपये की राशि प्रदान की गई। आईपीजीए की ओर से छह मेधावी छात्रों को एप्रन देकर सम्मानित किया गया। परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी कॉलेज कैंपस में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कॉलेज स्टाफ और छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। आयोजन में फार्मेसी के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए वक्ताओं ने समाज के प्रति फार्मासिस्टों की जिम्मेदारी पर बल दिया और सभी को फार्मासिस्ट ओथ दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान रंगोली, साइंटिफिक पोस्टर प्रेजेंटेशन, क्विज, मॉडल प्रेजेंटेशन, निबंध लेखन, ओरल प्रेजेंटेशन, ड्राइंग और स्टेट लेवल रील मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को और आकर्षक बना दिया, जिसमें विद्यार्थियों ने बिहार की संस्कृति को नृत्य और संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। अंत में संस्था की चेयरपर्सन सरिता सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## केंद्रीय मंत्री से की अंडर पास बनाने की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नेशनल सीनियर सिटीज़न एसोशिएसन के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेयय एलोन ने केंद्रीय मंत्री (सड़क परिवहन एवं राजमार्ग) नितिन गडकरी को पत्र लिखकर औरंगाबाद जिला मुख्यालय से गुजरने वाले राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या-19 में औरंगाबाद शहरी क्षेत्र में अंडर पास निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने लिखे गए पत्र में कहा है कि अगरा (उत्तर प्रदेश) से प्रारंभ होकर डनकुनी (नियर कोलकता) पश्चिम बंगाल को जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 में बिहार का औरंगाबाद जिला समाहित है। उक्त पथ औरंगांबाद शहर के बीचो बीच गुजरता है। उक्त पथ पर शहर में लम्बी दूरी पर अंडर पास दिया गया है, जिससे शहर के लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। साथ ही लोग सड़क का अनाधिकृत रूप से आर-पार हो जाते है, जिससे दिन प्रतिदिन दुर्गधटना होते रहती है। उक्त पथ पर औरंगाबाद शहर में पत्येक किलोमीटर पर एक अंडर पास की आवश्यकता है। नजदीक अंडर पास नही रहने के कारण लोग जल्दीवाजी के चलते जगह-जगह अनाधिकृत रूप से आर-पार हो जाते है। इसलिए उन्होंने औरंगाबाद जिला मुख्यालय से गुजरने वाले राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या-19 में औरंगाबाद शहरी क्षेत्र में प्रत्येक किलोमीटर पर एक अंडर पास निर्माण कराने की माँग उठाई है।

## मतदान के लिए जीविका दीदियों को किया प्रेरित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2025 में मतदान करने हेतु नगर भवन में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित महिला रोजगार कार्यक्रम में उपस्थित जीविका दीदियों को प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम का विशेष उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी के प्रति व्यापक मतदान जागरूकता उत्पन्न करना था। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने संबोधन में बताया कि लोकतंत्र की मजबूती प्रत्येक नागरिक की सक्रिय मतदान भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि मतदान केवल एक कर्तव्य नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र की जड़ में निहित अधिकार और जिम्मेदारी है। आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2025 में प्रत्येक मतदाता का सहभागिता लोकतंत्र की सफलता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगा। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित जीविका दीदियों से मतदान शपथ ग्रहण कराई गई, जिसमें उन्होंने संकल्प लिया। ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित जीविका दीदियों को मतदान के महत्व, मतदाता बनने की प्रक्रिया, और निर्वाचन में भागीदारी के सामाजिक एवं लोकतांत्रिक प्रभाव के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था और जिम्मेदारी का प्रमाण है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण जयप्रकाश नारायण, एडीपीजीआरओ धर्मेंद्र कुमार, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क अधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी, वरीय उपसमाहर्ता बेबी प्रिया, सहायक आपदा पदाधिकारी अंतरा कुमारी सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी के साथ-साथ बड़ी संख्या में जीविका दीदियों उपस्थित रहे।

## गृह भेदन कांड का अभियुक्त गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने शुक्रवार को छापेमारी कर गृह भेदन कांड में शामिल एक शातिर अपराधी को चोरी के आभूषण के साथ मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पवई गांव से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नवीनगर निवासी प्रमोद मुसहर के पुत्र धनंजय मुसहर के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि सुचना के आधार पर छापेमारी में अभियुक्त को चोरी के दो सौ पचास ग्राम चांदी और पैंतीस ग्राम सोना के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर गृह भेदन एवं चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। आवश्यक कार्यवाही एवं पूछताछ करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

